# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 2 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-166 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों को पीएम की माफी की जरूरत नहीं: राहुल



**चेन्नई।** राहुल गांधी ने शनिवार को चेन्नई में स्टूडेंट्स और नीट में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजन से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- स्टूडेंट्स को पीएम की माफी की जरूरत नहीं, बल्कि उन्हें स्टूडेंट्स से माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने कहा, ह्यमाता-पिता को अपने बच्चे का शोक मनाते देखने से ज्यादा दर्दनाक कुछ नहीं हो सकता। नीट पेपर लीक के बाद न पीएम पीड़ित माता-पिता से मिले हैं और न ही किसी ऐसे छात्र के साथ बैठे हैं जिसका भविष्य पेपर लीक के कारण छिन गया। राहुल के इस बयान को पीएम मोदी के बच्चों को माफ करने के बयान के बाद आया है।

### CAA के एप्लिकेशन 6 महीने में क्लियर होंगे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य में नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के तहत सभी लंबित एप्लिकेशन का निपटारा अगले 6 महीने में हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, न कि किसी की नागरिकता छीनने के लिए। न्यू टाउन में आयोजित सीएए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शुभेंदु ने उत्तर 24 परगना के मतुआ समुदाय के करीब 300 लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिए। उन्होंने कहा कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को इस कानून के बारे में गुमराह किया था।

### वैशाली में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले में शनिवार सुबह एक पगडंडी को लेकर चल रहा पुराना विवाद में एक 70 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना जुदावानपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर पूर्वी पंचायत में की बताई जा रही है। मृतक की पहचान हरबांसु राय (70) के रूप में हुई है। इस घटना से गांव में तनाव फैल गया, जिसके चलते जुदावानपुर और राघोपुर थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमें मौके पर तैनात हो गई और स्थिति पर कड़ी नजर रखने लगीं।

### शोभा ओहटकर बनी बिहार कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन



**पटना।** बिहार कैडर के 1990 बैच की सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शोभा ओहटकर को 1 अगस्त 2026 को बिहार कर्मचारी चयन आयोग (इरउ) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है, जिसके तहत अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी को इस पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। शोभा ओहटकर की पहचान तेज-तर्रार और कड़क आइपीएस अधिकारी की रही है. वह इसी साल जून में डीजी होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवाएं के पद से सेवानिवृत्त हुई थीं।

### कुलगाम आतंकी हमले में दो मजदूरों की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार को आतंकी हमला हुआ. कुलगाम जिले में एक ईंट-भट्ठे पर हुए आतंकवादी हमले में दूसरे मजदूर की भी मौत हो गई. ये दोनों मजदूर छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे. एक मजदूर की मौत कल यानी शुक्रवार को ही हो गई थी. दूसरा मजदूर अस्पताल में जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहा था।

# कॉमनवेल्थ में 7 भारतीय मुक्केबाजों को गोल्ड, 3 को सिल्वर





## बिहार के सोमन ने पैरा शॉटपुट में गोल्ड दिलाया गुलवीर को 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज

**ग्लासगो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शनिवार रात बॉक्सिंग के अंतिम दो मुकाबलों में भारत ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल हासिल किया। अंकुश पंघाल (पुरुष 80 किग्रा वर्ग) ने 'गोल्डन पंच' लगाया, जबकि नरेंद्र (पुरुष 90+ किग्रा) को सिल्वर के साथ संतोष करना पड़ा। भारत ने बॉक्सिंग में कुल 10 मेडल के साथ अपने अभियान की समाप्ति की। इनमें 7 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल हैं। इसी के साथ भारत कुल 38 मेडल के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की मेडल टैली में चौथे स्थान पर है। देश की झोली में अब तक 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल आए हैं। पुरुष 80 किग्रा वर्ग में अंकुश पंघाल ने एसईसी हॉल-5 में लड़ी गई बाउट नंबर-186 में इंग्लैंड के डिमेजी शिट्टू को 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। पहले राउंड में इंग्लिश मुक्केबाज पूरी तरह से दबदबा बनाते नजर आए। राउंड की समाप्ति पर सभी पांच जजों ने अपना फैसला डिमेजी के पक्ष में दिया। इसके बाद अगले राउंड में अंकुश ने वापसी करते हुए तीन जजों से 10-10 अंक हासिल किए। अंतिम राउंड निर्णायक बन गया था। जिसमें अंकुश ने चार जजों से 10-10 अंक हासिल करते हुए खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। पुरुष 90+ किग्रा वर्ग में भारत के नरेंद्र को इंग्लैंड के डामर थॉमस के हाथों 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त झेलनी पड़ी। पहले राउंड को इंग्लिश मुक्केबाज ने 4-1 के अंतर से अपने नाम कर लिया था। अगले राउंड में थॉमस ने सभी पांच रेफरी से 10-10 अंक हासिल किए।

### पीएम मोदी ने मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार सफलता हासिल की है। अब तक इस प्रतियोगिता में भारत के लगभग 38 खिलाड़ियों ने मेडल हासिल कर लिए हैं और कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमाम खिलाड़ियों को शानदार जीत पर बधाई दी है।







# पाटलिपुत्र टाउनशिप का मास्टर प्लान तैयार, जमीन खरीद-बिक्री पर रोक हटी

## पटना की 81,730 एकड़ जमीन टाउनशिप के विशेष क्षेत्र के लिए चुनी गई

**पटना (एनएसबी)।** पटना शहर से सटे पुनपुन और नौबतपुर में विकसित की जाने वाली पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विशेष क्षेत्र के विकास का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने शनिवार को पाटलिपुत्र टाउनशिप के विशेष क्षेत्र के लिए विकास योजना 2047 के प्रारूप की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही इस टाउनशिप के विशेष क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर लगी रोक हटा दी गई है।

विभागीय मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बिहार शहरी आयोजना तथा विकास बोर्ड की 14वीं बैठक में इसका निर्णय लिया गया है। अधिसूचित प्रारूप का राजपत्र में प्रकाशन किया गया है, जिसके माध्यम से 60 दिनों की अवधि तक आमजन एवं संबंधित हितधारकों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर



नियमानुसार विचार करने के उपरांत विकास योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**पटना के नौ प्रखंड विशेष क्षेत्र में शामिल :** पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप को वर्ष 2047 को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार लैंड पूल पालिसी और लैंड री-एडजस्टमेंट (भूमि पुनर्व्यवस्थापन) की मदद से शहरी सुविधाएं विकसित करेगी। इसके लिए पटना की 81 हजार 730 एकड़ जमीन टाउनशिप के विशेष क्षेत्र के लिए चुनी गई है। इसमें पुनपुन और नौबतपुर नगर पंचायत के साथ 273 राजस्व ग्राम शामिल हैं। विशेष क्षेत्र में पटना के दायरे में पटना के नौ प्रखंड पुनपुन, फतुहा, संपतचक, धनरुआ, नौबतपुर, दनियावां, मसौढ़ी, पटना ग्रामीण और फुलवारीशरीफ आएगा। वहीं, टाउनशिप का कोर एरिया (मध्य का इलाका) करीब तीन हजार आठ एकड़ का होगा जिसके दायरे में 19 राजस्व ग्राम आएंगे।

### पटना रिंग रोड या एनएच-131जी से जुड़ेगा

पाटलिपुत्र टाउनशिप बिहटा-सरमेरा नेशनल हाईवे (एनएच-131जी) या पटना रिंग रोड से जुड़ा होगा। इससे टाउनशिप से पटना सिटी, बिहटा, फतुहा और आसपास के इलाकों तक पहुंचना आसान होगा। इसके अलावा आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे (एनएच-119डी) भी टाउनशिप से होकर गुजरेगा। इससे दक्षिण और उत्तर बिहार तक पहुंच आसान होगी। विशेष क्षेत्र के पास दानापुर रेलवे जंक्शन है। इसके अलावा तीन रेलवे स्टेशन और सात रेलवे हाल्ट भी इसके दायरे में हैं। जट डुमरी जंक्शन भी बनाए जाने का प्रस्ताव है। प्रारूप के अनुसार, फतुहा के जैतिया मौजा में करीब 103-105 एकड़ में मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क बनाए जाने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, मल्टीमाडल ट्रांसपोर्ट सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे व्यापार और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# घर खरीदारों के हितों को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता : सम्राट

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। सीएम ने रियल एस्टेट क्षेत्र में ईजी ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ घर खरीदारों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने रेरा की संस्थागत व्यवस्था एवं कार्य पद्धति की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रेरा की कार्यप्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसकी संस्थागत व्यवस्था पूरे देश में सबसे बेहतर है।

बैठक में सीएम ने कहा कि रेरा की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाया जाए। रियल एस्टेट परियोजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब को समाप्त करते हुए प्रमोटर्स एवं डेवलपर्स को नियमानुसार कार्य करने में सहूलियत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि रेरा की कार्यप्रणाली को राज्य सरकार के डैशबोर्ड एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि लंबित मामलों, उनके निष्पादन तथा अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके।



## रेरा की कार्यप्रणाली पारदर्शी, सरल और डिजिटल हो

### मेट्रो निर्माण के दौरान नेहरू पथ पर सुगम यातायात सुनिश्चित करें

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पथ निर्माण विभाग के कार्यों एवं प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में राजधानी में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के मद्देनजर नेहरू पथ (बेली रोड) पर यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाए रखने की व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल एवं पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर. पुडुकलकट्टी ने बताया कि नेहरू पथ पर 11 स्ट्रेच चिन्हित किए गए हैं।

# पूर्व मंत्री मंजू वर्मा और पति को 7 साल की जेल

**बेगूसराय (एनएसबी)।** कोर्ट से शनिवार को एक बड़ा फैसला सामने आया है. यह मामला बिहार की पूर्व समाज कल्याण मंत्री मंजू वर्मा से जुड़ा है। एमपी एमएलए कोर्ट ने मंजू वर्मा और उनके पति चंद्रशेखर वर्मा को दोषी ठहराया है. आर्म्स एक्ट के इस आठ साल पुराने केस में दोनों को सात-सात साल की सजा मिली है. स्पेशल जज एडीजे टू ब्रजेश कुमार सिंह ने यह फैसला सुनाया है. कोर्ट ने दोनों पर पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. जुर्माना नहीं देने पर उन्हें एक साल और जेल में बिताना होगा. फैसला आते ही पुलिस ने दोनों को कोर्ट रूम से ही अरेस्ट कर लिया. इसके बाद उन्हें बेगूसराय की मंडल जेल भेज दिया गया है. यह मामला मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की जांच के दौरान सामने आया था.साल 2018 में



## कोर्ट से ही हुए अरेस्ट

मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड बहुत चर्चा में था। इस केस की जांच सीबीआई कर रही थी. सीबीआई ने 17 अगस्त 2018 को मंजू वर्मा के बेगूसराय स्थित घर पर रेड की थी. यह घर श्रीपुर अर्जुन टोला में है. जांच टीम को घर के एक बंद कमरे में एक बॉक्स मिला. इस बॉक्स से कुल 50 अवैध गोलियां बरामद हुई थीं. इनमें अलग-अलग बोर की गोलियां शामिल थीं।

# मंत्री के सामने ही डाटा एंट्री ऑपरेटर ने मांगी 50 हजार की रिश्वत

## फोन पर सुनते ही डीडब्ल्यूओ को बोले-एक घंटे में सस्पेंड करो

**पटना (एनएसबी)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान की जन सुनवाई में शनिवार को भ्रष्टाचार का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने सबको हैरान कर दिया। सीतामढ़ी के एक व्यक्ति ने मंत्री के समक्ष आरोप लगाया कि एससी-एसटी अत्याचार अधिनियम के तहत मिलने वाली अनुदान राशि जारी करने के बदले उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत को मंत्री ने बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने फरियादी से कहा कि वह संबंधित डाटा एंट्री ऑपरेटर को तत्काल फोन लगाए। फरियादी कमलेश पासवान ने मंत्री के सामने ही कॉल किया। फोन उठाते ही डाटा एंट्री ऑपरेटर ने एक बार फिर 50 हजार रुपये की मांग दोहरा दी। यह बातचीत सुनकर वहां मौजूद अधिकारी



## जन सुनवाई में आए भ्रष्टाचार के मामले ने किया सबको हैरान

और अन्य लोग भी स्तब्ध रह गए।

**विभाग में मचा हड़कंप :** मंत्री के सामने ही कथित रूप से रिश्वत मांगने का मामला सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने फरियादी कमलेश पासवान को भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई होगी और यदि वह योजना का पात्र लाभुक है तो उसे बिना किसी बाधा के नियमानुसार अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आरोपित डाटा एंट्री ऑपरेटर चंदन कुमार की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### एससी-एसटी अनुदान के बदले मांगी रिश्वत

फोन पर रिश्वत मांगने की बात सामने आने के बाद मंत्री लखेंद्र पासवान ने तत्काल सीतामढ़ी के जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्ल्यूओ) को फोन लगाया। उन्होंने पूछा, चंदन कुमार कौन है? इस पर अधिकारी ने बताया कि वह विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है। मंत्री ने अधिकारी से कहा, अभी इसकी रिकॉर्डिंग मेरे सामने हुई है। एससी-एसटी केस संख्या 129/26 में अनुदान राशि दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। इसे तुरंत सस्पेंड कीजिए। अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तो मंत्री ने सख्त लहजे में कहा, एक घंटे के भीतर इसे निलंबित कर कार्रवाई करें। इसके बाद आपके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बना : पीएम

## कहा-देश के युवाओं ने एआई, सेमीकंडक्टर और टेक में अपना अहम योगदान दिया

**अमरावती/ मैसूर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के भोगापुरम में अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और 17,900 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और अन्य नेता मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे, लेकिन हमारी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया।ह्लहमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम



पर रखा। अमरावती के एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा है। पीएम ने कहा- आज चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में एनडीए की पूरी टीम आंध्र प्रदेश के लिए डबल स्पीड से काम कर रही है।आंध्रप्रदेश में करीब 1 लाख करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राज्य के पूरे रेल नेटवर्क का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। यहां 70 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री कर्नाटक के मैसूरु गए। यहां उन्होंने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र, 'विवेक स्मारक' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। पीएम मोदी ने मैसूर में कहा कि कुछ देर पहले मैं उस भवन में भी गया था जहां स्वामी विवेकानंद जी ने समय बिताया था। आज हम उनकी परंपरा को विस्तार दे रहे हैं। व्यक्ति से विभूति का निर्माण एक दिन में नहीं होता। इसके लिए अनगिनत योगदान देना होता है। लेकिन तप के समय महान विभूति को पहचानना अहम है। मोदी ने कहा कि भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। ये भारत के युवाओं की वजह से ही हुआ है।

# BPSSC हवलदार भर्ती पेपर लीक में बड़ी कार्रवाई, 3 लोग गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)** । BPSSC हवलदार भर्ती पेपर लीक मामले में एडवे ने बड़ी कार्रवाई की है. हवलदार अनुदेशक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हुई थी. पेपर लीक के तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। आरोपियों के मोबाइल फोन से लीक के कई सबूत बरामद किए गए हैं। यह मामला आर्थिक अपराध थाना काण्ड संख्या-16/2026, दिनांक-30.07.2026 से संबंधित है. इसमें धारा-10/11 (1) बिहार लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 दर्ज है. यह पूरा प्रकरण बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित की गई गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग के अधिनायक



अनुदेशक यानी हवलदार अनुदेशक प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने से पूरी तरह जुड़ा हुआ एक बेहद गंभीर आपराधिक कांड है.इस कांड में आर्थिक अपराध इकाई द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पटना के विक्रम थाना क्षेत्र के राज समदर्शी उर्फ राजा (25) और सैदपुर रजौली हाजीपुर वैशाली के अभिषेक कुमार (21) को दबोचा गया।

# नाटक 'ऑपरेशन सिंदूर : द राइटियस स्ट्रैटेजी' के माध्यम से दिया राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राजधानी पटना के प्रेमचंद रंगशाला में शनिवार को गुलमोहर मैत्री द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति **'ऑपरेशन सिंदूर : द राइटियस स्ट्रैटेजी'** का सफल मंचन किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, शौर्य, बलिदान और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति उनके समर्पण को केंद्र में रखकर तैयार इस प्रस्तुति ने दर्शकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना का संचार किया।

कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, श्रीमती मंजू सिन्हा, सहजानंद सिंह, विमल कुमार जैन, सत्यजीत कुमार सिंह तथा रियर एडमिरल (सेवानिवृत्त) सतीश शेनय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

> भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को समर्पित रही प्रस्तुति
>
> प्रभावशाली अभिनय, संगीत एवं आधुनिक मंचीय तकनीकों के माध्यम से दिया गया राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश



कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार एवं पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता की रही उपस्थिति।



'प्रेमचंद रंगशाला में 'ऑपरेशन सिंदूर द राइटियस स्ट्रैटेजी' नाट्य प्रस्तुति का मंचन'।

नाट्य प्रस्तुति 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत के साहस, अदम्य संकल्प और राष्ट्रीय चेतना को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति में भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण के साथ सैनिकों एवं उनके परिवारों के त्याग और भावनात्मक पक्ष को भी प्रमुखता से उभारा गया।

नाटक में राष्ट्रीय गौरव, साहस, बलिदान एवं सैन्य सम्मान जैसे विषयों के साथ तीनों सेनाओं की संयुक्त क्षमता एवं रणनीतिक दृढ़ संकल्प को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति ने दर्शकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, बलिदान, धैर्य और राष्ट्रीय संकल्प जैसे मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया।

लगभग 70 मिनट की इस बहुआयामी रंगमंचीय प्रस्तुति में प्रभावशाली अभिनय, नृत्य-रचना, संगीत, मल्टीमीडिया एवं आधुनिक मंचीय तकनीकों का समन्वय देखने को मिला। इन सभी तत्वों के माध्यम से दर्शकों के समक्ष एक भावनात्मक, प्रेरणादायी एवं प्रभावशाली रंगमंचीय अनुभव प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रस्तुति एवं कलाकारों के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक भी प्रेमचंद रंगशाला में उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ नाट्य प्रस्तुति का आनंद लिया।

भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित यह आयोजन दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा।

'ऑपरेशन सिंदूर : द राइटियस स्ट्रैटेजी' के मंचन ने कला एवं रंगमंच के माध्यम से देश के वीर सैनिकों के साहस और बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पण का सशक्त संदेश दिया।

## खबरें खास-खास

### श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आज होगा भव्य अभिनंदन समारोह : केदार गुप्ता


**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के गांधी मैदान स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल का जायजा राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने लिया। मंत्री श्री गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं महाऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने जायजा लेने के उपरांत बताया की आहूत आयोजित 2 अगस्त 2026, दिन रविवार को प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के भव्य अभिनंदन समारोह की जायेगी एवं इसकी सभी तैयारियों पूरी कर लिया गया है। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बिहार सरकार के सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन पूरे होने के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित की गई है । इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर वे बिहार के सभी जिले व प्रखंड क्षेत्रों का भी लगातार सघन दौरा किये थे । जनसंपर्क अभियान चलाकर व फेसबुक पेज के माध्यम से भी लोगों को इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपील किए थे। उन्होंने बताया कि बिहार के सभी जिले के कोने-कोने से लोगों की भागीदारी इस कार्यक्रम में होगी और यह कार्यक्रम ऐतिहासिक ही नहीं बल्कि महाऐतिहासिक होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, मुजफ्फरपुर जिले के युवा सामाजिक कार्यकर्ता ष्ण मुरारी मुरली गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई है।



पटना के गांधी मैदान स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य अभिनंदन समारोह की तैयारियों की जायजा लेने उपरांत जानकारी देते पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता।

### वैशाली सांसद वीणा देवी ने माँ बगलामुखी जी एवं माँ धूमावती जी के दिव्य एवं अलौकिक दर्शन कर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली सांसद वीणा देवी व मुजफ्फरपुर के विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्र सह मुजफ्फरपुर जिले के युवा उधोगपति शुभम सिंह ने मध्य प्रदेश के दतिया में प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री पीतांबरा पीठ में माँ बगलामुखी जी एवं माँ धूमावती जी के दिव्य एवं अलौकिक दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत वैशाली सांसद वीणा देवी व विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्र सह मुजफ्फरपुर जिले के युवा उधोगपति शुभम सिंह ने मंदिर परिसर में विराजमान महाभारत कालीन ऐतिहासिक वनखंडेश्वर महादेव जी का जलाभिषेक कर भगवान शिव जी का आशीर्वाद प्राप्त की साथ ही माँ भगवती जी एवं भगवान महादेव जी से देशवासियों , समस्त बिहार वासियों, वैशाली संसदीय क्षेत्र के वासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं आरोग्य जीवन की मंगलकामना की।



वैशाली सांसद वीणा देवी ने माँ बगलामुखी जी एवं माँ धूमावती जी के दिव्य एवं अलौकिक दर्शन कर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना।

### बरसात में बुडको द्वारा 9 नये ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन (डीपीएस) हो रहे संचालित, पटना सहित आसपास के वार्डो को जलजमाव से राहत

#### करबिगहिया, कंकड़बाग, राजीव नगर सहित कई इलाकों में घटी जल निकासी की अवधि, न्यूनतम समय में हो रही जलनिकासी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बरसात के दौरान शहर में जलनिकासी न्यूनतम समय में हो रही है। 'बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (बुडको) द्वारा पटना एवं आसपास के क्षेत्र में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के निर्माण एवं संचालन किया जा रहा है। बुडको द्वारा इस मनसून में अब तक 09 ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों का निर्माण पूर्ण कर उन्हें सफलतापूर्वक संचालन' में लाया जा चुका है। इन 09 डीपीएस के परिचालन से पटना नगर निगम के 10 से अधिक वार्डो में जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जिसमें 'पटना के प्रमुख करबिगहिया, खासमहल, राम नगर, चाँदमारी रोड, अशोक नगर, पोस्टल पार्क, कंकड़बाग, हनुमान नगर, बहादुरपुर, बाजार समिति, महावीर कलोनी, साकेतपुरी, नेपाली नगर, बूढ़ा रोड, गंगा नगर एवं रामनगरी आदि शामिल है। इसके साथ ही डीपीएस के चालू होने पर 'दानापुर, फुलवारी शरीफ, कादपुर, कर्मलीचक, मालसलामी, दीप नगर, बैंक कलोनी सहित अन्य क्षेत्रों को जलजमाव से स्थायी राहत मिल रही।' इससे अस्पतालों, विद्यालयों एवं संस्थागत भवनों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होगी तथा अतिवृष्टि की स्थिति में भी शहरी गतिविधियां बाधित नहीं होंगी। 'बुडको प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने सभी इन डीपीएस पर पदस्थापित पदाधिकारियों को अलर्ट रहने एवं ससमय एवं त्वरित जल निकासी सुनिश्चित कर शहरी क्षेत्रों में जलभराव को न्यूनतम करने का निर्देश दिया।'

### हड़ताल के दौरान सफाई व्यवस्था प्रभावित करने पर आउटसोर्सिंग एजेंसियों पर 22.65 करोड़ की पेनाल्टी

#### आकस्मिक कार्यो के लिए 7. 5 लाख रुपये आवंटित, प्रति वार्ड 20 सफाई कर्मी की व्यवस्था के निर्देश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम ने गुरुवार एवं शुक्रवार को सफाई कार्यो में तैनात आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा पर्याप्त मानवबल एवं चालकों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं किए जाने को गंभीर अनुबंध उल्लंघन मानते हुए संबंधित एजेंसियों पर कुल 22.65 करोड़ की पेनाल्टी लगाई है। साथ ही सभी एजेंसियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण की मांग की है। पटना नगर निगम द्वारा सभी आउटसोर्सिंग एजेंसियों को लिखित एवं मौखिक रूप से निर्देशित किया गया था कि सफाई कर्मी संघ की हड़ताल में एजेंसी अथवा उसके कर्मचारी किसी भी प्रकार से संलिप्त नहीं होंगे तथा वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों एवं चालकों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बाधित न हो। इसके बावजूद गुरुवार एवं शुक्रवार को विभिन्न एजेंसियों द्वारा मानवबल एवं चालकों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। इसे निगम के निर्देशों एवं निष्पादित एकरारनामे की शर्तो का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए संबंधित एजेंसियों पर अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप आर्थिक दंड लगाया गया है। नगर निगम ने सभी संबंधित एजेंसियों को एक दिन के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। यदि प्राप्त उत्तर असंतोषजनक पाया जाता है तो संबंधित एजेंसियों के साथ किए गए अनुबंध को समाप्त करने तथा उन्हें काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में शामिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

### पटना नगर निगम कर्मी तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम कर्मी तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे। विदित हो कि अपनी तीन सूत्री माँग को लेकर पटना नगर निगम के कर्मी हड़ताल पर है। पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के बैनर तले कर्मियों ने नगर निगम मुख्यालय मौर्य लोक पर प्रदर्शन और सभा किया। सभा को संबोधित करते हुए समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि नगर आयुक्त कहते हैं कि हमारे स्तर का जो मामला है हम उसपर वार्ता करने को तैयार हैं। कोषाध्यक्ष नीरज कुमार वर्मा ने कहा कि प्रशासन जितना हड़ताल को बाधित का काम करेगा हड़ताल उतना ही मजबूत होगा। सभा को बबन पासवान, सुरज राम, नीतीश कुमार, सहदेव पासवान, निखत खातून, मुकेश ठाकुर, नितेश पांडेय, प्रभात कुमार, गौतम कुमार, सुरज पासवान, बनारसी मांझी आदि ने संबोधित किया। प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हड़ताल मुक्कमल है कुछ कर्मियों को धमकी दिया गया कि हटा दिए जाओगे तो हमारे उन कर्मियों ने प्रशासन साफ जवाब दे दिया कि जो करना है कीजिए हम हड़ताल में है और हड़ताल में ही रहेंगे।

## खबरें : एक नजर में

### सरकार सफाई कर्मियों को समान काम का समान वेतन लागू करें : भाई अरुण

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण झुग्गी झोपड़ी स्वच्छ कर श्रमिक प्रकोष्ठ के परदेस प्रधान महासचिव पिंटू राम भंगी एवं जिला परिषद सदस्य दीपक मांझी ने पूरे बिहार में नगर निगम एवं नगर पालिकाओं में सफाई मजदूर कर्मचारी की हड़ताल पर चिंता प्रकट की है । कहा की सफाई कर्मचारी और मजदूरों का दोहन ठेकेदारों के द्वारा किया जाता है उसे उचित मजदूरी नहीं मिल पाती । ना ही किसी प्रकार की सरकारी सुविधा मिल पाती है । वे बंधुआ मजदूर की तरह काम करते हैं । सरकार को इन मजदूरों का समान काम के बदले समान वेतन देने का निर्णय लेना चाहिए। ठेकेदारी प्रथा समाप्त होनी चाहिए । जिससे कि इन मजदूर वर्गो का जो दोहन हो रहा है । वह समाप्त हो सके । इन वर्गो का उचित मजदूरी नहीं मिलने के कारण यह लोग सामाजिक शैक्षणिक रूप से बहुत ही पीछे चले गए हैं । इनको देखने वाला कोई दलित नेता भी नहीं है । सरकार चाहे तो इन लोगों का सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान कर सकती है । आर्थिक स्थान के लिए सारे सफाई कर्मियों को सरकारी नौकरी का दर्जा दिया जाना चाहिए। इन नेताओं ने सरकार से मांग किया है की ठेकेदारी प्रथा एवं आउटसोर्सिंग को समाप्त किया जाए। सफाई कर्मचारियों की अस्थाई नियुक्ति किया जाए । कर्मचारियों को एसीपी लाभ एवं एरियल का भुगतान किया जाए जिससे कि उनका जीवन अवसर में सुधार हो सके।



भाई अरुण।

### स्कूटी से करता था नशीली दवाओं की आपूर्ति पुलिस ने माल समेत दबोचा

**पटना/ एनएसबी।** पुलिस ने प्रतिबंधित कोडीन सिरप और इंजेक्शन के अलावा ड्रग्स के साथ एक को दबोचा है। डीएसपी पटना सिटी राजकिशोर सिंह ने मामले की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक सुलतानगंज थाना के अंतर्गत गुलबी घाट शमशान गली के पास से स्कूटी में कोडिन युक्त सीरप सहित अभियुक्त आदित्य कुमार उर्फ दिलीप कुमार निवासी हाजीगंज थाना चौक जिला पटना वर्तमान पता खानमिर्जा थाना सुलतानगंज जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। एवं इनके निशानदेही पर छापामारी कर इनके किराये के मकान से नशीली इंजेक्शन एवं कोडिन युक्त सीरप की बरामी की गयी इस संबंध में सुलतानगंज थाना कांड दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को संदिग्ध अवस्था में स्कूटी सहित 01 व्यक्ति को कोडिन के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके निशानदेही पर छापामारी कर खानमिर्जा स्थित इनके किराये के मकान से नशीली इंजेक्शन व कोडिन युक्त सीरप की बरामी की गयी। इसका आपराधिक इतिहास भी मिला है। पुलिस ने ड्रग्स के अलावा नकद 9945 रुपया भी बरामद किया है।

### दो स्कूली बच्ची को जबरन ले जा रहा था ई रिक्शा चालक ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने बचाया, चालक को दीघा पुलिस के हवाले किया

**पटना/ एनएसबी।** पटना यातायात पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई। दीघा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ई-रिक्शा (ऑटो) चालक द्वारा दो मासूम बच्चों को जबरन ऑटो में बैठाने का प्रयास किया गया। बच्चों के शोर मचाने पर आरोपी चालक वहां से भागने लगा। रोते हुए बच्चे तुरंत पास में तैनात यातायात पुलिसकर्मियों के पास पहुंचे और भाग रहे ऑटो चालक की पहचान कराई। यातायात पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए भाग रहे ऑटो चालक को खदेड़ कर पकड़ लिया और यातायात बूथ पर सुरक्षित बैठाया। बच्चों के आई-कार्ड की मदद से तुरंत उनके परिजनों को सूचित कर बुलाया गया। घटना की सूचना दीघा थाना को दी गई तथा डायल-112 की टीम को मौके पर बुलाकर बच्चों और आरोपी चालक को अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु दीघा थाना के सुपुर्द कर दिया गया।

### मंत्री रमा निषाद ने विभागीय प्रदर्शनी शिविर का किया उद्घाटन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सावन माह में बाबा धाम जाने वाले कांवरियों एवं आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। विभाग की मंत्री श्रीमती रमा निषाद ने शनिवार को कुढ़नी प्रखंड की चंद्रहटी पंचायत स्थित बायपास के समीप भूपनारायण इंटर कलेज परिसर में विभागीय प्रदर्शनी शिविर सह कांवरिया एवं श्रद्धालु विश्राम शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री रमा निषाद ने कहा कि बिहार सरकार पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से आमजन को छात्रवृत्ति, छात्रावास, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

### पूरी सजगता एवं सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** चेहल्लुम के अवसर पर प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी सजगता एवं सतर्कता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। संबंधित थानाध्यक्ष शांति समिति की बैठक कर लें एवं स्थानीय लोगों के साथ निरंतर संवाद कायम रखें। उक्त बातें जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने चेहल्लुम पर्व के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो भी जुलूस निकाले जायें उन्हें विधिवत लाईसेंस प्राप्त हो। जुलूस के मार्ग का पहले से ही भौतिक सत्यापन करा लिया जाये। विद्युत विभाग को जुलूस के रास्ते में बिजली के तारों को ठीक कर लेने को कहा गया। जुलूस के मार्ग में यदि पेड़ों की टहनियों को कांटने-छांटने की आवश्यकता हो तो वह भी ससमय कर लेने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि जुलूस की पूरी वीडियोग्राफी अवश्य की जाये। ड्रोन से भी वीडियोग्राफी करायें। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान कोई ऐसी गतिविधि न हो जिनसे किसी की भावना आहत होती हो। साईबर सेल को सोशल मीडिया पर भी निरंतर निगरानी रखने एवं किसी तरह की अफवाह फैलाने वाले पर कठोर कार्रवाई का निदेश दिया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के़ शर्मा ने संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी जुलूस के साथ-साथ रहें। संबंधित थानाध्यक्ष जुलूस के प्रारंभ होने के स्थल से जुलूस की समाप्ति स्थल तक साथ-साथ जायें।

## खादी संस्थाओं एवं समितियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री खादी ग्रामोद्योग योजना की प्रगति एवं रोडमैप पर हुई चर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभागार में शनिवार को राज्य की सभी खादी संस्थाओं एवं समितियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डा. विद्यानंद सिंह, निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री खादी ग्रामोद्योग योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा, योजना की उपलब्धियों का आकलन, आगामी कार्ययोजना (रोडमैप) पर विचार-विमर्श तथा खादी संस्थाओं के समक्ष आने वाली समस्याओं का समाधान तलाशना था। इस दौरान राज्यभर से आए प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा कीं, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डा. विद्यानंद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री खादी ग्रामोद्योग योजना राज्य में खादी एवं ग्रामोद्योग को नई दिशा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता सभी खादी संस्थाओं, बुनकरों, कतिनों एवं बोर्ड के संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करती है।

उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा, हम सभी मिलकर खादी को नई उंचाइयों तक पहुंचाएंगे। खादी संस्थाओं की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। आइए, हम सब मिलकर बिहार के बुनकरों और कतिनों को सशक्त बनाएं तथा आत्मनिर्भर और समृद्ध बिहार के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।



राज्य की सभी खादी संस्थाओं एवं समितियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक।

बैठक में खादी संस्थाओं की गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के प्रभावी संचालन, आपसी समन्वय को और मजबूत बनाने तथा राज्य में खादी के विकास को नई गति प्रदान करने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं राज्यभर की खादी संस्थाओं एवं समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाल हृदय योजना के तहत 2 अगस्त को विशेष जांच शिविर, 34 जिलों के 280 बच्चों की होगी जांच

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी बाल हृदय योजना के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर बेहतर एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में 2 अगस्त 2026 को जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल, पटना में एक दिवसीय विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में राज्य के 34 जिलों से चयनित 280 बच्चों का इको एवं ईसीजी परीक्षण किया जाएगा।

इन सभी बच्चों की पहचान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलास्तर पर आयोजित स्क्रीनिंग अभियान के दौरान की गई है। प्रारंभिक जांच में जन्मजात हृदय रोग की आशंका पाए जाने के बाद इन्हें विशेषज्ञ जांच के लिए इस शिविर में बुलाया गया है। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत यह निर्धारित किया जाएगा कि संबंधित बच्चों का उपचार दवाओं से संभव है अथवा उन्हें सर्जरी अथवा अन्य विशेष उपचार की आवश्यकता है। चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर प्रत्येक बच्चे के उपचार की समुचित एवं निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

बिहार सरकार की बाल हृदय योजना के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को लाभ प्रदान किया जाता है, जो जन्मजात हृदय रोग, विशेषकर हृदय में छेद जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। योजना के तहत बच्चों की जांच, सर्जरी, उपचार, विशेषज्ञ परामर्श, दवाएं तथा उपचार से संबंधित अन्य आवश्यक सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है कि अब तक 3,165 बच्चों का सफलतापूर्वक निःशुल्क उपचार कराया जा चुका है। इनमें श्री सत्य साई हार्ट हस्पिटल, अहमदाबाद में 1,869, आईजीआईसी, पटना में 499, आईजीआईएमएस, पटना में 223 तथा जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हस्पिटल, पटना में 574 बच्चों का सफल उपचार किया गया है। यह उपलब्धि बिहार सरकार की बाल स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सतत प्रयासों का प्रमाण है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि बिहार सरकार प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल हृदय योजना ने हजारों बच्चों को नया जीवन और उनके परिवारों को नई उम्मीद दी है। सरकार का लक्ष्य है कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे।

## हत्या के विरोध में रोड पर लाश रखकर की गिरफ्तारी की मांग

**पटना/ एनएसबी।** दीघा थाना क्षेत्र के कुर्जी 95 गेट के पास शुक्रवार की रात दुकानदार सुरेंद्र साहू की हत्या हुई थी। जिसके बाद विरोध में शनिवार को दीघा इलाके के गेट नंबर 95 के पास लाश को रखकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने परिजन के साथ मिलकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बाद लोग शांत हुए और सड़क जाम हटा। परिजन गिरफ्तारी का आश्वासन चाह रहे थे। उन्हें पुलिस की ओर से भरोसा दिया गया है कि बहुत जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। बदमाशों की पहचान हो गई है। उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी हो रही है। जैसा कि पता है कि दीघा थाना क्षेत्र के गेट नंबर 95 के पास बदमाशों ने शुक्रवार की देर शाम एक दुकानदार को गोली मार दी। उनको गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुरेंद्र साहू अपनी दुकान पर गैस रिफिलिंग कर रहे थे। इसी बीच बाइक से बदमाश आए और गोली चलानी शुरू कर दी। सुरेंद्र साहू को पेट में गोली लगी थी। गोली मारने के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सुरेंद्र साहू को पास के निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया था। पुलिस मामले को भूमि विवाद के रंजिश में हत्या का बता रही है। चौबीस घंटे बाद भी इस मामले में किसी भी आरोपित या संदेही को नहीं दबोच सकी है।

## हरियाणा में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के संगठन विस्तार से एनडीए होगा और सशक्त : उपमा कपूर

**सोनीपत (हरियाणा)/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उपमा कपूर ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में बूथ स्तर पर मजबूती से काम करेगी और सामाजिक न्याय के संकल्प को आगे बढ़ाएगी । उन्होंने कहा कि हरियाणा की छह जिलों में अपनी पार्टी की इकाइयों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि सोनीपत, पानीपत, करनाल, यमुनानगर व रोहतक जैसे जिलों में इकाइयों का गठन करने के साथ अब जल्द ही दूसरे जिलें में भी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय स्तर और बिहार में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए ) की साझीदार व सहयोगी उनकी पार्टी के हरियाणा प्रदेश में विस्तार होने से एनडीए को मजबूती मिलेगी। वे सोनीपत के सेक्टर-15 में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

उपमा कपूर ने कहा हमारी पार्टी ने पिछले दिनों अपना 11वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया है, जिसमें कार्यकर्ताओं ने दलितों और पिछड़ों के अधिकारों के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन हरियाणा का दौरा कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएंगे।



कार्यकर्ता सम्मेलन में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उपमा कपूर व अन्य।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी के साथ हरियाणा व सोनीपत के विकास को लेकर भी वे मजबूती से चर्चा करेंगी। उन्होंने कहा कि इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी पूरा सहयोग लेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सूक्ष्म और लघु उद्यमों को तमाम तरह की सुविधाएं देने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। उनका पूरा प्रयास होगा कि एमएसएमई से संबंधित योजनाओं का पूरा लाभ हरियाणा की जनता को भी मिले ।

> हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने किया हरियाणा के छह जिलों में संगठन का विस्तार, जिला इकाइयों का गठन

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश स्तर एक टीम का गठन कर रही है जो एमएसएमई से संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी । एक सवाल के जवाब में उन्होंने का कहा कि हरियाणा में रहने वाले पूर्वांचल समाज के लोगों का भी जबरदस्त समर्थन उनकी पार्टी को मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर किसानों के साथ ही महिलाओं व युवाओं का भी पूरा सहयोग व समर्थन पार्टी को मिल रहा है। उन्होंने इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। इस अवसर पर एडवोकेट मीनाक्षी शर्मा, महिपाल शर्मा, बिजेंद्र गौतम, राकेश दहिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**.जाले(एनएसबी)।** कमतौल थाना पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दर्ज कांड संख्या 170/26 के नामजद आरोपी मो. समीर, पिता- मो. अकबर, ग्राम- कर्जापट्टी, वार्ड-01, थाना- कमतौल, जिला- दरभंगा को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कांड के अनुसंधानकर्ता एएसआई ललन कुमार यादव ने आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि मामले में युवती पहले ही सकुशल बरामद की जा चुकी है तथा न्यायालय में उसका बयान भी दर्ज कराया जा चुका है। मामले में अग्रेतर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जिला परिषद की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, जनोन्मुखी बनाने का दिया सुझाव

पंचायतों के समग्र विकास कार्यों के लिए पंचायती राज मंत्री से किया शिष्टाचार भेंट

**दरभंगा(एनएसबी)।** बिहार सरकार के माननीय पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से शिष्टाचार भेंट कर जिला परिषद के समग्र विकास, जनहित से जुड़े कार्यों तथा विकास योजनाओं के प्रभावी एवं सुगम संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला परिषद की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, जनोन्मुखी एवं सुचारु रूप से संचालित करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए भेंट के दौरान जद(यू) की प्रदेश महासचिव ललिता झा द्वारा मंत्री को मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक मिथिला पेंटिंग, पारंपरिक पाग एवं चादर भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर सभी ने पंचायतों के समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया मौके पर कमलेश मंडल,धर्मेंद्र झा,सुभाष उपस्थित थे।



### प्रो अशोक कुमार मेहता ने मैथिली विभाग अध्यक्ष के रूप में संभाला कार्यभार

कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा के समक्ष दिया अपना योगदान*

**दरभंगा(एनएसबी)।** विश्वविद्यालय मैथिली विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता ने आज कुलसाचिव कार्यालय में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा के समक्ष अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रो मेहता एक अनुभवी शिक्षक एवं पदाधिकारी रहे हैं, इनके मार्ग दर्शन में विश्वविद्यालय मैथिली विभाग अकादमीक स्तर पर सुदृढ़ होगा और शोध के क्षेत्र में एक अलग पहचान कायम करेगी। उक्त अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक- प्रो दमन कुमार झा, डॉ अभिलाषा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरेश पासवान के अतिरिक्त सीनेट सदस्य हाफिज अबु सहमा, उप अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ अनिन्द्र शर्मा, उप कुलसचिव प्रथम डॉ उमाकांत पासवान, विकास पदादिकारी डॉ अभिषेक राय, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज कुमार, चन्दन यादव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रो मेहता को पाग, चादर एवं फूल से स्वागत किया। अन्य पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी उन्हें शुभकामनायें दी।



### डॉ सृष्टि सोनम द्वारा स्टेफाइलोकोकस ऑरगेनिजम पर दी गई जानकारी

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में इस वर्ष की शुरूआत से ही पीजी छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन प्रत्येक शनिवार को होता आ रहा है। जिससे माइक्रोबायोलॉजी विभाग में पीजी स्तर पर होने वाले सेमिनार छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रहा हैं। इससे विषय की गहरी समझ, कम्युनिकेशन स्किल्स में सुधार, और रिसर्च व नए शोध, सूक्ष्मजीवों की कार्य प्रणाली की अपटेड जानकारी मिलती है। इसी क्रम में शनिवार को डॉ सृष्टि सोनम द्वारा स्टेफाइलोकोकस ऑरगेनिजम पर सेमिनार प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर सेमिनार के बारे में चिकित्सकों ने बताया कि पीजी छात्रों का सेमिनार होने से कई फायदे हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया झा, सेमिनार के आयोजनकर्ता डॉ अहसन हमीदी, डॉ पीएन झा, डॉ आरएन शर्मा, डॉ जीवछ प्रसाद, डॉ गोपाल कृष्ण, डॉ पंकज कुमार, डॉ नीतु कुमारी, डॉ ज्योति कुमारी, डॉ विरेन्द्र झा, डॉ सुमित रंजन, डॉ घनश्याम कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ अमर सक्सेना, डॉ स्वाति सुमन, डॉ सुमित कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ अनुप कुमार, डॉ नेहा, अकील अहमद सहित सभी पीजी छात्र उपस्थित थे ।

### लुट कांड का पांचवा आरोपी गिरफ्तार

**सिंहवाड़(एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र में वर्ष 2025 में हुए लूटकांड के फरार एक आरोपी को सिमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले मे चार आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। जबकि दो आरोपित न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आरोपी की पहचान बिशनपुर थाना क्षेत्र के महनौली निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर मब्बी थाना क्षेत्र के बाजार समिति चौक से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि 03 नवंबर 2025 की रात बस्तवाड़ा मौजा स्थित रंजीत राम के बोरिंग के समीप श्याम कुमार अपने दो साथियों सचिन कुमार एवं रोशन कुमार के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चार मोटरसाइकिलों पर सवार आठ अपराधियों ने चाकू व देसी कट्टा का भय दिखाकर श्याम कुमार की मोटरसाइकिल तथा उसके दोनों साथियों के एंड्रॉयड मोबाइल फोन लूट लिए थे। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल से तीसरे दिन भी ठप रही नगर की सफाई व्यवस्था

**बेनीपुर(एनएसबी)।** बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन और बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शनिवार को लगातार तीसरे दिन नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। हड़ताल की वजह से सभी वार्डों में कचरा जमा होने लगा है। सड़कों पर झाड़ू नहीं लगने से जगह-जगह गंदगी के ढेर दिखाई दे रहे हैं।शनिवार को मुख्य पार्षद अकवाल कुछ पार्षदों और प्रतिनिधियों के साथ नगर कार्यालय के मुख्य द्वार पर चल रहे धरना में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की मांग जायज है।धरने के कारण नगर परिषद कार्यालय में भी सन्नाटा रहा।

### पानी भरे गड्ढे में डूब सात वर्षीय मासूम की मौत

**दरभंगा(एनएसबी)।** सोनकी थाना क्षेत्र के नरवन्ना में जीसीबी से खोदे गए पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक सात वर्षीय मासूम की मौत हो गई। कई घंटों की तलाश के बाद उसका शव गड्ढे से बाहर निकाला जा सका। मृतक की पहचान अशोक चौपाल के पुत्र ऋतिक कुमार (07) के रूप में की गई है। पुलिस ने शनिवार को डीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम करा लाश परिजनों को सौंप दिया।

पोस्टमार्टम हाउस परिसर में मौजूद मृतक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि ऋतिक अपने दोस्त के साथ शुक्रवार को खेलने गया था। इसी दौरान पांव फिसलने से वह जीसीबी से खोदे गए गड्ढे में गिर गया। पानी भरे गड्ढे में गिरने की सूचना उसके दोस्त ने आकर दी। इसके बाद ऋतिक की तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद देर रात उसका शव गड्ढे से बाहर निकाला जा सका। उसकी मौत से परिजनों के बीच मातम छा गया है।

### न्यू बिल्डिंग में पांचवी तलला पर सर्जरी एवं ऑर्थो विभाग का आईसीयू तैयार

**दरभंगा।(एनएसबी)।** सर्जरी एवं ऑर्थो विभाग का आईसीयू बनकर सालों से तैयार लेकिन रोगी को भर्ती नहीं किया जा रहा है। डीएमसीएच के न्यू बिल्डिंग में पांचवी तलला पर सर्जरी एवं ऑर्थो विभाग का आईसीयू तैयार है। जिसमें आईसीयू में लगे हुए बेड के साथ सारी सामग्री लगी हुई है। उसमें नर्स एवं स्टाफ को भी रखा जा रहा है लेकिन आज तक उसमें एक भी रोगी का इलाज नहीं किया गया है।जबकि सीसीयू में रोगी को 5 दिन तक रखा जाता है। सीसीयू में रहने के कारण गरीब रोगी को सरकारी खाना भी नहीं मिल पाता है। जब इस संबंध में अधीक्षक जगदीश चंद्र से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि एनेस्थीसिया की डॉक्टर की कमी के कारण आईसीयू चालू नहीं किया गया है।सरकार को 10 एनेस्थीसिया डॉक्टर के बारे में लिखा गया था लेकिन सरकार 6 एनेस्थीसिया के डॉक्टर दिए।आईसीयू एनेस्थीसिया के अंदर ही रहता है इसलिए चालू नहीं किया गया है

# समय पर ही होंगे पंचायत चुनाव, अफवाहों पर न दें ध्यान : दीपक प्रकाश

कहा राज्य निर्वाचन आयोग समय पर पूरी करेगा तैयारी; जिला परिषद की आय बढ़ाने के लिए बनेगी राज्यस्तरीय कमेटी, बाजार दर पर होगा राजस्व संग्रह

दरभंगा (एनएसबी)। । बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2026 में अपने निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे। उन्होंने पंचायत चुनाव टलने की अटकलों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि सरकार या विभाग की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया है। लोगों द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार से सरकार का काम नहीं चलता और राज्य निर्वाचन आयोग समय पर परिसीमन सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करेगा।अपने दो दिवसीय दरभंगा दौरे के दौरान शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग अपनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्य कर रहा है और सभी लोग निश्चिंत रहें, पंचायत चुनाव तय समय के अनुसार ही संपन्न होंगे।मंत्री ने पंचायती राज विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि दरभंगा जिले में कुल 308 पंचायतें हैं। इनमें 307 पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिह्नित की जा चुकी है। अब तक 98 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 89 भवनों का लोकार्पण किया जा चुका है। शेष भवनों के निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा करने की दिशा में विभाग कार्य कर रहा है।प्रेसवार्ता के दौरान जिला परिषद की आय बढ़ाने के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया कि कई जिलों में जिला परिषद की संपत्तियों से अपेक्षित राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा है। इस विषय पर विस्तृत चर्चा के बाद विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई का निर्णय लिया गया है।उन्होंने बताया कि जिला परिषद की आय बढ़ाने के लिए जल्द ही एक राज्यस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी विभिन्न जिलों का दौरा कर जिला परिषद की भूमि एवं अन्य संपत्तियों का भौतिक निरीक्षण करेगी। साथ ही यह आकलन करेगी कि इन परिसंपत्तियों का बेहतर ढंग से मोनेटाइजेशन कैसे किया जाए ताकि बाजार दर के अनुरूप अधिकतम राजस्व प्राप्त हो सके।मंत्री ने कहा कि जिला परिषद की संपत्तियों से आय बढ़ने पर स्थानीय निकाय आर्थिक रूप से अधिक मजबूत होंगे। इससे पंचायतों और जिला परिषदों को विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे तथा ग्रामीण विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।प्रेस वार्ता में ग्रामीण विधायक ईश्वर मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, रलोमो जिलाध्यक्ष यदुवीर कुशवाहा, लोजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र झा,राजीव कुशवाहा,गुंजन कुमारी समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।



प्रेस वार्ता करते मंत्री दीपक प्रकाश

## दरभंगा और सहरसा के बीच उद्घाटन मैच से हुआ प्रतियोगिता का आगाज

**बिरौल(एनएसबी) ।** राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबला दरभंगा एवं सहरसा बालक वर्ग के बीच खेला गया। जिसमें दरभंगा की टीम विजय रही। उद्घाटन दिवस पर खेले गए अन्य मुकाबलों में वैशाली ने मुजफ्फरपुर को 16झ3, पटना ने सहरसा को 8-2 तथा भागलपुर ने दरभंगा को 6-2 से पराजित किया।राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में पटना, बक्सर, गया, समस्तीपुर, सहरसा, जमुई, नालंदा, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद, वैशाली, भागलपुर, दरभंगा सहित बिहार के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुँचे हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु खिलाड़ियों के आवास, भोजन, चिकित्सा एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था अनुमंडल प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा की गई है। इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के आयोजन सचिव विनय कुमार,सदस्य संतोष कुमार चक्रवर्ती,गोपाल सिंह राणा,डीपीएस कुशेश्वर के निदेशक शमीम हैदर,श्री संजीव पंजियार (सचिव, लॉन टेनिस संघ),शिक्षक नटवर चौधरी,पंकज चौधरी,संस्कार वैली पब्लिक स्कूल के निदेशक सोनू सिंह,मुखिया संजीव कुमार सिंह,मिथिलेश सिंह,अजय बिरोलिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि,खेल प्रेमी एवं शिक्षाविद उपस्थित थे।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन दरभंगा जिला हैंडबॉल संघ के सचिव श्री रविंद्र कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ. केशव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला,समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 2 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

## दरभंगा के बिरौल में सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

बिहार के 400 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं इसमें भाग





उद्घाटन करते अतिथि एवं अन्य , पप्पू सिंह का स्वागत करते श्री चौधरी

**बिरौल (एनएसबी)।** बिहार बास्केटबॉल संघ एवं दरभंगा जिला बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार गुप्ता ओएसडी टू डीएम सह पीजीआरओ, दरभंगा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल श्री शशांक राज, कला संस्कृति एवं जिला खेल पदाधिकारी श्री चंदन कुमार,जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।समारोह की शुरूआत स्किप्स विद्यालय की छात्राओं,डीपीएस रसियारी एवं किलकारी,दरभंगा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई।इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।मिथिला की समृद्ध परंपरा का निर्वहन करते हुए दरभंगा बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष ब्रजेश चौधरी एवं सचिव आशीष कुमार एवं हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवलेश चौधरी ने सभी अतिथियों को पाग, चादर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन,नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा तथा जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा। एसडीएम बिरौल शशांक राज ने कहा कि इतने छोटे अनुमंडल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। बाहर से आए सभी खिलाड़ियों एवं टीम अधिकारियों के लिए चिकित्सा, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है तथा किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।जिला खेल पदाधिकारी सह जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री चंदन कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन एवं खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि दरभंगा की धरती खेल प्रतिभाओं से समृद्ध रही है। इस प्रतियोगिता से प्रदेश को नई प्रतिभाएँ मिलेंगी तथा खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्राप्त होगा।बिहार बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार ने विद्यालय के अध्यक्ष गणेश चौधरी का आभार प्रकट किया।इसके उपरांत सभी अतिथियों ने बास्केटबॉल कोर्ट पर पहुँचकर विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

### डीएम,एसएसपी ने श्रावणी मेले को लेकर कुशेश्वरस्थान मंदिर का किये निरीक्षण

श्रद्धालुओं की सुरक्षा,सुविधा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**दरभंगा(एनएसबी)।** श्रावणी मेले को लेकर जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने संयुक्त रूप से कुशेश्वरस्थान पहुंचकर तैयारियों का व्यापक निरीक्षण किया। मंदिर परिसर तथा श्रावणी मेले की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया।जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि श्रावणी मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा कुशेश्वरनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, नियंत्रण कक्ष तथा श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेले के सफल आयोजन को सुनिश्चित करें।निरीक्षण क्रम में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित प्रशासनिक,पुलिस तथा मंदिर न्यास के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## महाविद्यालय कर्मचारियों की गत 27 जुलाई से चल रही हड़ताल वार्ता के उपरांत समाप्त

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंगीभूत महाविद्यालयों के कर्मचारियों की गत 27 जुलाई से चल रही हड़ताल विश्वविद्यालय प्रशासन से हुई वार्ता के आलोक में समाप्त हो गई है। वार्ता के दौरान कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी, कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा सहित विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कर्मचारियों की प्रोन्नति एवं अन्य मांगें विश्वविद्यालय द्वारा मान ली गई है। कुलाधिपति कार्यालय के पत्र के आलोक में विहित प्रक्रिया अपना कर कर्मचारियों की प्रोन्नति विश्वविद्यालय द्वारा 15 सितंबर, 2026 तक पूर्ण कर ली जाएगी।



# जागरूकता और सही देखभाल ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है : डॉ बी . के . मिश्रा

स्वस्थ जीवन के लिए उचित खान-पान, पोषण एवं स्वास्थ्य वर्धक आहार जरूरीः डॉ.अमृता मिश्रा

संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल राघोपुर में यूनेस्को क्लब दरभंगा द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की विभिन्न विधियों का किया गया प्रदर्शन








कार्यक्रम का उद्घाटन करते डॉ. बी के मिश्रा, बिनोद कुमार पंसारी एवं अन्य , कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि विद्यालय के बच्चे

**दरभंगा(एनएसबी)।** सीबीएसई से संबद्ध 10+2 संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, राघोपुर में यूनेस्को क्लब ऑफ दरभंगा के सौजन्य से प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्राथमिक उपचार की जानकारी देना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की विभिन्न विधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बी. के. मिश्रा, यूनेस्को क्लब ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष बिनोद कुमार पंसारी , महासचिव प्रो. मधु रंजन प्रसाद, कोषाध्यक्ष ललित कुमार खेतान एवं स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश आदि लोगों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर यूनेस्को क्लब दरभंगा के डॉ. शीला साहू, डॉ. एसडूएम. सर्राफ, डॉ. आर.बी. खेतान, शमीम हैदर, डॉ आर एन पी सिंहा, मनोरंजन प्रसाद अग्रवाल, डॉ अमृता मिश्रा, रानी खेतान, विजय कुमार झा, प्रधानाचार्य सहित यूनेस्को क्लब दरभंगा के अन्य सदस्यों एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम यूनेस्को क्लब के अध्यक्ष बिनोद कुमार पंसारी ने सभी आगत अतिथियों, स्कूल प्रबंधन, कार्यक्रम के संयोजक एवं उपस्थित बच्चों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।उन्होंने कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है" स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, इसकी रक्षा ही सबसे बड़ी साधना है"इसलिए आईए हम सब मिलकर यह संकल्प लें-स्वस्थ व्यक्ति- स्वस्थ परिवार- स्वस्थ समाज- स्वस्थ भारत। कार्यक्रम में क्लब के द्वारा स्कूल के अध्यक्ष डॉ बी के मिश्रा एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ ओम प्रकाश को मिथिला पेंटिंग का दुपट्टा एवं मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया।

**कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मधु रंजन प्रसाद ने किया।**

कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक उपचार की विभिन्न विधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया तथा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में उचित प्राथमिक उपचार के महत्व से अवगत कराया गया।इस अवसर पर डॉ. अमृता मिश्रा ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए उचित खान-पान, पोषण एवं स्वास्थ्य वर्धक आहार अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अध्यक्ष डॉ. बी. के. मिश्रा ने कहा की स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। जागरूकता और सही देखभाल ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। मौके पर शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा। इस आयोजन के माध्यम से सभी को प्राथमिक उपचार, उचित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक होने का महत्वपूर्ण संदेश मिला। डॉ. ओम प्रकाश और उनकी टीम ने हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज के बेहोश होने पर उसका सी पी आर से प्राथमिक उपचार किया जाए उस पर डेमो के सहारे लोगों को समझाया।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 माह से मानदेय बंद: समस्तीपुर के शिक्षा सेवक आर्थिक संकट में, 7 दिन में भुगतान नहीं तो आंदोलन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले में शिक्षा सेवकों और तालिमी मरकज कर्मियों को पिछले चार महीनों से मानदेय नहीं मिलने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। भुगतान लंबित होने के कारण हजारों कर्मियों के सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। इसको लेकर बिहार संविदा कर्मी शिक्षा सेवक/तालिमी मरकज संघ ने सरकार और संबंधित विभागों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अप्रैल, मई, जून और जुलाई 2026 का मानदेय अब तक नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां एक ओर राज्य सरकार नियमित शिक्षकों को समय पर वेतन दे रही है, वहीं संविदा पर कार्यरत शिक्षा सेवकों के साथ लगातार उपेक्षा और भेदभाव किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जन शिक्षा निदेशालय, पटना और वित्त विभाग द्वारा आवंटन जारी नहीं किए जाने के कारण सिर्फ समस्तीपुर ही नहीं, बल्कि बिहार के सभी 38 जिलों के शिक्षा सेवक प्रभावित हैं। चार महीने से भुगतान ठप रहने से कर्मियों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है और कई परिवार कर्ज में जीने को मजबूर हैं।संघ ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि सात दिनों के भीतर लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो सभी शिक्षा सेवक जिला मुख्यालय स्थित पुरानी बस अड्डा परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। संघ ने कहा कि इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बिहार सरकार और संबंधित विभागों की होगी।

### खानपुर अंचल के अमीन पर रिश्वत मांगने का आरोप, जांच की उठी मांग

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** समस्तीपुर जिले के खानपुर अंचल से कथित रिश्वतखोरी का एक मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत कानुविशनपुर, वार्ड संख्या 15 निवासी उदय दास ने खानपुर अंचल में पदस्थापित अमीन रणधीर कुमार पर जमीन परिमार्जन से संबंधित कार्य के एवज में रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित उदय दास ने बताया कि उन्होंने अपनी जमीन के परिमार्जन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसके लिए निर्धारित सरकारी शुल्क के रूप में एक हजार रुपये ऑनलाइन जमा किया। आवेदन स्वीकार होने के बाद उन्हें 21 जुलाई 2026 को स्थल जांच की तिथि निर्धारित की गई। निर्धारित तिथि पर अमीन रणधीर कुमार स्थल पर पहुंचे और जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अमीन ने रिपोर्ट तैयार करने और कार्य को आगे बढ़ाने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की। श्री दास ने बताया कि उन्हें उक्त राशि दे दी गई, जिसका वीडियो भी है। राशि देने के करीब दस दिन बीत जाने के बावजूद अब तक परिमार्जन संबंधी रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है। जिससे उनका कार्य लंबित है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है तथा प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर खानपुर की अंचलाधिकारी प्रिया आर्यनी ने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि परिमार्जन के नाम पर किसी अमीन द्वारा अवैध रूप से रिश्वत लेने की शिकायत सत्य पाई जाती है तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मथुरापुर घाट सड़क चौड़ीकरण को लेकर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले की बहुप्रतीक्षित मथुरापुर घाट से झिल्ली चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क एवं नए पुल निर्माण परियोजना को गति देने के उद्देश्य से शनिवार को प्रशासन द्वारा व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भारी पुलिस बल, दंडाधिकारियों तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।अनुमंडल कार्यालय समस्तीपुर द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-322 पर मथुरापुर घाट के पुराने पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण तथा मथुरापुर से मुक्तापुर आरओबी तक सड़क चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण कार्य प्रस्तावित है। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाना आवश्यक बताया गया था।प्रशासन द्वारा पहले ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर प्रचार-प्रसार के माध्यम से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की।विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वारिसनगर के अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित को दंडाधिकारी, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल के कनीय अभियंता अमर कुमार पांडेय को प्रशासनिक समन्वयक तथा कार्यपालक दंडाधिकारी राज किशोर प्रसाद शर्मा को वरीय दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।अभियान के दौरान मथुरापुर घाट से मुक्तापुर जैसी गुमटी तक सड़क किनारे बने अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। अधिकारियों ने लोगों से सरकारी भूमि पर दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की अपील भी की। अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित ने बताया कि अभियान की विस्तृत रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### बच्चों ने सीखे बाढ़ से खतरे एवं डूबने से बचाव के उपाय

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचमुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल शिक्षिका बीबी शकीला रहमान ने बाढ़ से खतरे एवं डूबने से बचाव के उपाय, कौशल विकास एवं अभ्यास विषय पर विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाढ़ क्या है, बाढ़ से होने वाले खतरे कौन-कौन से हैं, डूबने से बचाव के कौन-कौन से उपाय करने चाहिए, जीवन रक्षक कौशल का विकास कैसे किया जाए एवं उसका अभ्यास कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है, इसलिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें, सही समय पर सही जानकारी, निर्णय एवं तत्परता दिखाकर जीवन को बचाएं। बाढ़ से बचाव के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर को याद रखने की सलाह उन्होंने दी। वहीं शिक्षक विमल कुमार साह ने बाढ़ से बचाव के लिए मॉक ड्रिल कराया और अपने इन आदतों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जीवन की रक्षा, सुरक्षा के प्रति जागरूकता, प्राकृतिक आपदा से बचाव, सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित भविष्य, संरक्षित समाज सशक्त राष्ट्र की अवधारणा को बल मिलता है।इस अवसर पर विद्यालय को हरित बनाने में सहयोग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार एवं नोडल शिक्षक संजीव कुमार झा ने प्रशस्ति - पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक मो. सादुल्लाह, इंदिरा कुमारी,विमला कुमारी, विभा कुमारी, विनय सिंह, दिवाकर कुमार सिंह, कैलाश राम, खुशबू राय,बाल संसद,मीना मंच, इको क्लब के सदस्य आदि ने सहयोग किया।

### ताजपुर थानाध्यक्ष को हटाया जाना जनदबाव और आंदोलन की जीत- सुरेंद्र प्रसाद सिंह

12 अगस्त को रद्द के समक्ष होने वाला धरना-प्रदर्शन आंदोलन स्थगित

**ताजपुर (एनएसबी)।** ताजपुर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा को लाइन क्लोज कर हटाए जाने को भाकपा माले ने जनआंदोलन और जनता की आवाज की जीत बताया है। भाकपा माले के ताजपुर प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध, लंबित कांडों के निष्पादन में शिथिलता तथा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने को लेकर पार्टी लगातार आवाज उठाती रही थी।उन्होंने कहा कि पर्याप्त साक्ष्यों के बावजूद मोटरसाइकिल मिस्त्री संजीव सहनी हत्याकांड संख्या 98/26, प्रखंड चौक के किराना व्यवसायी नरेश चौधरी लूट एवं फायरिंग कांड, नीम चौक सोना लूट कांड समेत कई महत्वपूर्ण मामलों में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही थी। इसके कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा था और क्षेत्र में लूट, फायरिंग, हत्या तथा अन्य आपराधिक घटनाएं आम होती जा रही थीं। सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इन घटनाओं के खिलाफ भाकपा माले ने ताजपुर थाना के घेराव कर दोषी अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित मामलों के निष्पादन तथा लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई थी साथ ही वरीय पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्कालीन थानाध्यक्ष को हटाने एवं अन्य कांडों पर कार्रवाई की मांग को लेकर माले ने 12 अगस्त को एसपी के समक्ष धरना-प्रदर्शन आंदोलन करने की चेतावनी दे रखी थी।उन्होंने पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे थानाक्षेत्र से जनता को काफी उम्मीदें हैं।

# प्रेम-प्रसंग उजागर होने के बाद युवक ने दे दी जान: कमरे में ओढ़नी के फंदे से लटका मिला शव

दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)। शहर के वार्ड संख्या 25 स्थित महुआ टोला में शुक्रवार देर रात एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मदन पासवान के पुत्र प्रिंस राज के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही दलसिंहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

परिजनों के अनुसार, प्रिंस रात में खाना खाने के बाद सोने की बात कहकर छत पर बने अपने कमरे में चला गया था। सुबह जब घर के लोग उठे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर खिड़की से झांककर देखा गया। अंदर प्रिंस ओढ़नी के सहारे पंखे की कुंडी से लटका हुआ था।इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के पिता मदन पासवान ने बताया कि उनका बेटा पिछले करीब एक वर्ष से एक युवती के संपर्क में था। कुछ दिन पहले पुलिस के माध्यम से जानकारी मिली कि दोनों ने शादी कर ली है। दोनों की कथित शादी की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। बाद में युवती के नाबालिग होने की बात सामने आने पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर मामला सुलझाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच परिवार प्रिंस की दूसरी जगह शादी की तैयारी भी कर रहा था। परिजनों का कहना है कि इसी तनाव के बीच उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर जुटी भीड़।

## कलाकारों की नई पौध को सींचेगा आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र -जूही कुमारी, स्थापित कलाकारों के संरक्षण में प्रशिक्षण व्यवस्था हुई सुदृढ़

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को नई ऊंचाई देने की दिशा में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र एक मजबूत पहल के रूप में उभर रहा है। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अधीन संचालित इस केंद्र में अब प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण बनाया गया है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने संवाददाता से विशेष बातचीत में बताया कि यह केंद्र स्थानीय कला-संस्कृति के संरक्षण, पोषण और संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यहां स्थापित कलाकारों के मार्गदर्शन में नई पीढ़ी के कलाकारों को निखारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रशिक्षण की समय-सारिणी जारी कर दी गई है तथा साप्ताहिक मूल्यांकन और अतिरिक्त अभ्यास कक्षाओं की व्यवस्था भी लागू कर दी गई है। केंद्र में गायन (सीनियर एवं जूनियर), वादन (सीनियर एवं जूनियर) तथा कथक (सीनियर एवं जूनियर) की कुल छह कक्षाएं संचालित हो रही हैं। प्रत्येक समूह को सप्ताह में चार दिन नियमित कक्षाएं, एक दिन मूल्यांकन और एक दिन अतिरिक्त अभ्यास का अवसर मिलेगा। हर कक्षा दो घंटे की होगी, जिससे प्रत्येक प्रशिक्षु को सप्ताह में कुल 12 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। सीनियर वर्ग की कक्षाएं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक तथा जूनियर वर्ग की कक्षाएं शाम 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होंगी। प्रशिक्षण में थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों पर समान रूप से जोर दिया जाएगा। केंद्र में शास्त्रीय संगीत गायन, कथक, तबला वादन और हारमोनियम वादन के कुल 60 प्रशिक्षुओं की सूची जारी की गई है। जिन्हें शास्त्रीय संगीत एवं हारमोनियम का प्रशिक्षण संगीत शिक्षक किशन कुमार मलिक, कथक का प्रशिक्षण नृत्य शिक्षक लक्ष्मण कुमार, भारतनाट्यम का प्रशिक्षण सुनिधि रॉय तथा तबला वादन का प्रशिक्षण अभिषेक भारती द्वारा दिया जाएगा। जूही कुमारी ने बताया कि, आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि ऐसी सांस्कृतिक पीढ़ी तैयार करना है जो समस्तीपुर और मिथिला की पारंपरिक कला और सांस्कृतिक परंपरा को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला सके। विद्यार्थियों से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण ही किसी कलाकार की सबसे बड़ी पूंजी है।



प्रशिक्षण में शामिल बच्चे।

## लगातार चौथी बार शतप्रतिशत प्लेसमेंट से जश्न में डूबा डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, कुलपति ने दी बधाई

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाला संस्थान नहीं है। हम यहां छात्रों के भविष्य का निर्माण करते हैं और एक दिन यही छात्र देश के भविष्य का निर्माण करेंगे। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है छात्रों को देश एवं उद्योग की जरूरत के अनुसार तैयार करना। शुक्रवार को विश्वविद्यालय स्थित विद्यापति सभागार में आयोजित एक समारोह के दौरान कुलपति डॉ. पी.एस. पाण्डेय ने उक्त बातें कही। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि पूसा के छात्र एग्रीबिजनेस और रूरल मैनेजमेंट के माध्यम से देश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देंगे।उन्होंने कहा कि, विश्वविद्यालय में पिछले चार वर्षों से लगातार सौ प्रतिशत छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट इस बात का प्रमाण है कि यहां के शिक्षक , वैज्ञानिक और छात्र देश में सबसे उत्कृष्ट हैं। विश्वविद्यालय का प्रयास रहेगा कि आने वाले वर्षों में और अधिक कंपनियां कैंपस में आएं और छात्रों को बेहतर पैकेज व अवसर मिलें। साथ ही डॉ पांडेय ने लगातार चौथी बार सौ प्रतिशत प्लेसमेंट के लिए डॉ रामदत्त की सराहना की।बताते चलें कि, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के स्कूल आफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट के द्वारा विद्यापति सभागार में लगातार चौथी बार एमबीए एग्री-बिजनेस एवं एमबीए रूरल मैनेजमेंट बैच 2024-26 के छात्रों के सौ प्रतिशत प्लेसमेंट पर विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्यापति सभागार में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों, अभिभावकों, संकाय सदस्यों एवं बड़ी संख्या में उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस क्रम में सर्वप्रथम परंपरानुसार कुलगीत प्रसारण के उपरान्त दीप प्रज्ज्वलन, एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तत्पश्चात शॉल, पुष्प गुच्छ आदि से अतिथियों का स्वागत किया गया।अतिथियों व छात्रों का स्वागत करते हुए स्कूल आफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. राम दत्त ने बताया कि इस बैच के सभी छात्रों का अग्रणी एग्री कंपनियों, बैंकों, एफपीओ, एग्री-टेक स्टार्टअप और सरकारी संस्थानों में प्लेसमेंट हुआ है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. प्रेम लाल गौतम ने कहा कुलपति डॉ पांडेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है। पिछले चार वर्षों से लगातार सौ प्रतिशत छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट देश भर में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में देश को नई राह दिखा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स में भी अनुसंधान चल रहे हैं जिसके परिणाम निश्चित ही कृषि जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेंगे। इस दौरान उन्होंने सभी सफल छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय ने साबित कर दिया है कि, सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से भारत की तस्वीर बदली जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. रमन कुमार त्रिवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डॉ रमनदीप ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजीत कुमार समीर ने किया। कार्यक्रम के दौरान डीन फिशरीज डॉ पीपी श्रीवास्तव, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा, निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, डॉ कुमार राज्यवर्धन, डॉ संतोष के एम , डॉ महेश कुमार समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



अतिथि को सम्मानित करते वीसी व अन्य।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में देशभक्ति के रंग में रंगा केंद्रीय विद्यालय पूसा

**पूसा (एनएसबी)।** केंद्रीय विद्यालय, पूसा का पूरा विद्यालय परिसर शनिवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। अवसर था बच्चों में देशभक्ति की भावना, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'फ्रीडम फाइटर' थीम पर शानदार फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने महान स्वतंत्रता सेनानियों के वेश में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने सरोजिनी नायडू, महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद एवं सरदार वल्लभभाई पटेल सहित अनेक महान विभूतियों का जीवंत रूप प्रस्तुत किया। इस क्रम में उन्होंने प्रभावशाली संवाद, आत्मविश्वास से भरपूर अभिनय और आकर्षक मंच प्रस्तुति के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास को भी जीवंत कर दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की खूब तालियां बटोरी।प्रतियोगिता में कक्षा पांच की छात्रा अपर्णा ने झांसी की रानी के रूप में अपनी दमदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कक्षा पांच की ही छात्रा नव्या ने सरोजिनी नायडू की वेशभूषा एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। दोनों छात्राओं के आत्मविश्वास और अभिनय की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक तरणजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी विभिन्न रचनात्मक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह, अनुशासन एवं सहभागिता के लिए बधाई दी गई।




## नशामुक्त युवा, विकसित भारत का संकल्प : समस्तीपुर में 27 शैक्षणिक संस्थानों में होगा प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण

आरएसवी.के.इंटर स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा करेंगे उद्घाटन; सैकड़ों विद्यार्थी होंगे शामिल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** युवाओं को नशे की बुराइयों से दूर रखने और उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियानह्ल के तहत रविवार को समस्तीपुर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को जिले के 27 शैक्षणिक संस्थान केंद्रों पर लाइव प्रसारित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं युवा सहभागी बनेंगे।शहर के आरएसवीके इंटर स्कूल, समस्तीपुर में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा के द्वारा किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम में शहर मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्रा शामिल होकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन को लाइव सुनेंगे। यह राष्ट्रव्यापी अभियान माई भारत , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें खेल, संस्कृति, शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## एसडीएम ने किया अंचल व प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय, समस्तीपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, जन शिकायतों के निष्पादन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस क्रम में एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आम जनता को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। मौके पर सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# उपन्यास सम्राट की जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।**'मुंशी प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के महान साहित्यकारों में मूर्धन्य स्थान रखते हैं। उन्होंने कलम को हथियार बनाकर सामंतवादी एवं शोषणकारी सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंकने का कार्य किया था। उनकी कालजयी रचनाएं भारतीय आत्मा को प्रतिबिंबित करती है।ह्व शुक्रवार को समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के तत्वावधान में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. (डॉ.) शशि भूषण कुमार शशि ने अपने संबोधन में उक्त बातें कही।उन्होंने कहा कि, मुंशी जी ने भारतीय किसानों, मजदूरों एवं हासिए पर खड़े स्त्रियों एवं पुरुषों के जीवन की पीड़ाओं को रेखांकित कर हिन्दी साहित्य की श्रीवृद्धि करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। साहित्य जगत उनका हमेशा ऋणी रहेगा।बताते चलें कि शुक्रवार को शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के तत्वावधान में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ महेश कुमार चौधरी ने किया।दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। तत्पश्चात प्रेमचंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस क्रम में आगत अतिथियों का मैथिल परंपरा के अनुसार पुष्पमाला, पाग, चादर एवं पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया।आमंत्रित मुख्य वक्ता के रूप में अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय, बरौनी के हिन्दी विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ. नंद किशोर पंडित ने प्रेमचंद के साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का कथा साहित्य तत्कालीन समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, वर्ग-संघर्ष, स्त्री अस्मिता, आर्थिक विषमता, शोषण और सामाजिक अन्याय जैसे ज्वलंत मुद्दों को सशक्त रूप से सामने लाता है। डॉ. पंडित ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी कथाओं में पात्रों के माध्यम से व्यक्ति, परिवार और समाज की मयार्दाओं एवं आदर्शों को जिया है। वंचित और शोषित वर्ग की पीड़ा एवं अस्मिता के संघर्ष को स्वर दिया है। फलतः उनकी रचनाएं आज भी सामाजिक समानता, मानवीय संवेदना, गरिमा और न्याय की चेतना को मजबूत करती है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ महेश कुमार चौधरी ने कहा कि सामाजिक सरोकार एवं जनजीवन से जुड़ी समस्याओं को विश्व पटल पर जितनी शिद्दत से मुंशी प्रेमचंद ने उकेरा उतनी बारीकी से शायद ही उनके किसी पूर्ववर्ती साहित्यकार ने उकेरा हो। उन्होंने पहली बार कथा साहित्य को कल्पना लोक की चमकीलीझ्रचटकीली पृष्ठभूमि से यथार्थ की खुरदरी जमीन पर उतार कर हिन्दी साहित्य जगत को विस्तृत आयाम दिया।ग्रामीण पृष्ठभूमि में मानवीय संवेदनाओं व लोक व्यवहार को सूक्ष्मता से उकेरते ग्रामीण पात्र, सटीक लोकोक्तियों के बीच पिरोए गए लोक भाषा के शब्द, आदि ने उनकी कथाओं को व्यापकता प्रदान की। जिससे वे सर्व स्वीकार्य कालजई साहित्यकारों के सिरमौर बन गए। डॉ. एस.एम.ए.एस. रजी ने कहा कि भारत का शेक्सपियर कहे जाने वाले प्रेमचंद की लेखन प्रतिभा बेजोड़ थी। उनकी कथाओं के प्रत्येक पात्र, और शब्द पाठक के दिलोझ्रदिमाग पर कब्जा कर लेते हैं और पाठक कथा पात्रों को अपने आसपास महसूस करता है, उनके साथ खुश होता है, उदास होता है, हंसता है रोता है। इतना ही नहीं उन्होंने तत्कालीन सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य को आदर्शोन्मुख यथार्थवाद के माध्यम से चित्रित किया।इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार सिंह, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. दयानंद मेहता, डॉ. दिनेश्वर राय, डॉ. रोहित प्रकाश, डॉ शालिनी कुमारी भावसिंका, डॉ. चांदनी रानी, डॉ. खुर्शीद आलम, डॉ सुमन कुमार सिन्हा, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. जितेन्द्र प्रसाद आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। छात्र-छात्राओं में विषय पर आधारित बेहतरीन विचार रखने वालों में प्रथम स्थान निखिल कुमार, द्वितीय स्थान श्याम कुमार एवं तृतीय स्थान नीतीश कुमार को प्रधानाचार्य के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राम कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन रौशन कुमार ने किया। इस अवसर पर नेहा कुमारी, सुमित कुमार, अभिषेक, तनुप्रिया, अनिशा, विवेक आदि उपस्थित थे।



पुरस्कृत छात्रों के साथ प्राचार्य व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### आज 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान'का शुभारंभ

**मधुबनी(एनएसबी)।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर विकसित भारतझ2047 के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा के तत्वावधान में ह्णनशामुक्त युवा फॉर विकसित भारतझसंकल्प अभियानह्व का शुभारंभ 02 अगस्त, को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री देशभर के युवाओं को संबोधित करेंगे तथा नशामुक्त भारत के निर्माण का आह्वान करेंगे। मधुबनी जिले में अभियान का मुख्य कार्यक्रम डीआरडीए सभागार, मधुबनी में प्रात 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा तथा उपस्थित युवाओं, स्वयंसेवकों एवं अन्य प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त जिले के 05 प्रखंड स्तरीय स्थलों एवं विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में भी एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में के स्वयंसेवक, नेहरू युवा केंद्र, विभिन्न सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में युवा भाग लेंगे। प्रतिभागियों को पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत देशभर के 10,000 से अधिक स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एक करोड़ से अधिक युवा नशामुक्ति का संकल्प लेंगे। अभियान की विशेषता यह है कि यह केवल एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि आगामी दो वर्षों तक प्रत्येक रविवार देशभर में जन-जागरूकता, शपथ ग्रहण, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संवाद एवं सामुदायिक सहभागिता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा नशे के विरुद्ध एक सशक्त जन आंदोलन खड़ा करना है।

### खजौली में सड़क जाम कर परिजनों का प्रदर्शन, ट्रक जब्त नहीं होने पर फूटा आक्रोश

**खजौली (एनएसबी)।** खजौली थाना क्षेत्र के खजौली बाजार स्थित पुरानी रेलवे गुमटी के पास यू-आकार की सड़क पर शुक्रवार शाम हुई बाइक दुर्घटना में मृत युवक का पोस्टमार्टम के बाद शव शनिवार को खजौली पहुंचते ही परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा।मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने थाना के सामने अंबेडकर प्रतिमा के पास शव रखकर विरोध-



प्रदर्शन किया और मुख्य सड़क को करीब एक घंटे तक जाम रखा। सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई तथा आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस समय रहते जब्त नहीं कर सकी, जिससे वाहन चालक फरार हो गया। इसको लेकर लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष सपन कुमार ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।बाद में कामिनी कौशल मौके पर पहुंचीं और आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत कराया। उन्होंने कहा कि फरार वाहन चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से धैर्य रखने तथा पुलिस प्रशासन पर भरोसा बनाए रखने की अपील की।इधर, मृतक की माता वीना देवी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस ने आवेदन को आवश्यक कार्रवाई के लिए ट्रैफिक थाना, मधुबनी को अग्रसारित कर दिया है। थानाध्यक्ष सपन कुमार ने बताया कि मामले में नियमानुसार समुचित कानूनी कार्रवाई की

### सावन की प्रथम सोमवारी कल. प्रशासनिक सभी तैयारियां पूरी.

**बिस्फी (एनएसबी)।** भैरवा श्रावणी मेला को लेकर प्रशासनिक एवं मंदिर समिति के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. कल प्रथम सोमवारी में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक किये जाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग और सतर्क है. शनिवार को एसएसपी योगेंद्र कुमार, ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़



,एसडीएम सारंग पाणि पांडेय, डीएसपी अमित कुमार, रश्मि कुमारी, पुलिस इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार,बीडीओ बसंत कुमार सिंह सीओ संतोष कुमार सिंह सहीत जिले के कई अधिकारियों के द्वारा तैयारी का जायजा लिया. वही मंदिर समिति के साथ बैठक कर जलाभिषेक करने को लेकर विचार विमर्श किया. मौके पर कई दिशा निर्देश भी दिए गए. मंदिर समिति के द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, रंग रोगन, विद्युत, पेय जल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए हैं. इस साल भक्तों की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा,और पूजा व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रही है. मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक, महा आरती, भजन कीर्तन एवं शिव महिमा से जुड़े धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. वही एसडीएम सारंग पाणि पांडेय ने बताया कि जलाभिषेक शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर 125 दंडाधिकारी, 144 पुलिस पदाधिकारी एवं 53 चेक पोस्ट के साथ 3 गस्ती व पेट्रोलिंग टीम तैनात रहेगे.88 महिला पुलिस जवान, 602 पुरूष पुलिस जवान, 106 ग्रामीण चौकीदार एवं तीन क्यूआईपी तैनात रहेगे. 20 जगह पर सीसीटीवी कैमरा के साथ वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी. मेटल डिटेक्टर का प्रबंध की गई है. पांच स्थानों पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं.

### शादी का झांसा देकर नेपाली नाबालिग को गुजरात ले जा रहा युवक बॉर्डर पर पकड़ा गया मानव तस्करी की आशंका

**लदनियां(एनएसबी)।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने सतर्कता दिखाते हुए एक नेपाली नाबालिग किशोरी को गुजरात ले जा रहे युवक को पकड़ लिया। प्रथम दृष्ट्या मामला शादी का झांसा देकर नाबालिग को दूसरे राज्य ले जाने का प्रतीत होने पर मानव तस्करी की आशंका भी जताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, 29 जुलाई की सुबह एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा अपने गश्ती दल के साथ सीमा स्तंभ संख्या 315/1 से 316/20 के बीच गश्त कर रहे थे। सुबह करीब 11:55 बजे सीमा स्तंभ संख्या 315/2 के पास नेपाल की ओर से एक युवक और एक किशोरी संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। गश्ती दल को देखकर दोनों घबरा गए, जिस पर उन्हें रोककर पूछताछ की गई।पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान दिनेश कुमार महतो (24 वर्ष), निवासी चंद्रनगर, जिला सलार्ही (नेपाल) के रूप में बताई। वहीं किशोरी ने अपना नाम नंदनी कुमारी (16 वर्ष), निवासी मनरा, जिला महोत्तरी (नेपाल) बताया। दोनों ने स्वीकार किया कि वे गुजरात जा रहे थे। किशोरी ने बताया कि वह अपने परिजनों को बिना बताए युवक के साथ गुजरात जाकर विवाह करना चाहती थी।चूंकि किशोरी नाबालिग है, इसलिए एसएसबी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। मानव तस्करी की आशंका के मद्देनजर दोनों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# श्रावणी मेला को लेकर जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक

**जयनगर (एनएसबी)।** श्रावणी मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जयनगर थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) सदानंद कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लेकर मेला को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विचार-विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी सदानंद कुमार ने कहा कि श्रावणी मेला आस्था का पर्व है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि आपसी भाईचारा एवं सामाजिक




शांति समिति की बैठक

सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार ने मेला के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, यातायात व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने की बात कही। वहीं अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने कहा कि मेला के दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, जिला परिषद सदस्य अंजली कुमारी मंडल (क्षेत्र संख्या-16), राम दास हाजरा,शशि हजरा, भूषण सिंह, सुरेंद्र महतो, अरविंद तिवारी, अनिरुद्ध ठाकुर, धीरेन्द्र झा, मनोज चौधरी, सरपंच जहागीर हाशमी, सफी रहमान, पप्पू चौड़वार, जीवन झा, बौजू झा, रमेश चंद्र झा, एसआई बेलाल खान, एसआई सूरज कुमार, एसआई अमित कुमार,एसआई नितिश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव, गुड्डू साह सहित शांति समिति के कई सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा श्रावणी मेला को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

# प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे ने की। बैठक में खरीफ मौसम के दौरान किसानों को निर्धारित दर पर समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने, कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा उर्वरकों के वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे ने



बैठक करते अधिकारी

कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने तथा स्टॉक एवं बिक्री का नियमित अभिलेख संधारित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलती है तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने समिति के सदस्यों से अपील की कि यदि किसी क्षेत्र में उर्वरक की कृत्रिम कमी या अनियमितता की सूचना मिले तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी ने कहा कि प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उर्वरक वितरण व्यवस्था की निगरानी कर रहा है। किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नियमित निरीक्षण भी किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में बीडीओ राजीव रंजन कुमार, अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी, सीडीपीओ रीता रानी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, कुमार राणा प्रताप सिंह, भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष राम कुमार सिंह, रामजी यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, भाकपा-माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह, दिलीप जायसवाल, कृषि समन्वयक मनोज सिंह सहित समिति के कई सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि किसानों को उर्वरक वितरण की व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि खरीफ मौसम में किसानों को खाद की कमी का सामना न करना पड़े।

# जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों की गई समीक्षा



बैठक करते जिलाधिकारी

**श्रावणी मेला-2026 श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार।**

**श्रावण मास में 298 स्थानों पर दंडाधिकारी-पुलिस पदाधिकारी तैनात, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी।**

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में आज श्रावणी मेला-2026 के मद्देनजर आयोजित ब्रीफिंग में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए किए गए प्रशासनिक एवं पुलिस प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी संयुक्त आदेश के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी देते हुए सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष श्रावण मास 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 28 अगस्त 2026 तक रहेगा। इस अवधि में प्रत्येक सोमवार को जिले के विभिन्न शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा तथा 28 अगस्त 2026 को श्रावणी पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। साथ ही 04 अगस्त 2026 को मुस्लिम समुदाय द्वारा चेहल्लुम भी मनाया जाएगा। ऐसे में सभी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। बैठक में विशेष रूप से बिस्फी थाना क्षेत्र के नरसाम-भैरवा स्थित उगना महादेव मंदिर की संवेदनशीलता पर चर्चा की गई। बताया गया कि प्रत्येक सोमवार को बलहा घाट से लगभग 7 किलोमीटर की पदयात्रा कर श्रद्धालु उगना महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचते है ।श्रावणी मेले के दौरान जिले के विभिन्न शिव मंदिरों एवं प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिले के 298 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त उगना महादेव मंदिर क्षेत्र में 143 दंडाधिकारी, 124 पुलिस पदाधिकारी, 320 सशस्त्र बल, 268 लाठी बल, 86 महिला पुलिस, 106 चौकीदार एवं 55 अन्य कर्मियों सहित कुल 1102 पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही दफ्ळ की दो टीमों को भी तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें, किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों एवं जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराएं तथा श्रद्धालुओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बल की मांग भी तत्काल जिला स्तर पर भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि बिस्फी के उगना महादेव मंदिर के अतिरिक्त रहिका प्रखंड के कपिलेश्वर स्थान, पंडौल प्रखंड के उगना महादेव एवं दोमंठा मंदिर, हरलाखी के कलानेश्वर महादेव मंदिर, राजनगर के भूतनाथ मंदिर, झंझारपुर, फुलपरास, जयनगर सहित जिले के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ती है। इन सभी स्थलों पर भी पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव, ऑटो स्टैंड, प्रमुख मार्गों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह अथवा भ्रामक सूचना फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी तथा ऐसे मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम प्रशासनिक अथवा पुलिस अधिकारी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष को दें। प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम वातावरण में पूजा-अर्चना की सुविधा उपलब्ध कराना है। श्रावणी मेला-2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन समन्वित रूप से कार्य करेगा।

# मादक पदार्थ के विरूद्ध मधुबनी पुलिस की कार्रवाई 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 30 जुलाई को फुलपरास थाना की गस्ती टीम को गुप्त सुचना प्राप्त हुई की धीरज तिवारी एवं कृष्ण कुमार तिवारी दोनों पे०- रामनारायण तिवारी, सा०-फुलपरास तथा राजा साह सा०-बथनाहा, सभी मिलकर धीरज तिवारी के घर एवं मेडिकल दुकान में ब्राउन शुगर रखे हुए है तथा छोटा-छोटा पुड़िया बनाकर बेचते है। प्राप्त सुचना वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस द्वारा धीरज तिवारी एवं कृष्ण कुमार तिवारी के घर पहुँची



गिरफ्तार अभियुक्त

गई तो पुलिस को देखते हीं घर के अन्दर से 03 व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे परन्तु पुलिस बल के सहयोग से सभी व्यक्ति को घर के अन्दर हीं पकड़ लिया गया। पकडाए व्यक्ति का नाम, पता पूछने पर अपना नाम 01. धीरज तिवारी, 02. कृष्ण कुमार तिवारी दोनों पे०- रामनारायण तिवारी तथा राजा साह, पे०-चुलहाई शाह, सा०-बथनाहा सभी थाना-फुलपरास, जिला-मधुबनी बताया। विधिवत तलाशी के क्रम में घर एवं दुकान के अन्दर से प्लासटिक,स्टील के डब्बा,बर्तन से कुल मात्रा-38.85 ग्राम ब्राउन शुगर, 3400/- रुपया एवं 01 मोबाईल बरामद हुआ। पकडाए व्यक्ति से बरामद ब्राउन शुगर के संबंध में पूछ-ताछ करने पर उनसभी द्वारा बताया गया कि दिनांक 28.07.2026 को सिकंदर पासवान, पे०-बिशेसर पासवान, सा०-जोगिया, थाना-लदनिया एवं रहमान नाम के बंगाली व्यक्ति, जो कि ब्राउन शुगर बंगाल से लाता है, से खरीद कर लाये हुए हैं एवं हमलोग इसका बिक्री का कार्य करते हैं। धीरज तिवारी द्वारा यह भी बताया गया कि मैं अपने ग्रामीण अमित तिवारी, पे०-झुनझुन तिवारी जो की बस इंचार्ज है के सहयोग से इस मादक पदार्थ को बेचते हैं। इस घटना के संदर्भमें तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं फुलपरास थाना कांड सं0-329/26 दिनांक-30. 07.2026 को सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बेनीपट्टी में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह की, तैयारी को लेकर एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह श्री लीलाधर उच्च विद्यालय, बेनीपट्टी के प्रांगण में आयोजित होगा, जहां अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। समारोह में सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपने-अपने विद्यालय के बैनर के साथ भाग लेंगे। स्काउट-गाइड सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र परेड में



बैठक करते एसडीएम

शामिल होंगे। परेड की निगरानी एवं अनुश्रवण की जिम्मेदारी पुलिस निरीक्षक, बेनीपट्टी अंचल को सौंपी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ड्रीम वैली इंग्लिश स्कूल की छात्राएं राष्ट्रगान प्रस्तुत करेंगी, जबकि मैडोना इंग्लिश स्कूल के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत करेंगे। झंडा गीत की प्रस्तुति परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा दी जाएगी। एसडीओ ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र के महादलित टोलों में झंडोत्तोलन की तैयारियों की निगरानी सुनिश्चित करें। वहीं, थानाध्यक्ष बेनीपट्टी को परेड के लिए पुलिस बल एवं परेड निरीक्षण हेतु वाहन उपलब्ध कराने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत बेनीपट्टी के कार्यपालक पदाधिकारी को समारोह स्थल एवं नगर क्षेत्र की सड़कों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एसडीओ ने स्पष्ट किया कि झंडोत्तोलन में केवल नए एवं स्वच्छ राष्ट्रीय ध्वज का ही प्रयोग किया जाए तथा किसी भी स्थिति में कटे-फटे या दागयुक्त झंडे का उपयोग नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण के तुरंत बाद उसी मंच से विभिन्न सरकारी विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के दौरान पेयजल की व्यवस्था नगर पंचायत तथा चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस, चिकित्सक एवं एएनएम की प्रतिनियुक्ति प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बेनीपट्टी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रशांत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी महेश्वर पंडित, सीडीपीओ कुमारी रेखा, बीपीएम जीविका प्रणवतोष मिश्रा, थानाध्यक्ष अनुप कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर प्रशासन का विशेष फोकस, डीएन हाई स्कूल में होगा उद्घाटन समारोह का आयोजन**

# बाबा गरीबनाथ धाम श्रावणी मेला राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आज करेंगे उद्घाटन

**नवसंदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुरक्षित और व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेले का उद्घाटन 2 अगस्त को अपराह्न 3:30 बजे डीएन हाईस्कूल में आयोजित उद्घाटन समारोह में राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप जयसवाल द्वारा किया जाएगा।

उद्घाटन से पूर्व जिलाधिकारी कुमार गौरव ने शनिवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर, डीएन हाई स्कूल, जिला स्कूल, आरडीएस कॉलेज सहित विभिन्न ठहराव स्थलों और कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने तैनात दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के ठहराव स्थलों पर उपलब्ध सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जिला स्कूल और आरडीएस कॉलेज में बनाए गए विश्राम स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए बेड, गद्दा, तकिया, पंखा, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्नानागार, शौचालय तथा मोबाइल चार्जिंग जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने शौचालयों की नियमित सफाई, पेयजल की सतत आपूर्ति और उसकी गुणवत्ता की निरंतर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


उद्घाटन समारोह स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी गण।

जिला प्रशासन ने इस वर्ष व्यवस्था की निगरानी के लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम भी तैयार किया है। कांवरिया पथ और सभी ठहराव स्थलों पर उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता, बिजली-पानी की उपलब्धता तथा दंडाधिकारियों की उपस्थिति की प्रतिदिन सुबह और शाम चेकलिस्ट के आधार पर जांच होगी। इसकी रिपोर्ट डीएन हाई स्कूल स्थित केंद्रीकृत कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी, जहां से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डीएन हाई स्कूल में केंद्रीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो पूरे मेले की गतिविधियों पर लगातार नजर रखेगा। इसके अलावा बाबा गरीबनाथ मंदिर के गर्भगृह से बाबा के दर्शन और जलाभिषेक का लाइव प्रसारण भी कराया जाएगा। ताकि दूर-दराज के श्रद्धालु भी दर्शन का लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि श्रावणी मेला पूरे महीने चलेगा।

इसके सफल आयोजन और बेहतर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिले के नागरिकों से भी प्रशासन का सहयोग करने और श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुविधा में भागीदार बनने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा, नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### औराई विस से दीनबंधु क्रांतिकारी, प्रिय रंजन ठाकुर व चंदन ठाकुर को प्रदेश कमेटी में मिली जिम्मेदारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत औराई विधानसभा क्षेत्र से दीनबंधु क्रांतिकारी को प्रदेश महासचिव तथा प्रिय रंजन ठाकुर एवं चंदन ठाकुर को प्रदेश सचिव के रूप में चयनित किया गया है। दीनबंधु क्रांतिकारी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी सक्रिय कार्यकताओं को सम्मान देने के साथ-साथ संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही मंडल एवं वार्ड अध्यक्षों का भी चयन कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। औराई एवं कटरा क्षेत्र से तीन नेताओं को प्रदेश कमेटी में स्थान मिलने पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, कटरा प्रखंड अध्यक्ष फैजाने मुस्तफा, जिला महासचिव विकास टुल्लू, अमरेश कुमार सिंह, अमरेंद्र चौधरी, कंचन झा, नैन वारसी, अमरेंद्र सिंह मुन्ना, रामरतन सिंह, अजय ठाकुर, मनीष कुमार, मांगलानंद सिंह, नीरज सहनी, मोहम्मद सरफराज, विक्की पासवान, अनिल गुप्ता, अजय यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी नव-मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में स्तनपान एवं महिला स्वास्थ्य पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में "स्तनपान एवं महिला स्वास्थ्य" विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव उदय शंकर प्रसाद सिंह थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य पूरे परिवार और समाज की खुशहाली का आधार है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों को दूर करने तथा सही जानकारी लोगों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के अध्यक्ष रोटेरियन रितेश अनूपम ने की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है तथा महिला एवं बाल स्वास्थ्य को बढ़ावा देना क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं जागरूक महिला ही स्वस्थ, समृद्ध और सशक्त समाज की नींव रखती है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉ ललिता सिंह ने महिलाओं को स्तनपान के महत्व, सही तकनीक, माँ और शिशु को होने वाले स्वास्थ्य लाभ तथा प्रसव के तुरंत बाद स्तनपान शुरू करने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद पहले छह माह तक केवल माँ का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है। साथ ही महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है। संगोष्ठी के दौरान उपस्थित महिलाओं ने स्तनपान, मातृ स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड तथा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, मातृ देखभाल एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। मौके पर रोटेरियन नील मणि, सचिव आशीष शंकर, अमित राज, उदय भानू, संजीव चौधरी, भृगु कुमार, प्रेम कुमार चौधरी सहित रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के अनेक रोटेरियन्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत के सचिव रोटेरियन आशीष शंकर ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि गण

### वनवासी कल्याण आश्रम के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व बद्री अग्रवाल की पंचम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** वनवासी कल्याण आश्रम, महानगर समिति, मुजफ्फरपुर द्वारा आश्रम के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व बद्री अग्रवाल की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया ने की तथा संचालन महानगर सचिव राकेश सम्राट ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व बद्री अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ।सभा को संबोधित करते हुए आश्रम के संरक्षक दिग्विजय कुमार ने कहा कि स्व. बद्री अग्रवाल का प्रेरणादायी व्यक्तित्व, सादगी, सेवा-भाव एवं संगठन के प्रति समर्पण सदैव हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। प्रांत मंत्री आलोक कुमार ने कहा कि स्व बद्री अग्रवाल ने वनवासी कल्याण आश्रम को अपने तन, मन और धन से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उपाध्यक्ष डॉ यशवंत ने अपने संबोधन में कहा कि स्व बद्री अग्रवाल जी समय के अत्यंत पाबंद, अनुशासित एवं अपने वचन के पक्के व्यक्ति थे। वे जिस कार्य का संकल्प लेते थे, उसे पूर्ण करके ही दम लेते थे। छात्रावास प्रमुख डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि स्व बद्री अग्रवाल का सामाजिक जीवन एवं सेवा-भाव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है, जिससे समाज एवं संगठन के प्रति निरंतर कार्य करने की ऊर्जा प्राप्त होती है। इस अवसर पर स्व. बद्री अग्रवाल के पुत्र एवं वनवासी कल्याण आश्रम के सह सचिव संदीप अग्रवाल ने उनके अधूरे सपनों एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने मुजफ्फरपुर स्थित बिरसा मुंडा छात्रावास के विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन सामग्री (शैक्षणिक किट) का वितरण भी किया। कार्यक्रम में मंजू शर्मा, डॉ विजय कृष्ण, आशा सिन्हा, ज्योति द्विवेदी, सर्वेश कुमार, राम प्रवेश सिंह, सुभाष बिंजराजका, विश्वनाथ भरतिया,राजकुमार सिंह, रजा आलम, राहुल कुमार, सोनेलाल सोरेन, ऋषि कुमार, विमलेश कुमार, रविकिशन कुमार, मौसम पालड़ीवाल, मनोज कुमार डागा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एलपीजी रिसाव से लगी भीषण आग सिलेंडर विस्फोट, एक व्यक्ति झूलसा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मनियारी थाना क्षेत्र के विशुनपुर टोला, वार्ड संख्या-2 स्थित एक घर में शनिवार की सुबह दूध गर्म करने के दौरान एलपीजी गैस सिलेंडर लीकेज होने के कारण लगी आग से 4 घर जलकर राख हो गए। घर में आग लगने से मची अफरा तफरी के बीच परिवार के लोगों को आग से बचाने के प्रयास में गृहस्वामी झूलसकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इससे पहले भीषण आग की लपटें आसपास के चार घरों को अपनी चपेट में ले चुकी थी। जबतक अग्निशमन की टीम आग पर काबू पाती, इससे पहले हीं चार घर सहित लगभग 10 लाख की संपति राख के ढेर में बदल चुकी थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह-सुबह घर में एक महिला बच्चे के लिए दूध गर्म कर रही थी। इसी

**चार घरों सहित 10 लाख से अधिक की संपति जलकर राख, दूध गर्म करने के दौरान हुई घटना**

दौरान अचानक एलपीजी सिलेंडर में रिसाव के कारण आग लग गई। देखते ही देखते तेज धमाका हुआ और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार घर जल गए। अचानक लगी आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तेज लपटों के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस घटना में मो नियाज और मो सिराज के घर भी पूरी तरह राख हो गए।


गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद लगी भीषण आग से जलकर राख हुआ चार घर।

पीड़िता सलमा खातून ने बताया कि सुबह बच्चे के लिए दूध गर्म किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई। आग लगते ही सभी लोगों को घर से बाहर निकलने के लिए कहा गया। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। इसी दौरान सिलेंडर में धमाका हुआ और आग ने आसपास के चार घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि उनके घर और बच्चों के घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

इस अग्निकांड में 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग बुझाने के दौरान एक व्यक्ति झुलस गया। हालांकि ग्रामीणों की मदद से उसकी जान बचा ली गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि सिलेंडर में रिसाव के बाद हुए हादसे के कारण आग लगी थी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा प्रशासन, डीएम ने भव्य समारोह की तैयारी का संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य राजकीय समारोह को ऐतिहासिक पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, सिकंदरपुर में गरिमापूर्ण एवं भव्य तरीके से आयोजित करने की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिला स्तर से पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति तथा शिक्षा, खेल, यात्री सुरक्षा, परेड सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के चयन के लिए तीन सदस्यीय पुरस्कार चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा


बैठक करते डीएम कुमार गौरव व सिटी एसपी।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समयबद्ध और त्रुटिरहित तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रशासन का महत्वपूर्ण एवं प्रोटोकॉल आधारित आयोजन है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने संभावित मौसम को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था, नियमित पूर्वाभ्यास तथा सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी जिले के सभी महादलित बहुल टोलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इन स्थानों पर समुदाय के सबसे वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा तथा कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए कि मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। बैठक में भवन प्रमंडल को रंग-रोगन एवं आधारभूत सुविधाएं दुरुस्त करने, नगर निगम को व्यापक सफाई एवं जलनिकासी, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और हाईमास्ट लाइटों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने, सिविल सर्जन को चिकित्सकीय दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था करने, अग्निशमन विभाग को आपातकालीन तैयारी रखने तथा यातायात पुलिस को सुचारु ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परेड की तैयारियों के तहत संयुक्त पूर्वाभ्यास 6 से 9 अगस्त तक होगा, जबकि अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, सिकंदरपुर में आयोजित की जाएगी।

## मंत्री रमा निषाद ने किया विभागीय प्रदर्शनी शिविर सह कांवरिया एवं श्रद्धालु विश्राम शिविर का उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राज्य की पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद ने शनिवार को विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत चंद्रहटी पंचायत के बायपास स्थित भूपनारायण इंटर कॉलेज के समीप विभागीय प्रदर्शनी शिविर सह कांवरियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विश्राम एवं अन्य सुविधाओं से युक्त काँवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन किया।

इस मौके पर मंत्री रमा निषाद ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। विभागीय प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से आमजन को विभाग की विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्ति, छात्रावास, कौशल विकास तथा अन्य लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सावन माह में बोलबम कांवर यात्रा में जाने वाले कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके विभाग द्वारा शुरू किए गए सेवा शिविर में काँवरियों के विश्राम, पेयजल, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के इस प्रयास की सराहना की।



विभागीय प्रचार सह काँवरिया ठहराव शिविर का उद्घाटन करती मंत्री रमा निषाद।

## नव संचेतन सेवा दल के सदस्यों को श्रावणी मेला में सेवा का मार्गदर्शन दिए जाने के साथ अतिथियों ने किया स्वागत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पिछले 21 वर्षो से साहित्य, नाटक एवं विविध कला संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय शहर की चर्चित नाट्य संस्था "नव संचेतन" द्वारा वर्ष 2005 से संचालित नव संचेतन सेवा दल द्वारा शनिवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर सभगार में 'नव सचेतन सेवादल' के सदस्यों का स्वगात समारोह आयोजित किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में डॉ विकास नारायण उपाध्याय, बाबा गरीबनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पं विनय पाठक, वरीय अधिवक्ता अरुण शर्मा , वरीय अधिवक्ता निर्भय प्रसाद, रंगीश ठाकुर, रवि नंदन एवं निशा कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों का स्वागत संस्था के संस्थापक सचिव प्रमोद कुमार आजाद और सेवादल के संयोजक पंकज कुमार ने किया। इसके पश्चात सेवा में एकरूपता और पहचान के लिए पांच सौ 'नव संचेतन सेवादल' के सदस्यों को आई कार्ड और टी शर्ट अतिथियों के हाथों वितरित किया गया। साथ ही सेवादल के सदस्यों को रविवार से शुरू हो रहे श्रावणी मेला में काँवरियो की सेवा, भीड़ नियंत्रण सहित अन्य सेवा कार्य में श्रद्धा और समर्पित भाव से सेवा देने संबंधी निर्देश व मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल नयन और धन्यवाद ज्ञापन संस्था के पुराने सदस्य सुनील कुमार ने किया।



# रौतिनिया कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का काँटी विधायक ने किया उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर/काँटी(एनएसबी)।** मड़वन प्रखंड के रौतिनिया स्थित बहुप्रतीक्षित कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। स्थानीय विधायक ई अजीत कुमार एवं अपर समाहर्ता धनंजय कुमार ने नगर विधायक रंजन कुमार, मेयर निर्मला साहू तथा उप मेयर डॉ मोनालिशा की मौजूदगी में नारियल फोड़कर एवं स्विच ऑन कर कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ई अजीत कुमार ने कहा कि फिलहाल प्लांट में सूखे कचरे का निस्तारण शुरू किया गया है।

लगभग 15 दिनों बाद गीले कचरे के प्रसंस्करण के साथ उससे गैस बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को दुर्गंध, मक्खी और मच्छरों की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। यह कांटी विधानसभा क्षेत्र के लिए सबसे सुखद दिनों में से एक है। विधायक ने बताया कि प्लांट में अत्याधुनिक प्रोमेल मशीन लगाई गई है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन 300 से 500 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। मशीन की सहायता से कचरे से मिट्टी, प्लास्टिक, कागज एवं अन्य सामग्री को अलग-अलग कर उनका उचित प्रबंधन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के विधायकों का दल भी जल्द ही इस प्लांट का निरीक्षण करेगा। कार्यक्रम में कांटी सीओ मुकेश कुमार, मड़वन सीओ पुष्कल कुमार, कार्यपालक अभियंता विजय कुमार, सहायक अभियंता, नगर पार्षद राजीव कुमार पंकू, अभिमन्यु चौहान, मोहम्मद इकबाल, मो सैफ अली, सनत कुमार, अजय ओझा, अर्चना पंडित, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, पूर्व प्रमुख मोहम्मद मोहसीन, मोतीउर रहमान, मनोज सिंह, मो अली अहमद, अजय चौधरी, सुरेश सिंह, मो. जाबिर, मो. मोहिब सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। मौके पर स्थानीय लोगों ने प्लांट के उद्घाटन पर हर्ष ब्यक्त करते हुए

कहा कि वे करीब 70 वर्षो से कचरे, गंदगी, बदबू और मक्खी-मच्छरों की समस्या झेल रहे थे। कचरा प्रोसेसिंग प्लांट के शुरू होने से अब स्वच्छ वातावरण के साथ बेहतर जीवन की उम्मीद जगी है। उद्घाटन के दौरान लोगों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।


कचरा प्रोसेसिंग प्लांट के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक ई अजीत कुमार के साथ अन्य अतिथि गण।

**प्रतिदिन 300 से 500 टन कचरे का वैज्ञानिक तरिके से होगा निस्तारण, 15 दिनों बाद गीले कचरे से गैस बनाने की प्रक्रिया होगी शुरू**

## सप्ताह में कम-से-कम तीन दिन कोर्ट कार्य करें नीलाम पत्र पदाधिकारी, प्रतिमाह न्यूनतम 50 मामलों के निष्पादन का लक्ष्य : आयुक्त

# नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन एवं राजस्व वसूली में तेजी लाएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले से संबंधित नीलाम पत्र वादों के निष्पादन एवं राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त ने लंबित नीलाम पत्र वादों के त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन के साथ-साथ राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में सीतामढ़ी के प्रभारी डीएम एवं शिवहर जिलाधिकारी के साथ दोनों जिले के पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने कहा कि लंबित नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए मिशन मोड में कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने तथा बड़े एवं पुराने बकायेदारों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नीलाम पत्र पदाधिकारी सप्ताह में कम-से-कम तीन दिन नियमित रूप से कोर्ट कार्य करें तथा प्रत्येक पदाधिकारी के लिए प्रतिमाह न्यूनतम 50 नीलाम पत्र वादों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप मामलों के निष्पादन की नियमित समीक्षा करने तथा प्रगति में अपेक्षित तेजी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से सबसे पुराने लंबित मामलों एवं बड़े बकायेदारों के विरुद्ध प्राथमिकता के आधार पर



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह व उपस्थित अन्य अधिकारी।

कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, लंबित वारंटों के त्वरित निष्पादन के लिए पुलिस विभाग से आवश्यक सहयोग प्राप्त करने तथा नीलाम पत्र एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

आयुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित बकाया राशि की वसूली के लिए प्रभावी एवं ठोस कार्रवाई करें। उन्होंने कोर्ट फी, तलवाना राशि, बॉडी वारंट के प्रभावी अनुपालन तथा वारंटों के निष्पादन की भी नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी सुश्री श्वेता भारती एवं जिला पदाधिकारी शिवहर प्रतिभा रानी ने आयुक्त को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए निदेशों का प्रभावी एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

बैठक में नीलाम पत्र वादों के निष्पादन की वर्तमान स्थिति, लंबित मामलों, कोर्ट फी, तलवाना राशि, बॉडी वारंट के अनुपालन, वारंटों के निष्पादन, साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं राजस्व वसूली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्देश दिया गया कि नीलाम पत्र वाद की सुनवाई को अपने रूटीन कार्य में शामिल करें एवं अधिक अधिक वादों का निष्पादन करें।

निर्देश दिया कि संबंधित सभी पदाधिकारी अपने अधीन न्यायालय में प्राप्त आवेदन एवं अभिलेख को रजिस्टर -09 एवं 10 से मिलान करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही नीलाम पत्र वाद से संबंधित मामलों की प्रतिदिन सुनवाई करने तथा प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक मामलों में ऋण वसूली का कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के दौरान आयुक्त महोदय ने सभी जिला स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्गत वारंट ,प्राप्त आपत्तियां,नोटिस तामिला हेतु लंबित मामलों आदि के संबंध में भी अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी ,सीतामढ़ी अभिराम त्रिवेदी ने बताया कि 31.7.2026 तक कुल लंबित वाद 10525 है। 833 वडी वारंट निर्गत है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 तक कुल निष्पादित वादों की संख्या 352 है जिसमें वसूल की गई राशि 9,052,6,358 रुपये है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी एवं शिवहर, अपर समाहर्ता सीतामढ़ी एवं शिवहर, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सीतामढ़ी बृजकिशोर पांडेय, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी सीतामढ़ी अभिराम त्रिवेदी के साथ जिला स्तरीय सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि दोनों ही जिले के सभी बीडीओ, सीओ, एसडीओ वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा गणिनाथ गोविंद मंदिर के गुंबद पर धूमधाम से हुई कलश की स्थापना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर के कोट बाजार स्थित श्री बाबा गणिनाथ गोविंद मंदिर के गुंबद निर्माण के बाद धूमधाम से कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर गुंबद निर्माण समिति की ओर से पूजा अर्चना के साथ समारोह का आयोजन किया गया। पंडित अशर्फी साह ने विधिवत वेद मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर गुंबद पर कलश की स्थापना कराई। मुख्य यजमान डा अमरनाथ गुप्ता व मनोज कुमार साह ने सपत्नीक कलश की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से भजन कीर्तन के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष डा. अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि जनसहयोग से करीब 25 लाख की लागत से मंदिर के गुंबद का निर्माण कराया गया है। समारोह में समिति के सचिव शशि रंजन कुमार, महेश कुमार उर्फ छोटू, सुरेश कुमार गुप्ता, कैलाश साह, मनोज कुमार, प्रेम कुमार मानजन, पवन साह, अशोक गुप्ता, रमेश साह सहित अन्य महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।


नव निर्मित गुंबद युक्त बाबा गणिनाथ गोविंद मंदिर।

### प्रधानाध्यापक गंगा प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय, नन्दबारा के प्रधानाध्यापक गंगा प्रसाद के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विद्यालय परिसर में भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सुनील कुमार गौड़ सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ सह प्रभारी बीईओ सुनील कुमार गौड़ ने गंगा प्रसाद के लंबे एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समर्पित कार्यशैली से विद्यालय और शिक्षा जगत को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने गंगा प्रसाद


उच्च माध्यमिक विद्यालय नन्दबारा में विदाई सह सम्मान समारोह में छात्र-छात्राएं, अधिकारी व शिक्षक।

के स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश चौधरी, प्रभाकर मिश्र कुमार, शिवनाथ राम, बजरंगी दास, लालबाबू पासवान, संजय कुमार, शिक्षक करुणाकर मिश्रा, जितेंद्र पासवान, श्याम कुमार, नीतीश कुमार सहित अन्य शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने गंगा प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सुखमय, स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की शुभकामनाएं दीं।विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने गंगा प्रसाद के शैक्षणिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। समारोह के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी अपने प्रिय प्रधानाध्यापक को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक वीरेश्वर प्रसाद एवं महेंद्र प्रसाद सिंह ने भी गंगा प्रसाद के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

### 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान' के तहत युवाओं को दिलाई जाएगी ऑनलाइन शपथ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा 'माई भारत' (माई भारत - मेरा युवा भारत) के तत्वावधान में युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत - संकल्प अभियान" का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा रविवार दिनांक 02 अगस्त 2026 को किया जाना है। इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत देशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस महाभियान से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों और कौशल विकास संस्थानों को जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, नेहरू युवा केंद्रों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), एनसीसी, जीविका दीदियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, उद्योग संगठनों तथा सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित करते हुए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। रविवार दिनांक-02.08.2026 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी को वर्चुअल रूप से जुड़ना है। नशामुक्ति संबंधी इस कार्यक्रम में भाग लेने और शपथ ग्रहण करने के लिए युवाओं को 'माई भारत पोर्टल' पर पंजीकृत कराते हुए ऑनलाइन शपथ दिलाई जाएगी। शिवहर जिले में इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), जिला नियोजन पदाधिकारी को जिम्मेदारियां दी गई हैं। साथ ही निम्नलिखित शैक्षणिक संस्थानों प्राचार्य अपने स्तर से छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शपथ दिलाना सुनिश्चित करेंगेः 1. सीतामढ़ी अभियंत्रण महाविद्यालय, सीतामढ़ी 2. आईटीआई, सीतामढ़ी, 3. राजकीय महाविद्यालय, सीतामढ़ी,राजकीय पॉलिटेक्निक, सीतामढ़ी, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, के इलावा बाकी शिक्षण संस्थानों में भी वर्चुअल संवाद के जरिए युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी।

## पुनौरा धाम मंदिर निर्माण कार्यों की डीडीसी ने की समीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती ने शनिवार को पुनौरा धाम मंदिर परिसर का भ्रमण कर निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में मंदिर निर्माण एवं परिसर के समग्र विकास कार्यों की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

**गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर दिया विशेष जोर**

बैठक में विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी, संबंधित अभियंतागण तथा मंदिर निर्माण कार्य कर रही एजेंसी अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एजेंसी द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) के माध्यम से निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से मुख्य सचिव को अवगत कराया गया।

समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में उपलब्ध मानव संसाधन एवं मशीनरी की वर्तमान स्थिति, अस्थायी निर्माण कार्यों की प्रगति, निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की उपलब्धता, आगामी तीन माह (1 सितंबर 2026 से 30 नवंबर 2026) के लक्ष्यों, सड़क नेटवर्क के विकास, सार्वजनिक संपर्क मार्गों की प्रगति सहित विभिन्न तकनीकी एवं आधारभूत पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया कि मंदिर निर्माण एवं पुनौरा धाम परिसर के समग्र विकास से जुड़े सभी कार्य निर्धारित



मंदिर निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षात्मक बैठक में डीडीसी व अन्य।

समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सरकार की महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में शामिल है, इसलिए प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी करते हुए कार्यों में अपेक्षित गति बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को भी आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा एवं जिला प्रशासन के द्वारा पुनौरा धाम मंदिर निर्माण एवं समग्र विकास परियोजना की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की जाती रही है। इसी क्रम में आज की समीक्षा बैठक में डीडीसी के द्वारा कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## मुजफ्फरपुर में झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज



बैठक करते माहेश्वरी सभा के पदाधिकारी।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा की कार्य समिति एवं कार्यकारी मंडल के सत्र-14 की अंतिम बैठक तथा सत्र-15 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 2 अगस्त 2026 (रविवार) को मुजफ्फरपुर माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में नारायणी बैंक्वेट हॉल, तिलक मैदान रोड, मुजफ्फरपुर के द्वितीय तल पर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार समारोह में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी, स्थानीय विधायक रंजन कुमार तथा बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं दरभंगा के विधायक संजय सरावगी के शामिल होने की संभावना है।

समारोह का विशेष आकर्षण यह होगा कि मुजफ्फरपुर के मनोज डागा के झारखंड-बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में उनका अभिनंदन किया जाएगा। आयोजकों ने इसे मुजफ्फरपुर के लिए गौरव का विषय बताया है। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन का प्रमुख उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, शिक्षा से वंचित बच्चों तथा आजीविका से वंचित परिवारों को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश एवं स्थानीय ट्रस्टों के माध्यम से सहयोग उपलब्ध कराना है। साथ ही बच्चों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय शाखा के अध्यक्ष सुनील मुंदड़ा, सचिव किसन डागा, कोषाध्यक्ष रमेश तोषणीवाल, प्रकाश चांडक, सुमित गट्टानी, सत्यनारायण चांडक, आकाश गट्टानी, महिला संगठन की अध्यक्षा राजश्री डागा, महिला संगठन की कोषाध्यक्ष राज चांडक, वंदना तोषणीवाल, बेला तोषणीवाल सहित सभा एवं युवा संगठन के सभी सदस्य थे।

## नगर के कोट बाजार से उप डाकघर के स्थानान्तरण पर शहर वासियों में रोष

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर के कोट बाजार से उप डाकघर के स्थानान्तरण पर शहर वासियों ने रोष प्रकट किया है। मालूम हो कि कई दशक तक कोट बाजार के कई स्थानों से यह शाखा डाक सेवा देती रही है। किंतु केंद्र सरकार के सौतेला व्यवहार के कारण डाक घर के भवन का निर्माण नहीं हो सका।

षडयंत्र के तहत शहर से बिल्कुल बाहर चकमहिला ग्राम में उप डाकघर स्थानांतरित कर दिया गया है।

जिला कांग्रेस कमिटी के निवर्तमान अध्यक्ष रकटू प्रसाद एवं पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील ने बयान जारी कर कहा है कि इस उप डाकघर की सेवा का लाभ शहरवासी दशकों तक उठाते रहे हैं। डाकघर का स्थानांतरण बाहर कर देने से छोटे बचत के खाताधारकों को काफी कठिनाई हो रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रोहन गुप्ता, रवि ऊंटवालिया, मनोज प्रसाद बबलू, उमेश शिकारिया, संदीप डालमिया ने भारत सरकार से मांग की है कि जनसुविधा को ध्यान में रखकर कोट बाजार में उप डाकघर को तुरंत स्थापित करे।

## उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बसंत जगजीवन में तिरंगा फहराने, बाँधने एवं उतारने का दिया गया प्रशिक्षण

**सीतामढ़ी/ शिवहर/पुरनहिया (एनएसबी)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बसंत जगजीवन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, सही तरीके से तिरंगा बाँधने, फहराने तथा उतारने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय ध्वज संहिता के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई और बताया गया कि तिरंगे का प्रयोग सदैव गरिमा एवं सम्मान के साथ किया जाना चाहिए।

प्रशिक्षक डॉ राजीव कुमार काजू ने विद्यार्थियों को तिरंगे को सही ढंग से मोड़ने, ध्वजारोहण की विधि तथा कार्यक्रम के समापन के बाद सम्मानपूर्वक ध्वज उतारने की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन-बान-शान का प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उसका सम्मान करे तथा ध्वज संहिता का पालन करे।


तिरंगा बाँधने, फहराने तथा उतारने का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक डॉ राजीव कुमार काजू व अन्य।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से आयोजित करना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षक शत्रुधन प्रसाद, छोटन कुमार, अनमोल कुमार, धीरज कुमार व धर्मेंद्र कुमार ने विशेष सहयोग कर अपनी भूमिका का निर्वहन किया। वहीं छात्र अमन कुमार, रणधीर, सोनम शर्मा, अपर्णा, मुस्कान, आकृति कुमारी, श्रुति कुमारी, पलक कुमारी, सलोनी कुमारी, निशा कुमारी, गुल्लू कुमारी ने अभ्यास कर सीखा।

## 1 सितंबर को दिल्ली कूच का आह्वान, प्रो. संजय सिंह को पुनः जिताने का संकल्प

# भाकपा सीतामढ़ी-शिवहर जिला परिषद की संयुक्त बैठक संपन्न

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की सीतामढ़ी और शिवहर जिला परिषद की एक संयुक्त विस्तारित बैठक का. केदार शर्मा एवं का. सच्चिदानंद सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मेहसौल चौक, सीतामढ़ी स्थित 'शहीद चंद्रनाथ भवन' में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और राजनीतिक रणनीतियों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयः

पदयात्रा का आयोजनः आगामी 06 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 तक जनसंपर्क और पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला परिषद और अंचल परिषद के सभी सदस्य अनिवार्य रूप से शामिल होंगे।

दिल्ली रैली की तैयारीः 01 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली विशाल रैली में सीतामढ़ी और शिवहर से हजारों की संख्या में पार्टी साथी ट्रेन के माध्यम से दिल्ली कूच करेंगे। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन चुनावः आगामी तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में वर्तमान विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह को पुनः भारी बहुमत से जिताकर उच्च सदन में भेजने का दृढ़ संकल्प लिया गया।



भाकपा सीतामढ़ी-शिवहर जिला परिषद की संयुक्त बैठक में शामिल लोग।

**छात्रों पर पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ फूटा आक्रोश :** इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड रामनरेश पांडेय ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए 1 सितंबर को दिल्ली चलना आवश्यक है। देश में अब बदलाव बेहद जरूरी हो गया है।"

उन्होंने छात्रों पर हो रहे अत्याचारों की निंदा करते हुए कहा, "छात्रों के शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन पर जिस तरह की बर्बरता दिखाई गई है, उससे पूरे देश के छात्र और युवा आक्रोशित हैं। छात्रों के प्रति दिल्ली पुलिस का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। हम मांग करते हैं कि सरकार जवाब दे कि आखिर किन परिस्थितियों में दिल्ली के अंदर निहत्थे छात्रों पर पेलेट गन (पैलेट गन) का प्रयोग किया गया? वहीं, बिहार के सीवान में छात्रों पर एके-47 से गोलियां चलाई गईं। देश के गृह मंत्री को सामने आकर इन घटनाओं की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इसका जवाब देना चाहिए।"

### शिक्षकों के हक की लड़ाई जारी रहेगीः प्रो. संजय कुमार सिंह

बैठक को संबोधित करते हुए तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा, "जब से मैं सदन का सदस्य निर्वाचित हुआ हूँ, तब से लगातार सदन के भीतर और सड़क पर शिक्षकों के अधिकारों की मुखरता से लड़ाई लड़ रहा हूँ। 'समान काम के लिए समान वेतन', वित्त रहित शिक्षकों, मदरसा एवं संस्कृत शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मैंने हमेशा शिक्षक साथियों के साथ कदम से कदम मिलाकर संघर्ष किया है। मैंने सरकार से लगातार जवाब मांगा है और उनके हक-अधिकार की यह लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी।"

इस विस्तारित बैठक में सीतामढ़ी और शिवहर जिले के कई वरिष्ठ पार्टी नेता शामिल थे, जिसमें पार्टी प्रभारी सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य का. मिथिलेश झा सीतामढ़ी जिला सचिव का.जयप्रकाश राय, शिवहर जिला सचिव का.रामनरेश सिंह, शत्रुघन सहनी,जगनारायण साह, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राज्य सचिव, मो. गयासुद्दीन, महेश झा, उमाशंकर प्रसाद सिंह, विजय कुमार शुक्ला, आलोक कुमार, सुरेन्द्र कुमार, संजीव ठाकुर, नवीन कुमार सिंह, श्रीप्रकाश पूर्वे, गिरेंद्र मिस्त्र, रामेश्वर मंडल, रविशंकर ठाकुर, सोनेलाल साह, वासुदेव दास, नरेश पासवान, विजय बैठा, मौजेलाल शर्मा, उपेन्द्र ठाकुर, पप्पू भगत, संजय कुमार, बिपिन राज, नूर आलम, गणेश साह, हैदर अली रंगरेज, रामाशीष सिंह, गोनौर पासवान, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## सम्पादकीय

# बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति 2026 के आने के बाद बढ़ी निवेशकों की दिलचस्पी

मधुबनी जिले के सकरी और दरभंगा जिले में स्थित रैयाम चीनी मिल की 20 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आधारशिला रखी जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है। सरकार द्वारा पांच वर्ष में 25 नई चीनी मिलें स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सकरी और रैयाम की चीनी मिल सहकारिता विभाग के माध्यम से चलाई जाएगी।

बिहार सरकार की सात निश्चय-3 के 'सशक्त उद्योग, सशक्त बिहार' योजना के तहत बिहार में बंद सभी चीनी मिलों को खोलने के साथ ही नई चीनी मिलें स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि बिहार के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकें। राज्य सरकार द्वारा गन्ना आधारित उद्योगों की स्थापना एवं गन्ना फसल क्षेत्र विकास के लिए बिहार गन्ना उद्योग निवेश प्रोत्साहन नीति 2026 की स्वीति प्रदान की गई है। इससे राज्य में गन्ना से जुड़ी उद्योगों को लगाने के लिए निवेशक आकर्षित हो रहे हैं।

गन्ना विस्तार के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों को अनुदानित दर पर 45 तरह के आधुनिक यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गन्ना की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है ताकि गन्ना का पैदावार बढ़ सकें और मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सकें। किसानों को गन्ना की खेती से जोड़ने के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई है।



विभाग द्वारा किसानों के हित के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है, जिसमें मुख्यमंत्री गन्ना बीज विकास योजना, गन्ना यांत्रिकरण योजना, गन्ना नर्सरी योजना, नई चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना विस्तार अभियान शुरू किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की तीन संस्थानों के साथ एमओयू किया गया है।

राज्य में चीनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए चीनी मिलों को सुगर कॉम्पलेक्स के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसमें चीनी के साथ ही इथेनल, बिजली और बायोगैस का उत्पादन होगा। गोपालगंज जिले में स्थित सासामुसा चीनी मिल का पुनरू परिचालन के लिए उस क्षेत्र के गन्ना किसानों को पूर्ववर्ती पेराई सत्रों का बकाये गन्ना मूल्य का भुगतान करने के लिए सरकार ने 43 करोड़ की स्वीकृति दी है। मिल के चालू होने और एक साल पेराई हो जाने के बाद किसानों के बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा।

सारण जिले के मढ़ौरा चीनी मिल विवाद में है, शीघ्र निष्पादित कराने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उसे चालू कराया जा सके। इसके अलावा सारण जिले के दूसरे प्रखंडों में भी नई मिल स्थापित करने के लिए सरकारी भूमि का चयन किया जा रहा है। मोतीपुर की बंद चीनी मिल की 266 एकड़ जमीन वापस लेने की स्वीकृति सरकार ने प्रदान कर दी है। पेराई सत्र 2025-26 में राज्य की चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य का शत प्रतिशत राशि 2137.83 करोड़ रुपये भुगतान कर दिया गया है। राज्य के गन्ना किसानों का सर्वे किया जा रहा है। इस वर्ष गन्ना की रिकवरी दर 10.3 फीसदी था। जो पिछले वर्ष की तुलना में राष्ट्रीय औसत से अधिक है। विभाग द्वारा संचालित गन्ना विकास की योजनाओं से गन्ना उत्पादन, उत्पादकता और रकबा में बढ़ोतरी होगी।

# लोकतांत्रिक आवाज के साथ विश्वासघात नहीं, सुधार की जरूरत



रेयाज आलम

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं कारपोरेट प्रोफेशनल

पेपर लीक और परीक्षाओं में होने वाली अनियमितताओं के खिलाफ पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) अमेंडमेंट बिल, 2026 अब कानून बन गया है। परीक्षा में धांधली करने वालों के लिए कड़ी सजा आवश्यक है, लेकिन किसी भी एंटी-पेपर लीक कानून की वास्तविक सफलता इस बात से तय होनी चाहिए कि वह अपराध होने के बाद कितनी कठोर सजा देता है, इससे नहीं बल्कि इस बात से कि वह अपराध को होने से पहले रोकने में कितना प्रभावी है।

रोकथाम सजा से अधिक महत्वपूर्ण है। जो छात्र वर्षो तक मेहनत करके किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है, उसे पेपर लीक होने के बाद कठोर सजा के ऐलान की जरूरत नहीं होती, उसे ऐसे परीक्षा तंत्र की आवश्यकता होती है जहाँ पेपर लीक करना लगभग असंभव हो।

एक व्यापक सुधार प्रणाली में प्रश्नपत्र तैयार करने और उसके परिवहन की सुरक्षित व्यवस्था, डिजिटल सुरक्षा, नियंत्रित पहुँच, परीक्षा संस्थाओं का स्वतंत्र ऑडिट, जवाबदेही, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, व्हिसलब्लोअर संरक्षण, त्वरित जांच और पारदर्शी शिकायत निवारण व्यवस्था शामिल होनी चाहिए।

सजा अंतिम सुरक्षा दीवार है, जबकि रोकथाम पहली सुरक्षा दीवार होनी चाहिए। यदि व्यवस्था केवल अपराधी को दंडित करने में कठोर और छात्र को सुरक्षित रखने में कमजोर रहती है, तो यह सुधार नहीं बल्कि केवल प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था बन जाएगी।

जेन जी ने लोकतांत्रिक शक्ति का प्रदर्शन किया है। परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के खिलाफ जेन जी के आंदोलन ने एक बड़े लोकतांत्रिक संदेश को जन्म दिया है।

छात्रों के बीच पैदा हुआ गुस्सा और असंतोष धीरे-धीरे एक संगठित लोकतांत्रिक आवाज में बदल गया, जिसने जवाबदेही की मांग उठाई। युवाओं के लगातार संघर्ष ने यह साबित किया कि युवा नागरिकों को राजनीतिक रूप से अपरिपक्व, अधीर या गैर-जिम्मेदार समझकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

जेन जी आंदोलन का सबसे महत्वपूर्ण संदेश केवल यह नहीं है कि एक मंत्री ने इस्तीफा दिया। असली संदेश यह है कि जब युवा नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से संगठित होते हैं, अपनी मांगों को स्पष्ट रूप से रखते हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते हैं, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं को उनकी बात सुननी पड़ती है।

किसी भी आंदोलन का अंतिम उद्देश्य संवाद, बातचीत और संस्थागत सुधार होना चाहिए। युवा आंदोलन का जवाब टकराव नहीं बल्कि संवाद होना चाहिए। प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों से बातचीत होनी चाहिए, उनकी जायज मांगों को दर्ज किया जाना चाहिए और उनसे किए गए वादों को पूरा किया जाना चाहिए।

समझौता राजनीतिक मोलभाव का माध्यम नहीं बन सकता। प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत और उसके बाद सामने आई सहमतियों एवं आश्वासनों के पश्चात उत्पन्न परिस्थितियों ने राज्य और नागरिकों के बीच विश्वास के एक गंभीर प्रश्न को जन्म दिया है।

> **किसी भी आंदोलन का अंतिम उद्देश्य संवाद, बातचीत और संस्थागत सुधार होना चाहिए। युवा आंदोलन का जवाब टकराव नहीं बल्कि संवाद होना चाहिए। प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों से बातचीत होनी चाहिए, उनकी जायज मांगों को दर्ज किया जाना चाहिए और उनसे किए गए वादों को पूरा किया जाना चाहिए।**

यदि युवा प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया जाए, उनके साथ कोई समझ या आश्वासन तय हो और उसी आधार पर आंदोलन वापस लेने या समाप्त करने की अपेक्षा की जाए, तो उन आश्वासनों की लोकतांत्रिक अहमियत होती है।

ऐसे आश्वासनों को बाद में कमजोर, बदल या चुनिंदा तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। यदि सरकार और युवाओं के बीच कोई समझ बनी है, तो उसका सम्मान और पालन आवश्यक है।

किसी भी समझ से पीछे हटना युवा पीढ़ी और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच एक गंभीर विश्वास संकट पैदा कर सकता है।

सरकार संसद में बहुमत के बल पर किसी बहस में जीत सकती है, लेकिन उसे अपने युवा नागरिकों का विश्वास खोने की कीमत नहीं चुकानी चाहिए।

सजा से रोकथाम तक, आंदोलन से सुधार तक। अब देश के पास अवसर है कि वह तत्काल राजनीतिक विवाद से आगे बढ़कर परीक्षा व्यवस्था में बुनियादी सुधार करे।

उद्देश्य केवल यह नहीं होना चाहिए कि पेपर लीक करने वालों में सजा का भय पैदा हो। उद्देश्य ऐसी परीक्षा व्यवस्था तैयार करना होना चाहिए जहाँ पेपर लीक करने का अवसर, प्रोत्साहन और संस्थागत कमजोरी ही मौजूद न रहे।

परीक्षा प्रक्रिया के हर स्तर पर जवाबदेही तय करने की जरुरत है। जिम्मेदारी केवल निचले स्तर के व्यक्तियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

यदि परीक्षा व्यवस्था बार-बार विफल होती है, तो हमें केवल यह नहीं पूछना चाहिए कि 'किसे सजा दी जाए' बल्कि यह भी पूछना चाहिए कि 'इसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी थी' जवाबदेही ऊपर से नीचे तक तय होनी चाहिए।

युवा आंदोलन की भावना को इन पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त किया जा सकता है :

जवानी की जलती मशालें उठाकर,
अंधेरों की आंधी को हम चीर देंगे।
लहू में जो एक आग भड़की है उससे,
वतन को नई एक तस्वीर देंगे।

ये पंक्तियां उस पीढ़ी की आकांक्षा और संकल्प को व्यक्त करती हैं जो अन्याय, संस्थागत विफलता और वादाखिलाफी को चुपचाप स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

जेन जी केवल पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन नहीं कर रही, वह ऐसे सिस्टम की मांग कर रही है जो मेरिट का सम्मान करे, मेहनत की कद्र करे और हर युवा भारतीय के भविष्य की रक्षा करे। यह मांग दलगत राजनीति से कहीं बड़ी है।

आइए इस पूरे घटनाक्रम को केवल एक मंत्री के इस्तीफे, एक बिल के पारित होने या किसी एक राजनीतिक समूह की जीत तक सीमित न करें। वास्तविक सफलता तब होगी जब एक सामान्य छात्र परीक्षा कक्ष में इस पूर्ण विश्वास के साथ प्रवेश कर सके कि उसकी वर्षो की मेहनत किसी पेपर लीक, भ्रष्ट नेटवर्क या अक्षम व्यवस्था के कारण बर्बाद नहीं होगी।

युवाओं ने मशाल जला दी है। अब राज्य की जिम्मेदारी है कि इस रोशनी को सुधार की दिशा में ले जाएन कि विरोध, वादों और निराशा के एक और चक्र की ओर।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए बाघों का संरक्षण जरूरी

**प्रकृति और पर्यावरण** के संतुलन को बनाए रखने में बाघों की अहम भूमिका है। बाघों का संरक्षण सिर्फ एक वन्यजीव को सुरक्षित करने के नाते करना जरूरी नहीं है। बल्कि, इनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों को इनके बारे में जानकारी देने और दिखाने के लिए भी आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय व्याघ्र दिवस के अवसर पर पटना जू के थ्री-डी थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में पटना जू में जन्म लिए चार बाघ शावकों का नामाकरण रूद्र, तेजस, पूर्णिमा और सृष्टि किया गया है।

बाघ संरक्षण के क्षेत्र में पटना जू का योगदान उल्लेखनीय रहा है। पिछले 53 वर्षों में यहां 53 बाघों का पालन-पोशन किया गया। इनमें 36 बाघों का जन्म पटना जू में ही हुआ था। जैव विविधता के संरक्षण के साथ-साथ वन्यजीवों और उनके प्रातिक आवासों को सुरक्षित करना भी हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है।

बाघ पारिस्थितिकी तंत्र की खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ष 2006 में भारत में बाघों की संख्या 1 हजार 411 थी, जो 2010 में बढ़कर 1 हजार 706 और वर्ष 2022 की गणना में इनकी संख्या बढ़कर 3 हजार 682 तक पहुंच गई। सफेद बाघों के संरक्षण के मामले में बिहार देश में दूसरे स्थान पर है।

इस मौके पर चिड़ियाघर और वन्यजीवों की बेहतर देखभाल करने वाले कर्मियों की सराहना की गई और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किया। जू प्रशासन से ऐसे सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों और बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहने की अपील की गई।

चित्रांकन प्रतियोगिता में संत कैरेंस स्कूल की अपराजिता कुमारी ने कैटेगरी-ए, संत माइकल्स स्कूल की आरोही सिंह ने कैटेगरी-बी, तिका अमृत ने कैटेगरी-सी तथा ऋषिता सिंह ने कैटेगरी-डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को समारोह में सम्मानित किया गया।

# सहकारिता के माध्यम से मछली पालन को दिया जाएगा बढ़ावा

**बिहार सरकार** के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग और सहकारिता विभाग कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे। इससे बिहार से पलायन रुकेगा और बेरोजगारी कम होगी। सिवान में विभाग वेटलैंड क्लस्टर बनाकर चौर विकास करने जा रहा है। नाबार्ड से 195 करोड़ रुपए सिवान के लिए प्राप्त कर लिए गए हैं। सिवान के बाद छपरा, मधुबनी और मोतिहारी में भी कार्य शुरू करने वाले हैं। छपरा में झींगा पालन का काम होगा।



भारत में सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम है। देश के विकास का जो सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखा है, उसे सहकारिता के सहयोग से डेयरी, मत्स्य, पशु संसाधन विभाग साकार करेगा। गांवों की गलियों तक विभाग की योजनाएं पहुंचाने का काम होगा। मछली पालन आज कृषि के सबसे तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में से एक है। हम मत्स्य पालन में बिहार को आत्मनिर्भर ही नहीं बनाना चाहते हैं, बल्कि इसकी मछली को देश के दूसरे प्रदेशों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

यह कार्यक्रम मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ बिहार को मत्स्य निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की महत्वपूर्ण पहल भी है। सहकारिता गांवों की प्रगति का सशक्त आधार है। इसके माध्यम से लाखों परिवारों की आय में वृद्धि की जा सकती है। बिहार के पास नदियां, तालाब, जलाशय जैसे प्रचुर जल संसाधन उपलब्ध हैं। इनका समुचित उपयोग कर हम मत्स्य उत्पादन बढ़ा सकते हैं तथा लोगों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। सहकारिता के माध्यम से छोटे-छोटे मत्स्य पालकों को संगठित कर उन्हें नई ताकत देने की कोशिश की जा रही है।

आधुनिक तकनीक, नवाचार और सहकारिता के माध्यम से बिहार को मत्स्य उत्पादन एवं निर्यात में अग्रणी राज्य बनाना हमारा संकल्प है। सहकारिता की शक्ति, आधुनिक तकनीक और सामूहिक प्रयासों के बल पर बिहार को मत्स्य उत्पादन, प्रोसेसिंग और निर्यात का अग्रणी राज्य बनाया जा सकता है।

यह कार्यक्रम विभाग की फिशरीज सोसाइटीज के ट्रांसफर्मेशन और उनके सुदृढ़ीकरण के लिए रखा गया है। भारत सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में कई पहल की हैं, उसमें फिशरीज सेक्टर एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें एनएफडीबी, एनसीडीसी, नाबार्ड इत्यादि सभी संस्थानों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है।

# कम प्रीमियम में 10 सालों तक मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

**घर का लोन,** बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी बड़ी जिम्मेदारियों के दौरान परिवार की आर्थिक सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। हर व्यक्ति की आर्थिक जरूरत और जिम्मेदारियाँ अलग होती हैं। किसी को पूरी जिंदगी के लिए सुरक्षा चाहिए, तो किसी को सिर्फ कुछ निश्चित वर्षो के लिए। इसी सोच के साथ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस प्लान में 10 साल के लाइफ कवर का विकल्प।

यह प्लान खासतौर पर उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जिनके सामने अगले कुछ वर्षो तक घर, बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी बड़ी आर्थिक जिम्मेदारियाँ होती हैं। इसके तहत, कम प्रीमियम में ज्यादा लाइफ कवर के साथ 67,100 रुपए तक की मुफ्त हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ, 3 लाख रुपए तक का इंस्टेंट क्लेम भुगतान और लाइलाज बीमारी का पता चलने पर 100 प्रतिशत राशि का भुगतान जैसी सुविधाएँ भी मिलती हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन राजीव अरोड़ा ने कहा कि ग्राहकों की वित्तीय जरूरतें समय के साथ बदलती रहती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने यह विकल्प पेश किया है,



आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन राजीव अरोड़ा।

ताकि लोग अपनी सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक जिम्मेदारियों के दौरान कम लागत में बेहतर सुरक्षा पा सकें।

उन्होंने बताया कि कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.3 प्रतिशत है और वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में औसतन सिर्फ एक दिन में क्लेम का भुगतान किया गया। इसी अवधि में कंपनी ने 1,306 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम और 3,360 करोड़ रुपए मैच्योरिटी व सर्वाइवल बेनिफिट्स के रूप में ग्राहकों को भुगतान किया।

## प्रवचन

# मर्यादित जीवन के बिना शिक्षा फलवती नहीं : जीयर स्वामी

**कुछ लोग विरोध करना ही मान लेते अपना धर्म**

**भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है यज्ञ**

मर्यादित जीवन नहीं हो तो शिक्षा और आशीर्वाद भी श्राप बन जाते हैं। औरत की मर्यादा पतिव्रता होने में, मानव जीवन की सार्थकता वैष्णव धर्म अपनाने में और विज्ञान का महत्ता ज्ञान के प्रसार में है। अच्छे कार्य का विरोध वही करता है, जो स्वयं कुछ नहीं करता सिर्फ बोलता है। ऐसे लोग सकरात्मक कार्य करने या सहयोग प्रदान करने की बजाय सिर्फ दूसरे की खामियां निकालते हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

स्वामी जी ने कहा कि शास्त्रों में वर्णित है कि कभी-कभी श्राप भी आशीर्वाद बन जाता है। नारद जी ने राजा प्रचेतादत्त के ग्यारह हजार पुत्रों को संन्यासी बना दिये, जिससे कुपित होकर प्रचेतातूत्त ने नारद जी को श्राप दे दिया कि आप एक जगह स्थिर नहीं रहेगे। यह श्राप नारद जी के लिये वरदान सावित हुआ ; क्योंकि भ्रमणशील संन्यासी कभी दूषित नहीं होते। इसी तरह इंद्रलोक में अर्जुन को अप्सरा ने श्राप दे दिया कि वे एक साल तक नपुंसक रहेंगे। यह श्राप अर्जुन के अज्ञातवाश में वरदान साबित हुआ।

स्वामी जी ने कहा कि अच्छे कार्य का प्रतिकार नहीं होना चाहिए। बल्कि उसमें सहयोग की भावना होनी चाहिए। अच्छे कार्य करने वाले सिर्फ अपने लक्ष्य को देखते हैं। वे इस बात पर ध्यान नहीं देते कि दूसरे लोग उनके विरुद्ध क्या टिप्पणियां कर रहे हैं। इसके विपरीत समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो स्वयं तो समाज एवं राष्ट्र हित में कुछ नहीं करते लेकिन दूसरे के कार्यो में खामियां निकालते रहते है। व्यक्ति को दूसरे के कार्य में कमियां ढूंढने के बजाय स्वयं समाज हित में कार्य कर आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए।

स्वामी जी ने यज्ञ की महत्ता बताते हुए कहा कि इससे प्राकृतिक संतुलन को बल मिलता है। मानव जीवन के तीन ऋण मातृ-पितृ ऋण, ऋषि ऋण ओर देव ऋण हैं। इन तीन ऋणों से उद्धार होना चाहिए। यज्ञ से देव ऋण से मुक्ति का अवसर प्राप्त होता है।

यज्ञ सिर्फ कर्मकांड नहीं बल्कि जरूरत मंदों को रोजगार, भूखे को भोजन और जिज्ञासु को ज्ञान और सत्संग का अवसर प्रदान करता है। यज्ञ के माध्यम से आम लोगों को एक स्थान पर



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

कई संत-महात्माओं के दर्शन सुलभ हो जाते हैं, जो सुअवसर विभिन्न तीर्थो और पवित्र स्थलों पर जाने के बाद भी दुर्लभ होता है। यज्ञ से अर्थव्यवस्था का चक्रीय क्रम भी पूरा होता है। यज्ञ में उपयोग आने वाली सामग्रियों के उत्पादन एवं बिक्री से बाजार सशक्तिकरण भी होता है। यज्ञ के उपयोग में आने वाली अधिकांश सामग्रियां दुर्लभ होती हैं। सामान्य प्रयोग में नहीं आती। यज्ञ के निमित्त लोग उन पारम्परिक सामग्रियों का उत्पादन एवं संरक्षण करते है। यज्ञ के प्रति लक्ष्मी जी की विषेश कृपा होती है, क्योंकि इसमें नारायण की पूजा होती है। यज्ञ के लिए जितना जल्द संसाधन उपलब्ध होती है, उतना अन्य कार्य के लिए नहीं। यज्ञ के निमित्त पर्याप्त सामान में एक अहृट शक्ति कार्य करता है। यज्ञ नारायण के निमित्त होना चाहिए । समाज कल्याण के लिए होना चाहिए। समाज से प्राप्त धनराशि का व्यय द्ररिद्र नारायण की सेवा में होना चाहिए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

# ट्रांसजेंडर समाज का सम्मान और सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता

**ट्रांसजेंडर** हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें सम्मान, समान अवसर और समाज की मुख्यधारा में स्थान दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ट्रांसजेंडर समुदाय की किसी भी जायज मांग को अनदेखा नहीं किया जाएगा। उनके कल्याण से जुड़े हर मुद्दे पर कार्रवाई की जाएगी। किन्नर कल्याण बोर्ड के सदस्यों का विवरण तथा जिला संरक्षण सेल से संबंधित आवश्यक जानकारियां शीघ्र ही विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। किन्नर कल्याण बोर्ड की बैठक अब प्रत्येक तीन महीने पर नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। ताकि समुदाय से जुड़े मुद्दों की नियमित समीक्षा और तुरंत समाधान किया जा सके। ये आश्वासन मंत्री ने दिया। ट्रांसजेंडर समुदाय की एक सदस्य ने कौशल विकास मिशन के तहत निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस पहल ने उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की नई राह खोली है। विभाग की ओर से कौशल विकास मिशन के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय को पूरी तरह निशुल्क कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसरों से जोड़ा जा रहा है। मौके पर ट्रांसजेंडर पहचान पत्र के निर्बाध निर्गमन, रोजगार एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण, किन्नर कल्याण बोर्ड के लिए स्थायी कार्यालय, विभाग और बोर्ड के बीच समन्वय के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति, विभागीय वेबसाइट पर बोर्ड सदस्यों का विवरण उपलब्ध कराने, सदस्यों के लिए उचित मानदेय निर्धारित करने तथा सभी सरकारी विभागों में नियमित जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशालाएं आयोजित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी रखा गया।

# फेसलेस तरीके से छह माह में बने साढे नौ लाख आरसी

**परिवहन विभाग** ने डिजिटल क्रांति के तहत अपनी प्रमुख सेवाओं को पूर्ण रूप से ऑनलाइन और फेसलेस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

वर्तमान में विभाग की 50 परिवहन सेवाएं (लाइसेंस, परमिट और पंजीकरण) पूरी तरह फेसलेस हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, विगत छह माह में 9.49 लाख रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी), 51 हजार परमिट, 4.94 लाख लर्निंग लाइसेंस और 3.72 लाख ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) सफलतापूर्वक निर्गत किए गए है।

विभाग ने जनसुविधा केंद्रों के साथ भी समझौता किया है, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी इन सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इस पहल से आम नागरिकों बार-बार कार्यालय चक्कर लगाने को लंबी कतारों की परेशानी से मुक्ति मिल गई है।

> **परिवहन विभाग की 50 सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन**
>
> **आवेदकों को कार्यालय आने की जरूरत खत्म**

### डिजिटल होने से तेज हुई प्रक्रिया : सचिव

परिवहन सचिव ने राज कुमार ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि हर नागरिक को परिवहन सेवाएं बिना किसी परेशानी के प्राप्त हों। डिजिटल प्लेटफर्म पर 50 फेसलेस सेवाओं की मदद से यह प्रक्रिया न केवल तेज बल्कि पूरी तरह पारदर्शी भी हुई है। इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक परिवहन संबंधी सेवाएं आसानी से मिल रही है। आने वाले समय में और नागरिक-केंद्रित सेवओं को इसमें जोड़ा जाएगा।

### परिवहन विभाग की ये सेवाएं मिल रहीं ऑनलाइन

परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर वाहन 4.0 साफ्टवेयर और सारथी 4.0 साफ्टवेयर की सेवाएं 24 गुना 7 उपलब्ध हैं। इनमें एलएल, डीएल, कमर्शियल लाइसेंस का नवीनीकरण, नाम, पता, फोटो, हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक्स अपडेट, वाहन स्वामित्व हस्तांतरण और परमिट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इनसे पैसे की बचत के साथ बिचौलियों पर भी अंकुश लगाया जा रहा है।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

संक्षिप्त खबरें

### तीन बच्चे की मां ने दो युवक के साथ मिल कराई पिता की हत्या,तीनो गिरफ्तार

**चकिया(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मनी छपरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय उर्दू के निकट बागवानी के सामने सड़क किनारे शनिवार को सुबह धारदार हथियार से निर्मम तरीके से हत्या किया हुआ साड़ी व्यवसाई का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनी छपरा वार्ड एक निवासी पुकार सहनी के 35 वर्षीय पुत्र राजेश चौधरी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का सूक्ष्मता से जायजा लिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार परिजनों के अनुसार, राजेश चौधरी मणिछपरा में साड़ी की दुकान चलाते थे। शुक्रवार रात दुकान बंद करने के बाद वह घर के लिए निकले थे। उनकी पत्नी उनसे कुछ देर पहले ही दुकान से घर पहुंच गई थीं। देर रात तक राजेश के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने सोचा कि वह किसी कारणवश बाहर ही रुक गए होंगे। सुबह उधर गए लोगों ने देखा कि उक्त स्थान पर धारदार हथियार से हत्या किया हुआ शव पड़ा है। शव को देख कर शोर मचाया तो वहां आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना परिजन को दी। हत्या की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने डग स्यड मंगवाने की मांग करने लगे। जिसके बाद मौके पर डग स्यड एवं एसएफएल टीम पहुंच कर छानबीन की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त मृतक की पत्नी पूजा देवी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान बड़ा बैशाहां गांव निवासी रंजन सहनी व सत्येंद्र सहनी के रूप में हुई है।

### शुद्धि हवन में हिंदू प्रतीकों के सम्मान का उठा मुद्दा, नेताओं के बयानों पर जताई आपत्ति

**मधुबन(एनएसबी)।** प्रखंड के श्रीष्ण गौशाला शिव मंदिर परिसर में शनिवार को आयोजित सुद्धि हवन कार्यक्रम में संत समाज के प्रतिनिधियों ने हिंदू धार्मिक प्रतीकों के सम्मान का मुद्दा उठाया और हाल के राजनीतिक बयानों पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर बिहार प्रांत के सह मंत्री रणवीर कुमार सिंह ने जन अधिकार पार्टी के संरक्षक पप्पू यादव, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं के बयानों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म, उसके प्रतीकों अथवा धार्मिक भावनाओं का अपमान नहीं किया जाना चाहिए।अपने संबोधन में रणवीर सिंह ने कहा कि यदि धार्मिक प्रतीकों का अपमान जारी रहा तो संत समाज इसके विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करने की अपील भी की।कार्यक्रम में संतों एवं अन्य वक्ताओं ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने पर जोर दिया। हवन के उपरांत उपस्थित लोगों ने देश और समाज में सद्भाव एवं सुद्धि की कामना की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत, धार्मिक प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### मध्याह्न भोजन में अनियमितता पर भड़के ग्रामीण, प्रधान शिक्षक पर धमकी देने का आरोप

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सिसवा कोड़र पूर्व टोला में मध्या भोजन (एमडीएम) योजना में कथित अनियमितता को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावकों का आरोप है कि शुक्रवार को बच्चों को निर्धारित अंडा नहीं दिया गया, जबकि पिछले कई महीनों से एमडीएम योजना में केवल खानापूर्ति की जा रही है।ग्रामीणों एवं वार्ड सदस्य महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि प्रधान शिक्षक मनोज राम शिकायत करने पर केस कर जेल भिजवाने की धमकी देते हैं। वार्ड सदस्य का यह भी आरोप है कि प्रधान शिक्षक विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद घर चले जाते हैं और शाम में पुनः आकर हाजिरी बनाते हैं।मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया नसीम अहमद विद्यालय पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। ग्रामीणों ने पूरे मामले की शिकायत शिक्षा विभाग से भी की है तथा जांच कर कार्रवाई की मांग की है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मोतिहारी में उर्वरक व बीज प्रतिष्ठानों पर बड़ी कार्रवाई, कई लाइसेंस निलंबित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** संयुक्त कृषि भवन में 31 जुलाई को राज्य सरकार के कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल (आईएएस) की अध्यक्षता में उर्वरक उपलब्धता, वितरण एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त निदेशक (शस्य) तिरहुत प्रमंडल, जिला षि पदाधिकारी, अनुमंडल षि पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में षि निदेशक ने उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, गैर-षि उपयोग तथा किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ संयुक्त टीम बनाकर नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया।



समीक्षा बैठक में भाग लेते अधिकारी।

समीक्षा बैठक के बाद संयुक्त निदेशक (शस्य) एवं जिला षि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से थोक एवं खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की। अनियमितता की आशंका पर मेसर्स तरुण खाद बीज भंडार का थोक उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं किसान कल सेंटर से प्राप्त शिकायतों की जांच में अधिक कीमत पर उर्वरक बिक्री की पुष्टि होने पर मेसर्स कुशवाहा खाद बीज भंडार (छौड़ादानो) के दो प्रतिष्ठानों के खुदरा उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा गया।

खरीफ-2026 के बीज वितरण की रैंडम जांच में किसानों की शिकायतों के आधार पर मेसर्स कुमार खाद बीज भंडार, पताही का बीज लाइसेंस भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में विक्रय पंजी में किसानों के मोबाइल नंबर दर्ज नहीं पाए गए तथा अभिलेखों के संधारण में अनियमितताएं मिलीं। इस पर इफ्को बाजार, लौरिया-अरेराज, कुशवाहा खाद बीज भंडार (तुरकौलिया), धीरज खाद बीज भंडार (लक्ष्मीपुर) तथा चौधरी खाद बीज भंडार (ढाका) से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं माँ लक्ष्मी खाद बीज भंडार, ढाका द्वारा डीएपी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचने के आरोप में प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। दूसरी ओर आलम एंड कंपनी, ढाका की जांच में कोई अनियमितता नहीं मिली।कीटनाशी प्रतिष्ठानों की जांच में कुशवाहा खाद बीज भंडार, महनवा तथा भगवानी बीज भंडार, छतौनी में बिना इंडोर्समेंट के उत्पाद पाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा गया। किरण खाद बीज भंडार, मोतिहारी में कोई गड़बड़ी नहीं मिली, जबकि सचिन खाद बीज भंडार, भवानी खाद बीज भंडार, कुशवाहा बीज भंडार तथा कंचन सीड्स स्टोर निरीक्षण के दौरान बिना पूर्व सूचना के बंद पाए गए। इन सभी प्रतिष्ठानों से भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है।बैठक में षि निदेशक ने सहायक निदेशक (रसायन) को मिट्टी जांच अभियान में तेजी लाकर किसानों को शीघ्र सयल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने तथा कार्ड में अनुशंसित उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति किसानों को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) को विभागीय योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक में डीडीसी सख्त, सात दिनों में अधूरे कार्य पूरे करने का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा बैठक उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता परिसरों की स्थिति, कचरा उठाव, शौचालय निर्माण समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले की 28 पंचायतों में भूमि विवाद एवं जगह के अभाव के कारण वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्ल्यूपीयू) का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान कर निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। वहीं 19 पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्य को अगले सात दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिन पंचायतों में भूमि की समस्या बनी हुई है, वहां विभागीय निर्देशानुसार मिनी डब्ल्यूपीयू निर्माण कराने को कहा गया।बैठक में निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों को नियमित रूप से संचालित रखने पर भी जोर दिया गया। ई-रिक्शा एवं पैडल रिक्शा की समीक्षा में



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

51 ई-रिक्शा तकनीकी खराबी के कारण बंद पाए गए, जिन्हें शीघ्र मरम्मत कर चालू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 373 वार्डों में खराब पैडल रिक्शों के कारण घर-घर कचरा संग्रहण प्रभावित होने पर एक सप्ताह के भीतर सभी रिक्शों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की समीक्षा में 34 परिसर बंद पाए गए। इन्हें तत्काल चालू कराने के निर्देश देते हुए कहा गया कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी परिसर में भूसा या अन्य सामग्री रखी मिली तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।बैठक में ग्राम पंचायतों से लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने, स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों के मानदेय के लिए उपलब्ध राशि का समय पर उपयोग सुनिश्चित करने तथा अप्रैल से जून 2026 तक के लंबित मानदेय की मांग शीघ्र भेजने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा स्वच्छतम पोर्टल पर प्रतिवेदन की नियमित प्रविष्टि, निर्मित शौचालयों की जियो-टैगिंग, लाभुकों का भुगतान समय पर कराने तथा महादलित परिवारों में शौचालय निर्माण के लिए जीविका के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में निदेशक डीआरडीए जयराम चौरसिया, जिला समन्वयक गौतम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### दो मोटर सायकिल चोर गिरफ्तार

**अरेराज(एनएसबी)।** स्थानीय अनुमंडल के मलाही थाना से रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मझरिया गांव से अज्ञात चोरों द्वारा एक मोटरसाइकिल चोरी कर मलाही बाजार की ओर भागा जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही गश्ती दल द्वारा पीछा किया गया। पीछा किए जाने पर चोरों ने मझरिया गांव से चोरी की गई मोटरसाइकिल को मलाही बांध के नीचे फेंक दिया तथा दूसरी मोटरसाइकिल से भागने लगे। इसी दौरान मलाही बाजार में रात्रि के समय बाजार एवं एटीएम सुरक्षा ड्यूटी में तैनात ठभ्ळ जवानों तथा गश्ती दल के संयुक्त प्रयास से दोनों चोरों को पकड़ लिया गया। जिस मोटरसाइकिल से दोनों अभियुक्त भाग रहे थे, उसके कागजात की मांग की गई, परंतु वे कोई संतोषजनक उत्तर अथवा वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। उक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, जिसका निबंधन संख्या ठत्22ठब्9130 अंकित है, को भ्भ्व मशीन से जांच करने पर उसका इंजन नंबर एवं चेसिस नंबर रजिस्ट्रेशन विवरण से भिन्न पाया गया।

## बूटा की वार्षिक आमसभा एलएनडी कॉलेज में शांतिपूर्वक संपन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शहर के एल एन डी कलेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन ( बूटा) की वार्षिक आमसभा बूटा अध्यक्ष प्रो (ड) अरुण कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। एल एन डी कलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ड दुर्वादल भट्टाचार्य के द्वारा अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर बूटा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। अध्यक्षीय संबोधन देते हुए प्रो अरुण कुमार ने बूटा के द्वारा पूर्व में किए गए अनेकानेक कार्यो को दर्शाया तथा भविष्य में भी शिक्षकों की समस्याओं के लिए अनवरत संघर्षरत रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। प्रो अरुण कुमार ने सभी महाविद्यालयों में बूटा इकाई गठन के लिए आह्वान करते हुए कहा कि आज के दौर में सरकार महाविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म करना चाहती है इसलिए



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

आवश्यक है कि हम सभी संगठित होकर संघर्ष करें। के सी टी सी महाविद्यालय के प्रो पी के चक्रवर्ती ने कहा कि आज के दौर में पढ़ने पढ़ाने वाले शिक्षकों को ही हर स्तर पर प्रताड़ित किया जा रहा है जिसके लिए हमसबों को एकजुट होना आवश्यक है। ड सुबोध कुमार ने बूटा रूपी वृक्ष को विस्तारित करने की आवश्यकता जताई इसके विस्तारित होने से ही अनेक समस्याओं का हल स्वतरू हो जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए ड अरविंद कुमार, ड कुमारी रंजना, ड धीरेंद्र कुमार, ड संतोष आनंद, ड इरशाद आलम, ड राकेश कुमार राय, ड प्रीति कुमार, ड दशरथ राम ने भी अपने विचार रखें। मंच संचालन करते हुए ड कुमार राकेश रंजन ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विरोध बिहार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा विशाल संयुक्त आंदोलन की रूप रेखा को साझा करते हुए बताया कि 5 से 8 अगस्त तक अपने अपने विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में काला फीता लगाकर कार्य करेंगे। 10 अगस्त को सभी शिक्षक और कर्मी सामूहिक अवकाश लेकर विश्वविद्यालय मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन करेंगे। 11 से 25 अगस्त तक प्रतिदिन 1रू30 से 2 बजे तक अपने कार्य दिवस में कार्यस्थल पर ही विरोध प्रदर्शन एवं घंटी बजाएंगे। 5 सितंबर को विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर अपना विरोध जताएंगे। कार्यक्रम के अंत में ड ज्योत्सना कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षकों के सहयोग और समर्पण से ही सरकार के इस प्रस्तावित काले कानून को लागू करने से रोका जा सकता है।

### हत्या किया हुआ शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

**चकिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मनी छपरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय उर्दू के निकट बागवानी के सामने सड़क किनारे शनिवार को सुबह धारदार हथियार से निर्मम तरीके से हत्या किया हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनी छपरा वार्ड एक निवासी पुकार सहनी के 35 वर्षीय पुत्र राजेश चौधरी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का सूक्ष्मता से जायजा लिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह उधर गए लोगों ने देखा कि उक्त स्थान पर धारदार हथियार से हत्या किया हुआ शव पड़ा है। शव को देख कर शोर मचाया तो वहां आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना परिजन को दी। हत्या की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। अज्ञात बदमाशो द्वारा निर्मम हत्या कर शव सड़क किनारे रखने से आक्रोशित ग्रामीणों ने डग स्यड मंगवाने की मांग करने लगे। जिसके बाद मौके पर डग स्यड एवं एसएफएल टीम पहुंच कर छानबीन की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

# मोतिहारी में तीन दिवसीय सोलर सह सोलर लोन मेले का शुभारंभ

**मोतिहारी(एन एस बी )।** पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के तहत नगर भवन मोतिहारी में शनिवार से तीन दिवसीय सोलर सह सोलर लोन मेला का शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त आशीष कुमार, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार एवं सहायक समाहर्ता राजष्ण झा ने संयुक्त रूप से किया। यह मेला 1 से 3 अगस्त तक आयोजित होगा।

उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी ने योजना के तहत मिलने वाली केंद्रीय सब्सिडी की जानकारी देते हुए बताया कि 1 किलोवाट सौर संयंत्र पर घ्30 हजार, 2 किलोवाट पर घ्60 हजार तथा 3 किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर अधिकतम घ्78 हजार तक की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने पात्र उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ लेने की अपील की। साथ ही आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं एनबीपीडीसीएल के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र आवेदन करने की सलाह दी।अधीक्षण अभियंता (विद्युत) ने विद्युत अधिकारियों को अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कराने तथा बैंकों के समन्वय से शीघ्र ऋण स्वीति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले में अधित सोलर वेंडर्स ने स्टल लगाकर उपभोक्ताओं को तकनीकी जानकारी एवं आवेदन संबंधी सहायता उपलब्ध कराई।



उद्घाटन करते डीएम व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्ष्ट कार्य के लिए सिमर पावर एजेंसी को सम्मानित किया गया। वहीं ऋण स्वीति प्रक्रिया में सराहनीय योगदान के लिए स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक एवं एसबीआई छतौनी शाखा प्रबंधक को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा योजना के लाभुकों को सम्मानित करते हुए एक लाभार्थी को घ्2 लाख के ऋण स्वीति का चेक भी प्रदान किया गया।मेले में करीब 300 उपभोक्ताओं एवं आमजनों ने भाग लिया। लोगों ने विभिन्न सोलर वेंडर्स के स्टल पर सौर संयंत्र की लागत, सब्सिडी, ऋण सुविधा, स्थापना प्रक्रिया तथा बिजली बिल में संभावित बचत की जानकारी प्राप्त की। बैंक प्रतिनिधियों ने मौके पर ही ऋण आवेदन एवं स्वीति प्रक्रिया से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया।इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न राष्ट्रीयत बैंकों के प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, इलेक्ट्रनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्युत कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी पी. के सुमन ने किया।

संक्षिप्त खबरें

### उर्वरक को लेकर किसानों को नहीं हो कोई परेशानी, अधिकारी सुनिश्चित करें : डीएम

**मोतिहारी(एन एस बी )।** जिले में किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने शनिवार को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जिला षि पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच कर स्टक का सत्यापन करने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारियों



समीक्ष बैठक करते अधिकारी।

एवं षि विभाग के अधिकारियों को सभी खुदरा उर्वरक दुकानों का निरीक्षण कर उसी दिन शाम तक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा।उन्होंने निर्देश दिया कि थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। अनुमंडल पदाधिकारियों को नियमित रूप से उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण करने तथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों से फीडबैक लेने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उर्वरक की बिक्री निर्धारित सरकारी दर पर ही हो।जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को उर्वरक प्रतिष्ठानों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर उनकी निगरानी में बिक्री सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल जिला षि पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### शिक्षा समिति की बैठक में कई अहम निर्देश विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की हुई समीक्षा

**मोतिहारी।** जिला परिषद स्थित महात्मा गांधी सभा भवन में शनिवार को शिक्षा समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष ईश्वरचंद्र मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था, मध्या भोजन योजना, निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग के बच्चों के नामांकन तथा विद्यालयों के आधारभूत ढांचे की समीक्षा की गई।बैठक में अध्यक्ष ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले के सभी विद्यालयों में मध्या भोजन योजना के तहत तिथि भोज का आयोजन कराया जाए। साथ ही भविष्य में महापुरुषों की जयंती पर भी इस प्रकार के आयोजन करने को कहा गया।समीक्षा के दौरान बताया गया कि निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निर्धारित 1,362 सीटों के विरुद्ध 1,206 नामांकन हुए हैं। समिति ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र में उपलब्ध 4,146 सीटों पर अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया।बैठक में



शिक्षा समिति की बैठक करते समिति के अध्यक्ष।

शिक्षकों के स्थानांतरण, विद्यालयों में किचन शेड के निर्माण एवं मरम्मत तथा भूमि के अभाव से जूझ रहे 159 विद्यालयों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष ने किचन शेड निर्माण एवं मरम्मत के लिए आवश्यक पहल करने तथा भूमि की समस्या के समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में चल रही आधारभूत संरचना विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान बीएसईआईडीसी के अभियंताओं द्वारा परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने पर समिति ने नाराजगी जताई। चर्चा के दौरान सदस्यों ने परियोजनाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच कराने की आवश्यकता व्यक्त की। समिति ने मामले की जांच के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकार को भेजने तथा सरकार को अवगत कराने का निर्णय लिया।बैठक में समिति के सदस्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### देर शाम डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी के साथ चंद्रहीया स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का देर शाम निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डन उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का जायजा लिया तथा विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने



निरीक्षण करते डीएम।

छात्राओं से भी संवाद कर विद्यालय के संचालन, पढ़ाई, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने छात्राओं से नाश्ता और भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी प्राप्त की। विद्यालय में वर्तमान में कुल 80 छात्राएं नामांकित हैं।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन को छात्राओं की सुविधाओं, अनुशासन, स्वच्छता एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### अरेराज मेला क्षेत्र में अवैध पार्किंग वसूली पर प्रशासन की कार्रवाई, श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था

**अरेराज(एन एस बी)।** मेला क्षेत्र में अवैध पार्किंग शुल्क वसूली की सूचना मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री अंजली शर्मा ने शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अरेराज के साथ संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अनधित स्थलों पर की



मेला का निरीक्षण करते अधिकारी।

जा रही अवैध पार्किंग वसूली पर तत्काल रोक लगाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं होने दी जाए तथा मेला क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए।प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री सोमेश्वर उच्च विद्यालय मैदान, कलेज स्टेडियम, बहादुरपुर स्थित एचपी गैस गोदाम के समीप, अरेराज-बेतिया मुख्य मार्ग पर काली मंदिर के पास तथा धर्मदास पोखरा के निकट निःशुल्क पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं।प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने वाहन केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित निःशुल्क पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संक्षिप्त खबरें

### ईस्ट एन वेस्ट का 17 वां फाउंडेशन डे आज, बीएड नव सत्र का इंडक्शन मीट के साथ वगारंभ की शुभारंभ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्थानीय ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का 17वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। ईस्ट एन वेस्ट के गौरवमयी इतिहास के सोलह वर्ष बीतने के बाद महाविद्यालय विद्यालय हर साल की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ सत्रहवां स्थापना दिवस को गौरवशाली अतीत को महाविद्यालय की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समारोह का भव्य आयोजन करने जा रही हैं। इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर महाविद्यालय में बीएड सत्र 2026-28 में नामांकित नव छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं के इंडक्शन मीट सह वगारंभ की शुरूआत भी होने जा रहा है। साथ ही बीएड द्वितीय वर्ष सत्र 2025-26 सीवीसी सत्र 2052-26, ईसीसीई सत्र2025-26 के नामांकित छात्रध्छात्राओं के वगारंभ का भी शुरूआत होने जा रहा है।इस अवसर पर समारोह के सम्मानित अतिथियों में ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन रजनीश रंजन, भुपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्या सह रेडियो ईस्ट एन वेस्ट 88.4 की महा निदेशिका मनीषा रंजन प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा सहित कई अन्य शिक्षाविद् उपस्थित रहेंगे।महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आईपी गुप्ता नें डॉ. धनोज कुमार को प्रदेश प्रवक्ता किया नियुक्त

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक आईपी गुप्ता ने डा धनोज कुमार को बिहार प्रदेश प्रवक्ता के दायित्व पर दुबारा मनोनीत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आईपी गुप्ता ने कहा कि डा धनोज कुमार ने पान समाज व पार्टी मिशन एवं संगठन को नई उंचाई प्रदान किया है। इनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को मजबूत बनायेंगे। डा कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आईपी गुप्ता के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मुझ पर किया गया विश्वास मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ यह विश्वास दिलाता हूँ कि पार्टी के सिद्धांतों, विचारधारा एवं जनहित के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। पार्टी का जो भी दिशा-निर्देश एवं आदेश प्राप्त होगा। उसका पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ पालन कर संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बुलंद करने का हरसंभव प्रयास करूँगा।



### विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस पर भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा जागरूकता अभियान आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे द भारत स्काउट एंड गाइड सिमरी बख्तियारपुर में जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल2 विद्यालय सिमरी बख्तियारपुर में वृक्षारोपण कर स्कार्फ पहनें के लिए जागरूक किया। साथ ही भारत स्काउट गाइड से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय शिक्षक शिक्षिका को स्काउट स्कार्फ पहना कर उनका स्वागत किया गया वृक्षारोपण कर बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय कुमार, धीरज कुमार रंजन, जयप्रकाश यादव ,रमेश कुमार,निलेश कुमार ,पंकज कुमार, श्याम सुंदर मंडल, बेबी रफिया खातून, पूजा झा, विजेंद्र कुमार, संजय कुमार, राजिया प्रवीन, हरे कृष्ण कुमार, गोपाल झा, सरोज कुमार, आशीष कुमार ,विमल कुमार, विपिन कुमार, रोबोट स्काउट लीडर सुशांत कुमार, सोनू कुमार, मन्नू कुमार, गांधी कुमार, राधिका, रेनू, बुलबुल रागनी व स्काउट गाइड के 15 छात्र छात्राएं मौजूद थे।



### बिजली का तार तोड़ने का आरोप, पूरी रात अंधेरे में रहे ग्रामीणय कार्रवाई की मांग

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के सरबेला पंचायत अंतर्गत कासिमपुर टोला में बिजली का तार तोड़े जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने विद्युत कनीय अभियंता को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार करीब 11 बजे दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए ईंट फेंककर बिजली का तार क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि तार टूटने से पूरे गाँव की विद्युत आपूर्ति पूरी रात बाधित रही। भीषण गर्मी के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आवेदन में ग्रामीणों ने संबंधित युवकों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी उचित कदम उठाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में विधुत कनीय अभियंता ने कहा दो युवक पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए आवदेन दिया है। फिलहाल विधुत चालू कर दिया गया है।



### महिला थाना टीम ने पार्क, बाजार व सार्वजनिक स्थलों पर चलाया विशेष गश्ती अभियान

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर महिला थाना की टीम द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष गश्ती एवं निगरानी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद महिलाओं एवं युवतियों से बातचीत कर उनकी सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। महिला थाना टीम ने बताया कि महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार सजग है। शहर के प्रमुख पार्कों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से गश्ती एवं निगरानी की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सके। इस दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं एवं युवतियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी तरह की परेशानी या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। महिला थाना की इस पहल से सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की सक्रियता और सतर्कता का संदेश दिया गया।



### सेवानिवृत्त शिक्षक दयानंद झा के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के सोनबरसा प्रखंड अंतर्गत सरौनी मधेपुरा पंचायत के गोआरी गांव निवासी दिवंगत शिक्षक दयानंद झा की स्मृति में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बताया गया कि विगत दिन 76 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक दयानंद झा का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया एवं लोजपा विधायक प्रत्याशी शिशिर झा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दयानंद झा ने सहरसा एवं मधेपुरा से लेकर भागलपुर जिले के नवगछिया तक निजी विद्यालयों की स्थापना कर शिक्षा का अलख जगाया। उन्होंने अपने शिक्षण कार्य के माध्यम से अनेक युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर पूर्व मुखिया सह विधायक प्रत्याशी शिशिर झा,जिला परिषद सदस्य खोखा यादव,पैक्स अध्यक्ष चमन झा,अररिया भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा,रतन यादव,मुखिया प्रत्याशी प्रमोद झा, शंकर झा,अनिल झा,फुलेश्वर झा,निरंजन झा, वार्ड सदस्य को कृष्णा झा सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोगों ने दिवंगत शिक्षक के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



# बाबा मटेश्वर धाम श्रावणी मेला की 21 साल संघर्ष से शिखर तक, जब जंगलों के बीच था बुढ़वा मंठ आठ वर्षों तक संघर्ष, फिर मिली सफलता

**गांव-गांव पहुंचा प्रचार, बढ़ती गई आस्था, शंकराचार्य के आगमन से मिली नई पहचान, अब राजकीय मेले का दर्जा देने की मांग**

संजीव श्रीवास्तव ब्यूरो (दैनिक नवसंदेष)





21 साल पूर्व मटेष्वर धाम, पहलीबार जलाभिषेक

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जनआस्था, युवाओं की तपस्या और जनसहयोग से बनी बाबा मटेश्वर धाम श्रावणी मेले की पहचान। आज लाखों कांवरियों की आस्था का केंद्र है बाबा मटेश्वर धाम, लेकिन इसकी शुरूआत कुछ युवाओं के छोटे से संकल्प से हुई थी आज बाबा मटेश्वर धाम में श्रावण मास की प्रत्येक सोमवारी पर लाखों डाकबम और कांवरिया श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। पूरे कोसी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका यह श्रावणी मेला आज 21वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। लेकिन इस भव्य आयोजन की नींव किसी सरकारी योजना से नहीं, बल्कि गांव के कुछ युवाओं की आस्था, संघर्ष, त्याग और जनसहयोग से रखी गई थी। यह कहानी केवल एक मेले की नहीं, बल्कि संकल्प से सिद्धि तक की प्रेरक गाथा है। करीब तीन दशक पहले कांठो गांव स्थित यह प्राचीन शिवालय चारों ओर घने जंगलों से घिरा हुआ था। स्थानीय लोग इसे ष्बुढ़वा मंठष के नाम से जानते थे। मंदिर तक पहुंचने के लिए कोई समुचित सड़क नहीं थी और यहां आने-जाने का रास्ता भी बेहद कठिन था। ऐसे समय में यहां किसी बड़े धार्मिक आयोजन की कल्पना भी मुश्किल थी। वर्ष 1997 में जब क्षेत्र के श्रद्धालु सावन में बाबा वैद्यनाथ धाम, देवघर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी कांठो निवासी मुन्ना भगत के मन में एक विचार आयाकृष्जब भगवान शिव स्वयं हमारे गांव में विराजमान हैं, तो देवघर की तर्ज पर यहीं इस संकल्प को साकार करने के लिए उन्होंने शिवेंद्र पौद्दार, सिकेंद्र साह, विनोद साह सहित कई युवाओं को साथ जोड़ा। इसके बाद 31 अगस्त 1997 (भाद्र मास के द्वितीय रविवार) को पहली बार मुंगेर के राजघाट छर्रापट्टी से गंगाजल भरकर रेलवे की छोटी लाइन के दुर्गम मार्ग से पैदल यात्रा करते हुए बाबा मटेश्वर धाम पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। यही ऐतिहासिक यात्रा आगे चलकर श्रावणी मेले की आधारशिला बनी। मुन्ना भगत और शिवेंद्र पौद्दार बताते हैं कि 1997 से 2005 तक लगातार प्रयासों के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या दो अंकों से आगे नहीं बढ़ सकी। कई बार निराशा हाथ लगी, लेकिन अभियान नहीं रुका। इसी दौरान वर्ष 2005 में मंदिर परिसर में घटी एक दैविक घटना के बाद यह महसूस हुआ कि केवल डाकबम यात्रा से व्यापक पहचान संभव नहीं होगी। तब 1 अगस्त 2005 की सावन की दूसरी सोमवारी से कांवर यात्रा की शुरूआत की गई और इसी के साथ बाबा मटेश्वर धाम के श्रावणी मेले का औपचारिक शुभारंभ हुआ। दुकानदार नहीं आए तो आयोजकों ने उठाया नुकसान मेले के शुरूआती वर्षों में दुकानदार और झूला संचालक यहां दुकान लगाने को तैयार नहीं थे। आयोजकों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि यदि नुकसान हुआ तो उसकी भरपाई की जाएगी। पहले वर्ष अपेक्षित भीड़ नहीं पहुंची और व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद मुन्ना भगत एवं उनके साथियों ने गांव-गांव से चंदा जुटाकर स्वयं सभी दुकानदारों की क्षतिपूर्ति की। इस विश्वास ने अगले वर्षों में मेले को नई गति दी। दूसरे वर्ष से आयोजन की तैयारी कई महीने पहले शुरू होने लगी। आसपास के गांवों में युवाओं की टीमें बनाई गईं। घर-घर जाकर बाबा मटेश्वर धाम की महिमा और श्रावणी मेले का प्रचार किया गया। इसका असर यह हुआ कि हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई और डाकबम व कांवरियों का कारवां लगातार विस्तृत होता गया। शुरूआती दौर में मंदिर की कोई स्थायी आय नहीं थी। पूरे मेले का संचालन ग्रामीणों से एक-एक रुपये का चंदा जुटाकर किया जाता था। जनसहयोग ही इस आयोजन की सबसे बड़ी ताकत बना। बढ़ती लोकप्रियता के बीच तत्कालीन विधायक दिनेश चंद्र यादव के प्रयास से बाबा मटेश्वर धाम तक मुख्य सड़क का निर्माण कराया गया। बेहतर सड़क बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और बाबा मटेश्वर धाम पूरे कोसी क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल हो गया। अप्रैल 2003 में बाबा मटेश्वर धाम में आयोजित संत महासम्मेलन में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती पहुंचे। शिवलिंग के दर्शन के बाद उन्होंने कहा ऐसा अद्भुत शिवलिंग मैंने पहली बार देखा है। इसके दर्शन कर मेरा जीवन धन्य हो गया। शंकराचार्य के इस वक्तव्य ने बाबा मटेश्वर धाम की धार्मिक प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2010 तक मंदिर को शासन-प्रशासन का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया था। बाद में मुन्ना भगत के प्रयास से बाबा मटेश्वर धाम का पंजीकरण बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड, पटना में कराया गया और न्यास समिति का गठन हुआ। इसके बाद मंदिर के विकास, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में तेजी आई। आज लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र आज बाबा मटेश्वर धाम केवल सहरसा जिले का ही नहीं, बल्कि पूरे कोसी क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। श्रावण मास की प्रत्येक सोमवारी पर लाखों श्रद्धालु यहां जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। इतनी बड़ी भीड़ के बीच सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखना जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन, बाबा मटेश्वर धाम न्यास समिति और डाक कांवरिया संघ के लिए बड़ी जिम्मेदारी होती है। श्रावणी मेले की 21वीं वर्षगांठ पर संस्थापक सदस्य मुन्ना भगत ने राज्य सरकार से मांग की है कि बाबा मटेश्वर धाम के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा यहां प्रतिवर्ष उमड़ने वाली विशाल श्रद्धालु संख्या को देखते हुए श्रावणी मेले को राजकीय मेले का दर्जा दिया जाए। उनका कहना है कि इससे इस ऐतिहासिक धाम का समुचित विकास होगा, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और कोसी क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

## आरएम कॉलेज के समाजशास्त्र छात्र-छात्राओ के बीच फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।**राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर के वर्ष 2024-26 के छात्र-छात्राओं हेतु सत्र समापन पर फेयरवेल आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डा. गुलरेज रौशन रहमान ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा कविता कुमारी, डा आरती कुमारी, डा अक्षय कुमार चैधरी और डा डेजी कुमारी भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डा. गुलरेज रौशन ने कहा कि विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने पूरे सत्र में अनुशासन और शिक्षा-अधिगम के लिए एक स्वच्छ माहौल बनाए रखने में काफी सहयोग किया। आपने अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ सह-शैक्षिक क्रियाकलापों में महाविद्यालय का नाम रौशन किया है और अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया है। पूरे सत्र में आपने महाविद्यालय को जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आपलोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। महाविद्यालय परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। आप अपने जीवन के नये अध्याय में नई चुनौतियों का सामना करें और अपना भविष्य उज्ज्वल करें। विभागाध्यक्ष डा कविता कुमारी ने कहा कि पूरे सत्र में हमने आपको अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार, और उच्च मानवीय मूल्य देने का प्रयास किया है जो जीवन के हर मोड़ पर आपका मार्गदर्शन करेंगे। डा.आरती रानी ने कहा कि हमें विश्वास है कि आपलोग जीवन में नयी उपलब्धियां और बड़ी सफलता प्राप्त करेंगे। डा अक्षय कुमार चैधरी ने कहा कि समाजशास्त्र सामाजिक संबंधों की जटिलता को समझने के साथ साथ समाजिक जीवन की समस्याओं के संबंध में व्यावहारिक ज्ञान भी देता है। डा डेजी ने अपने कई यादों को साझा करते हुए कहा कि मैं पूरे सत्र में आपके साथ मिलकर काम करने के दौरान बिताए गए मधुर क्षण को हमेशा याद करूंगी।

## बाबा मट्टेश्वर धाम में पहली सोमवारी, श्रावणी मेला को लेकर एडीएम व एसडीओ ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पप्पु कुमार



शिवलिंग का जायजा लेते अधिकारीीड़।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल के बलवाहाट कांठो स्थित प्रसिद्ध बाबा मट्टेश्वर धाम में आगामी श्रावणी मेला और पहली सोमवारी को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी व न्यास समिति ने व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी व न्यास समिति के अध्यक्ष सह सिमरी बख्तियारपुर एसडीओ आलोक राय, एडीएम निशांत कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने पूजा-स्थलों, दर्शन मार्गों, जल-अभिषेक स्थानों और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाए गए इंतजामों का जायजा लिया। न्यास समिति के सदस्य मुन्ना भगत ने बताया कि बाबा मट्टेश्वर धाम का शिवलिंग पौराणिक महत्व रखता है और मिट्टी खुदाई के दौरान यहां अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियाँ भी मिली हैं। जिससे स्थल की धार्मिक महत्ता और बढ़ गई है। पंडितों का कहना है कि श्रावणी व भाद्र मास में यहां चढ़ाया गया गंगाजल पाताल तक चला जाता है और शिवलिंग पर शिवगंगा का जल सदैव विद्यमान रहता है। न्यास समिति ने बताया कि इस बार पूजा-पाठ, जलाभिषेक और दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पूजा सामग्री की दुकानों, डाक-बम व बोल-बम यात्रियों के आवागमन, जल, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रबन्ध किया जा रहा है। उपाध्यक्ष मुन्ना भगत, सचिव संतोष कुमार सिंह, कृष्णा कन्हैया खैतान, फूलेश्वर रजक, संजीव जायसवाल, ललित झा, शिबु राय, मिलन कुमार, बबलू यादव सहित अन्य समिति सदस्य अंतिम तैयारियों में जुटे हैं। प्रशासन और समिति के संयुक्त निर्देश के मुताबिक 3 अगस्त 2026 की पहली सोमवारी पर हजारों श्रद्धालुओं के शांतिपूर्ण दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए सुरक्षा व व्यवस्थाओं को कड़ा करने के आदेश भी दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस, स्वास्थ्य और नागरिक आपदा विभागों से समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया जिससे भीड़ प्रबंधन तथा आपात स्थिति में त्वरित राहत सुनिश्चित हो सके। न्यास समिति ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे स्थल पर अनुशासन बनाए रखें, पर्यावरण एवं धार्मिक परंपराओं का सम्मान करें और आयोजकों के निर्देशों का पालन करें ताकि यह पुण्यतिथि सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावाः अपर समाहर्ता



समीक्षात्मक बैठक में अपर समाहर्ता व अन्य

**सहरसा (एनएसबी)।** षनिवार को अपर समाहर्ता श्री निशांत की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्थानीय संसाधनों, रोजगार की संभावनाओं एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप जिला कौशल विकास योजना को और अधिक प्रभावी एवं व्यावहारिक बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि जिला कौशल प्रतिवेदन के आधार पर जिला कौशल विकास योजना तैयार की जाए, ताकि जिले के युवाओं को स्थानीय मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे जिले के समग्र आर्थिक विकास को गति मिले। बैठक के दौरान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित बकरी पालन, सिलाई एवं मखाना उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जिला कौशल विकास योजना में शामिल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कृषि आधारित रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए तरबूज, केला एवं मक्का उत्पादन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी योजना में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ते रोजगार अवसरों को ध्यान में रखते हुए सोलर पैनल इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण को प्रारंभिक स्तर पर जिला कौशल विकास योजना में शामिल करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त हाउसकीपिंग, एसी एवं गीजर इंस्टॉलेशन तथा एनिमल हेल्थ वर्कर जैसे उभरते हुए रोजगारपरक क्षेत्रों को भी योजना का हिस्सा बनाने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिले में कुल 21 जॉब रोल्स के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कौशल विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अधिकाधिक रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस एवं परिणामोन्मुख कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक निदेशक नियोजन, सिविल सर्जन, वन क्षेत्र पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जीविका, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रस्तावित जेल निर्माण स्थल का जिला जज ने किया निरीक्षण

**गोगरी।** गोगरी में प्रस्तावित जेल निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की स्थिति, पहुंच मार्ग, उपलब्ध सुविधाओं तथा निर्माण कार्य से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मौजूद अधीनस्थ पदाधिकारियों को जिला जज ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भूमि से संबंधित सभी औपचारिकताओं एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आगे की कार्रवाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं न्यायिक विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिला जज को स्थल से संबंधित जानकारी दी और निर्माण प्रक्रिया की तैयारियों से अवगत कराया। निरीक्षण के बाद आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आगे की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। मौके पर डीसीएलआर राजकुमार, वार्ड पार्षद नितीश सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पत्नी ने पति पर किया थाना में शिकायत कार्रवाई की मांग

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के पचोत पंचायत अंतर्गत बड़ी भरना गांव में पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पीड़िता विक्रम ठाकुर के 22 वर्षीय पत्नी सिंधु कुमारी ने बेलदौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में पीड़िता ने पति पर किसी दूसरे महिला से अवैध संबंध होने का आरोप लगाई है। पीड़िता ने कहा कि जब हम अनैतिक संबंध का विरोध करती हैं, तो पति मेरे साथ गंभीर रूप से मारपीट करते हैं और अंततः उन्हें प्रताड़ित कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उनकी शादी लगभग 9 वर्ष पूर्व पूर्णिया जिले के रूपौली थाना क्षेत्र से विक्रम ठाकुर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति द्वारा लगातार उनके साथ मारपीट और शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना की जा रही है। पीड़िता के अनुसार, इस संबंध में जब गांव के सरपंच से शिकायत की गई, तो आरोपी पति ने पंचायत की बात मानने से इनकार कर दिया और प्रताड़ना का सिलसिला जारी रखा। इस मामले में बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है, जाँच के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क निर्माण कार्य की किया जांच की मांग

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के चौढ़ली पंचायत वार्ड 8 में हाजी सकुर मध्य विद्यालय चौढ़ली के मुख्य द्वार से होते हुए मोहम्मद समसुल एवं मोहम्मद अब्दुल मन्नान घर तक बनी मिट्टी भराई और ईंट सोलिंग वाली सड़क आज गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन से चार नंबर ईट का उपयोग सड़क के निर्माण कार्य में किया गया और काम को बीच-बीच में छोड़कर कहीं ईंट लगी है, कहीं सडक पर मिट्टी ही मिट्टी। नतीजा यह है कि सिर्फ तीन महीने में सड़क टूट कर धराशाही हो गई। अभी पूरी बरसात भी नहीं हुआ जो थोड़ी बहुत ईंट थी वो भी उखड़ गई। अब स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग कीचड़ में फिसलकर गिर रहे हैं। ग्रामीणों का सबसे बड़ा आरोप लगाया कि किस योजना एवं किस फंड से बनी, कितनी लागत लगी, ये बताने वाला बोर्ड तक नहीं लगा।लोगों का कहना है कि इस सड़क पर पीसीसी ढ़लाई होनी थी। इस संबंध में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा योजना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।लेकिन सवाल ये है - जांच कब होगी कार्रवाई कब होगी और तब तक बच्चे कैसे स्कूल जाएंगे। ग्रामीणों ने मांग किया है जल्द योजना की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की।

# सदर अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिलाधिकारी विक्रम वीरकर ने षनिवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने प्रसव विभाग का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी प्रसूता को प्रसव के कम-से-कम 24 घंटे बाद ही अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाए, ताकि प्रसूता एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य की समुचित निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अस्पताल के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से नियमित उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अगस्त 2026 से सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के वेतन का भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ पेयजल की समुचित उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर के सभी चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार लाइट लगाने के भी निर्देश दिए, ताकि कहीं भी अंधेरा न रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते डीएम।

## प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किया खाद दुकानों का निरीक्षण

**बेलदौर।** प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रभात रंजन ने बेलदौर बाजार स्थित तीन खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजीव खाद भंडार,श्री राम ट्रेडिंग और मां दुर्गा षि केंद्र पहुँचकर स्टक और बिक्री से संबंधित आवश्यक जानकारी लिया। निरीक्षण की खबर फैलते ही क्षेत्र के अन्य खाद विक्रेताओं के बीच हड़कंप मच गया।जाँच के दौरान प्रखंड षि पदाधिकारी ने पश मशीन और स्टक पंजी में दर्ज यूरिया, डीएपी तथा पोटाश की उपलब्धता का मिलान भौतिक रूप से गोदाम में रखे स्टक से किया। खाद की कालाबाजारी रोकने और वास्तविक किसानों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी ने वितरण पंजी में दर्ज कुछ किसानों से फोन पर बात की और उनसे खरीदी गई खाद के ब्यौरे का सत्यापन किया। प्रखंड षि पदाधिकारी प्रभात रंजन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही रासायनिक खाद की खरीदारी करें और अनावश्यक रूप से अधिक खाद का भंडारण न करें। इस औचक निरीक्षण के समय खाद दुकान के प्रोपराइटर राजीव कुमार, सुबोध कुमार, अशोक चौधरी, षि समन्वयक धर्मेंद्र कुमार एवं लेखापाल अजय कुमार सहित कई स्थानीय किसान उपस्थित थे।



जांच करते प्रखंड कृषि पदाधिकारी।

## 251 दीपों की दिव्य आभा से जगमगाया रुपौली शिव मंदिर

**परबत्ता।** पवित्र श्रावण मास में परबत्ता नगर पंचायत क्षेत्र के रुपोहली स्थित शिव मंदिर परिसर भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। गायत्री परिवार के साधकों एवं परिजनों के तत्वावधान में 251 दीपों का दीप महायज्ञ आयोजित किया गया। इस दौरान दीपों की रोशनी और गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिकुंज हरिद्वार के परिवाजक शशि कुमार के सान्निध्य में मां गायत्री, परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के विधिवत पूजन-अर्चन से हुआ। इसके बाद 251 दीप प्रज्वलित कर दीप महायज्ञ संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने धर्म, संस्कार और समाज निर्माण का संकल्प लिया। परिवाजक शशि कुमार ने कहा कि गायत्री मंत्र मानव जीवन के सर्वांगीण उत्थान का माध्यम है। साधना, स्वाध्याय और सेवा के जरिए व्यक्ति आत्मिक शांति के साथ समाज कल्याण में योगदान दे सकता है। उन्होंने संस्कारयुक्त परिवार और नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। गायत्री साधक ज्ञानचंद भगत ने दीप यज्ञ को अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक बताया। वहीं युवा प्रवक्ता श्रवण आकाश ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को भारतीय संसति और संस्कारों से जोड़ने के साथ सामाजिक समरसता एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में गीता देवी, पल्लवी प्रज्ञा, प्रियंका देवी, पायल सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में विश्व शांति, परिवार कल्याण और मानवता के मंगल की सामूहिक प्रार्थना की गई।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण।

## जनता दरबार में दस मामलों का किया गया निष्पादन

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस पूरी प्रक्रिया में अंचल लिपिक पंकज कुमार ने मामलों के दस्तावेजीकरण में आवश्यक सहयोग दिया। जनता दरबार में दस मामलों का हुआ निष्पादन हुआ। जनता दरबार में दोनों पक्षों की दलीलें और दस्तावेजों की गहन जांच के बाद वर्षो से लंबित चले आ रहे एक दर्जन से अधिक पुराने मामलों का आपसी सहमति से निष्पादन कर दिया गया। वहीं एक दर्जन से अधिक नए मामले भी दर्ज किए गए। प्रशासन ने इन सभी नए मामलों को पंजीत करते हुए दूसरे पक्ष के लोगों को उपस्थिति के लिए नोटिस जारी किया है। इन मामलों को अगली सुनवाई के लिए विचाराधीन रखा गया है। मौके पर थानाध्यक्ष अजीत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



-अधिकारी व अन्य।

## चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक, एसडीओ ने दिए आवश्यक निर्देश

**गोगरी।** आगामी चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने की। बैठक में एसडीओ ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चेहल्लुम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, जुलूस मार्गो का पूर्व निरीक्षण करने तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ चन्दन कुमार ठाकुर ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। सभी लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर गोगरी प्रमुख अशोक पंत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




एसडीओ व अन्य।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के महद्दीपुर स्थित राजकीय पलिटेक्कि में शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सहयोग से संस्थान के सेमिनार हल में एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रथम वर्ष और लेटरल एंट्री से द्वितीय वर्ष में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अवसाद, तनाव, चिंता, परीक्षा असफलता और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित था। उच्चतम न्यायालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रोगों के प्रबंधन और उनसे बचने के उपाय बताना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीके संजय ने तनावपूर्ण जीवनशैली, मानसिक अस्वस्थता और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नकारात्मक विचार जीवन को अस्त-व्यस्त कर देते हैं और यदि कोई तनाव के कारण नशे की लत में पड़ जाए, तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। इससे बचने के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक प्रबंधन सीखना आवश्यक है। उन्होंने नियमित रूप से पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद, योग-व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने और मन में हमेशा सकारात्मक विचार बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही, छात्र जीवन की चुनौतियों, परीक्षा के दबाव और प्रतिस्पर्धा से निपटने के व्यावहारिक तरीके साझा किए। संस्थान के प्राचार्य ड़ संजीव कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अकादमिक और व्यक्तिगत जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने में काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक पप्पू कुमार सहित संस्थान के अन्य व्याख्याता और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



-कार्यक्रम का उद्घाटन करते अधिकारी व अन्य।

# प्रधान शिक्षक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के एक निजी सभागार में प्रधान शिक्षक मिलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए उत्ष्ट कार्य करने वाले प्रधान शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान, नवाचार एवं विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार गौंड द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधान शिक्षक विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था की आधारशिला हैं। उनके नेतृत्व, नवाचार एवं समर्पण से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण विकसित हो रहा है। उन्होंने सम्मानित सभी प्रधान शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्ष्ट कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) नूपुर प्रसाद ने कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य के निर्माता हैं। प्रधान शिक्षकों की सक्रियता एवं नेतृत्व क्षमता से विद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन संभव हुआ है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर प्रधान शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बलबंत कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधान शिक्षकों की एकजुटता, नेतृत्व क्षमता एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा देने के लिए आयोजित इस पहल की सराहना की तथा इसे जिले के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण प्राथमिक विद्यालय जयंती ग्राम औता, प्रखंड गोगरी की शिक्षिका एवं साहित्यकार मधु कुमारी (विद्यार्थी) द्वारा रचित काव्य संग्रह का भव्य लोकार्पण रहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में जिले के अनेक प्रधान शिक्षक एवं शिक्षकगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से आशुतोष नंदन, सौरभ कुमार, नीरज यादव, जयजयराम, अंकित कुमार, आशुतोष कुमार, रमेश कुमार, दिनेश कुमार, अमृता प्रीतम तथा मुकेश चंद्रा सहित जिले के अनेक प्रधान शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा।समारोह की संपूर्ण रूपरेखा, योजना एवं सफल क्रियान्वयन का दायित्व प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार कन्हैया के नेतृत्व में संपादित किया गया। उनके नेतृत्व एवं सभी सहयोगी प्रधान शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम सुव्यवस्थित, प्रेरणादायी एवं याार बन सका।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, सम्मानित प्रधान शिक्षकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने, नवाचारों को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।



कार्यक्रम में प्रधान षिक्षक व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य विद्यालय सरैया के एचएम पर कार्रवाई, शिक्षिका को मिला प्रभार

**चौथम।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सरैया में संचालित मध्या भोजन में लगातार लापरवाही सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर विद्यालय के हेडमास्टर संजय कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया गया है। साथ ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका मीरा कुमारी को विद्यालय का प्रभार सौंपा गया है। विभागीय कार्रवाई के बाद अभिभावकों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि अब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से विद्यालय में परोसे जा रहे मध्या भोजन में बार-बार पिल्लु मिलने की शिकायत सामने आ रही थी। इस कारण छात्र-छात्राओं ने कई बार भोजन करने से इनकार किया और विद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन एवं हंगामा भी किया। मामला लगातार सुर्खियों में रहने के बाद शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लिया और पूरे प्रकरण की जांच कराई। जांच के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय में उपयोग किए जा रहे चावल के बोरे में अत्यधिक मात्रा में पिल्लु मौजूद थे। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और खराब खाद्यान्न का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद हेडमास्टर की ओर से उसी चावल से भोजन तैयार कर बच्चों को परोसा जाता रहा। इसे कर्तव्य में गंभीर लापरवाही मानते हुए डीईओ ने हेडमास्टर संजय कुमार सिंह को पद से हटाने का आदेश जारी किया। साथ ही उनसे पूरे मामले में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। गौरतलब है कि इस मामले में विभाग पहले भी कार्रवाई कर चुका है। विद्यालय में कार्यरत तीन शिक्षकों का प्रतिनियोजन पूर्व में ही अन्य विद्यालयों में किया जा चुका है। अब हेडमास्टर पर हुई कार्रवाई के बाद विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि बच्चों के स्वास्थ्य और एमडीएम योजना की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर, विभाग की इस कार्रवाई का स्थानीय अभिभावकों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि बच्चों के भोजन की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई होना आवश्यक था। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए प्रभार में विद्यालय की व्यवस्था में सुधार होगा तथा भविष्य में बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

### गोगरी में यूनिक यूडीआईडी कार्ड शिविर संपन्न

**गोगरी।** गोगरी के ट्राईसेम भवन में आयोजित दो दिवसीय दिव्यांगजन यूनिक यूडीआईडी कार्ड शिविर का समापन शनिवार को हुआ। इस कार्यक्रम मे दिव्यांगजन कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष पवन कुमार पासवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दिव्यांग जन कल्याण के जिला अध्यक्ष पवन कुमार पासवान ने बताया की इस शिविर में लगभग 75 दिव्यांगजनों का मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ ड़ आशीष कश्यप ने 52 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया, जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ ड़ अखलाक अख्तर ने 10 तथा मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ ड़ अमित कुमार ने 7 दिव्यांगजनों की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक सुमित कुमार बेरिया ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि कई ऐसे दिव्यांगजन भी शिविर में पहुंचे, जिनका यूडीआईडी कार्ड पहले से बना हुआ था। वहीं, एक दिवसीय बैटरी चालित ट्राइसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरणों की मरम्मत का कार्य भी नीतीश कुमार द्वारा किया गया, जिससे अनेक दिव्यांगजनों को राहत मिली। बताते चले कि दिव्यांगजन कल्याण समिति ने खगड़िया जिले के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की ओर से नेहा कुमारी के माध्यम से कराए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों और मरम्मत कार्यो का नियमित आयोजन किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। शिविर में सैकड़ों दिव्यांगजनों के साथ संगठन के कार्यकर्ता राहुल कुमार, अंशद आलम, दिलीप पासवान, रणवीर कुमार, गंगाराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पीड़ित ने मामले की जांच करने का किया मांग

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के बोबील पंचायत स्थित फुलवरिया गांव के रहनेवाले व्यक्ति ने एक कर्मी की कार्यशैली पर पर लोग सवाल उठा रहे हैं। पीड़ित का कहना है की जोत-आबाद वाली जमीन का गलत तरीके से दाखिल-खारिज कर दिया गया। इस संबंध में पीड़ित चतुरी शर्मा ने गोगरी भूमि सुधार उप समाहर्ता राजकुमार को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, फुलवरिया गांव निवासी चतुरी शर्मा जिस जमीन पर वर्षो से जोत-आबाद कर रहे थे, उसे पूर्व में ही खरीद चुके थे। आरोप है कि इसके बावजूद जमींदार मनोज कुमार सिंह और राकेश कुमार सिन्हा ने उसी जमीन को दोबारा गांव के ही दिनेश प्रसाद मिश्र के पुत्रों राकेश रंजन और ष्ण मोहन मिश्र के हाथों बेच दिया। इसके बाद, राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा पर आरोप है कि उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर विवादित जमीन का दाखिल-खारिज दिनेश प्रसाद मिश्र के पुत्रों के नाम कर दिया।पीड़ित चतुरी शर्मा का आरोप है कि जब उनका परिवार इस शिकायत को लेकर संबंधित अधिकारी से मिलने गया, तो अधिकारी उन पर भड़क उठे और उन्हें डांटकर भगा दिया। इस रवैये से पीड़ित परिवार और स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।कार्यालय में बैठकर ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर जमीन की फर्जी नापी दिखा दी गई। पीड़ित परिवार ने भूमि सुधार पदाधिकारी से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, म्यूटेशन को रद्द करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। हलांकि इस संबंध में संबंधित अधिकारी से बात नही हुई है।

### बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य खराब

**बेलदौर।** बेलदौर नगर पंचायत के क्षेत्र में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्य नालों और नालियों की नियमित साफ-सफाई न होने के कारण पूरा क्षेत्र नारकीय स्थिति में बदल चुका है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यपालक पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नकारात्मक रवैये के कारण यह नौबत आई है। स्थिति यह है कि नगर पंचायत क्षेत्र की अधिकतर नालियाँ कचरे से लबालब भरी हुई हैं और पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। नालियों का बदबूदार पानी अब सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। भीषण बदबू के कारण लोगों को अपने घरों के खिड़की-दरवाजे बंद रखने पड़ रहे हैं। वहीं जलजमाव की वजह से मच्छर और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जन प्रतिनिधियों का ध्यान आष्ट कराने की कोशिश की, लेकिन किसी ने भी इसकी सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की इस अनदेखी और कथित उदासीनता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने जिला प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप करने की मांग की है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी अमर प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली है जल्द से जल्द साफ सफाई नाला की करवा दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## आस्था की पवित्रता बनाए रखने के लिए पारदर्शिता जरूरी : अमित कुमार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंचायती राज पदाधिकारी बाढ़ एवं सामाजिक चिंतक अमित कुमार ने कहा कि आस्था की पवित्रता और विश्वास की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्था की साझा जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में आस्था केवल एक भावना नहीं, बल्कि उसकी आत्मा का आधार होती है।उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं को असहाय, अकेला या सीमित महसूस करता है, तब वह श्रद्धा, विश्वास और आस्था के सहारे अपने भीतर नई ऊर्जा और आत्मबल प्राप्त करता है। मंदिरों की घंटियां, मस्जिदों की अजान, गुरुद्वारों का कीर्तन और गिरजाघरों की प्रार्थनाएं मानव मन को शांति और आत्मिक संतुलन प्रदान करती हैं।अमित कुमार ने कहा कि आस्था का सबसे बड़ा आधार शुचिता, पवित्रता और पारदर्शिता है। किसी भी धार्मिक, सामाजिक अथवा पवित्र कार्य में ईमानदारी और उत्तरदायित्व का होना अत्यंत आवश्यक है। समाज द्वारा किसी भी धार्मिक या सामाजिक कार्य के लिए दिया गया सहयोग केवल आर्थिक योगदान नहीं होता, बल्कि उसमें लोगों की भावनाएं, विश्वास और अपेक्षाएं भी जुड़ी होती हैं।उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को समाज का एक बड़ा वर्ग अपनी संस्ति, परंपरा और आध्यात्मिक पहचान के रूप में देखता है। ऐसे में यदि किसी भी स्तर पर पारदर्शिता का अभाव दिखाई देता है तो लोगों के मन में स्वाभाविक रूप से प्रश्न उत्पन्न होते हैं। इसलिए आस्था से जुड़े सभी कार्यों में स्पष्टता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि अधिकांश धार्मिक और सामाजिक कार्य निस्वार्थ स्वयंसेवकों एवं सेवाभावी लोगों के प्रयासों से सफल होते हैं। ऐसे में किसी भी चर्चा का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था पर आरोप लगाना नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल होना चाहिए।आधुनिक समय में समाज अधिक जागरूक हुआ है और लोग अपने सहयोग के उपयोग के बारे में जानकारी चाहते हैं। यह अविश्वास नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व की अपेक्षा है। जब व्यवस्थाएं पारदर्शी होती हैं और संवाद बना रहता है, तब समाज का विश्वास और अधिक मजबूत होता है।उन्होंने कहा कि आस्था भय से नहीं, बल्कि विश्वास से संचालित होती है। धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की सबसे बड़ी पूंजी समाज का भरोसा होता है। यदि इस भरोसे की रक्षा ईमानदारी, शुचिता और नैतिक आचरण से की जाए तो आस्था की पवित्रता अक्षुण्ण बनी रहती है।

## पुण्यार्क सूर्य मंदिर, जहां उगते सूर्य के साथ जागती है आस्था की अनंत ज्योति

**बाढ़ ( दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की पावन धरती पर कुछ ऐसे तीर्थस्थल हैं, जहां पहुंचकर समय मानो ठहर जाता है, आस्था स्वयं बोलने लगती है और इतिहास सांस लेने लगता है। पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल से लगभग 13 किलोमीटर दूर गंगा तट पर अवस्थित पंडारक का द्वापरयुगीन पुण्यार्क सूर्य मंदिर ऐसा ही एक दिव्य धाम है, जहां श्रद्धा की किरणें सदियों से मानव जीवन को आलोकित करती आ रही हैं।

प्रातःकाल जब गंगा की लहरों पर सूर्य की प्रथम किरणें स्वर्णिम आभा बिखेरती हैं, तब पुण्यार्क धाम का वातावरण अलौकिक हो उठता है। मंदिर की घंटियों की ध्वनि, वैदिक मंत्रों का उच्चारण और श्रद्धालुओं की आस्था मिलकर ऐसा आध्यात्मिक संसार रचते हैं, जहां मन स्वतः ही भक्ति में डूब जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीष्ण के पुत्र साम्ब को कुष्ठ रोग का श्राप मिला था। राजवैभव, यौवन और सौंदर्य सब कुछ एक क्षण में नष्ट हो गया। निराशा और पीड़ा के उस अंधकार में उन्होंने सूर्य उपासना का मार्ग अपनाया। वर्षों की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान भास्कर ने उन्हें रोगमुक्त किया। उसी तज्ञता भाव में साम्ब ने देश के विभिन्न भागों में बारह सूर्य मंदिरों की स्थापना की, जिनमें पुण्यार्क सूर्य मंदिर को विशेष और सर्वाधिक पवित्र स्थान प्राप्त है। पंडारक का यह सूर्यधाम केवल पत्थरों से निर्मित मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय संस्ति और सनातन परंपरा का जीवंत इतिहास है। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित प्राचीन सूर्य प्रतिमा मानो आज भी सूर्यदेव की दिव्य उपस्थिति का अनुभव कराती है। सात घोड़ों के रथ पर आरूढ़ भगवान भास्कर की प्रतिमा ऊर्जा, परिश्रम और जीवन की अनंत गति का संदेश देती है।

# डीएवी क्लस्टर-4 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज, खिलाड़ियों ने ट्रैक व फील्ड में दिखाया दम




प्रतियोगिता का उद्घाटन करते सीडब्लूएम सहित अन्य।

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** डीएवी कालेज प्रबंधकर्तृ समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित डीएवी क्लस्टर-4 एथलेटिक्स ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता का जेएसए मैदान जमालपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। मेजबानी डीएवी पब्लिक स्कूल, जमालपुर कर रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक बिनय प्रसाद बर्नवाल ने ध्वजारोहण कर किया। विशिष्ट अतिथि आईआरआईएमईई के डीन प्रो़ प्रेम प्रकाश उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और समर्पण के साथ उत्ष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वहीं विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी रथ ने कहा कि डीएवी शिक्षा के साथ खेल एवं नैतिक मूल्यों के विकास के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है।प्रतियोगिता में डीएवी जमालपुर, मुंगेर, इटवानगर, एनएच-28, मोकामा, आईओसी बरौनी, हरख, महेशखूंट, पूर्णिया, मधेपुरा, बांका सहित विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दिनभर हुई ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। अंडर-14 वर्ग में डीएवी मुंगेर के एम़ एहतेशाम अली ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि डीएवी जमालपुर के समर कुमार ने 800 एवं 1500 मीटर दौड़ में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। लंबी कूद में जिग्याशु कुमार और बालिका वर्ग में जिया विजेता रहीं।अंडर-17 वर्ग में एनएच-28 के प्रियांशु कुमार ने 100 और 400 मीटर दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। डीएवी जमालपुर के आलोक राज ने 800 एवं 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। लंबी कूद में आयुष कुमार तथा ट्रिपल जंप में आशीष हेम्ब्रम विजेता रहे।अंडर-19 वर्ग में आईओसी के ष्ण कुमार ने 100 मीटर, आदर्श कुमार ने 400 मीटर तथा रामष्ण कुमार ने 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। डीएवी जमालपुर के अभिषेक कुमार ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। ट्रिपल जंप में कुमार रुद्र प्रताप एवं बालिका वर्ग में मेघा कुमारी, जबकि शट पुट में मो़ सैफी नवाब और नूपुर सिंह ने स्वर्ण पदक जीते।आयोजन समिति ने खिलाड़ियों,निर्णायकों और सहयोगी शिक्षकों की सराहना करते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के रोमांचक मुकाबले होंगे। पहला दिन अनुशासित आयोजन, बेहतरीन खेल भावना और उत्ष्ट प्रदर्शन के कारण याार रहा।

## शिवम हत्याकांड की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री से लगाएंगे गुहार

### बेटे के हत्यारों को सजा दिलाकर ही लेंगे दम

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर के चर्चित छात्र शिवम हत्याकांड में 17 दिन बीत जाने के बाद भी मामले का खुलासा नहीं होने से परिजनों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मृतक छात्र के माता-पिता ने अब मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाने का निर्णय लिया है। उनका आरोप है कि स्थानीय पुलिस की जांच से उन्हें कोई भरोसा नहीं रह गया है।मृतक के पिता वीरेंद्र बिद और मां सुनीता देवी ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के नाम पर लगातार टालमटोल की जा रही है। जब भी वे रिपोर्ट की जानकारी लेने थाना पहुंचते हैं उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। उन्होंने आशंका जताई कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहीं गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है। स्वजनों ने दावा है कि उनके बेटे की हत्या कर शव को गंगा में फेंका गया।जबकि पुलिस आत्महत्या की दिशा में जांच को मोड़ने का प्रयास कर रही है। स्वजनों ने यह भी आरोप लगाया कि नामजद आरोपित के पिता फौजी में होने के कारण मामले को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी और उन्हें सजा नहीं मिल जाती, तब तक वे न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे। माता-पिता ने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री सहित वरीय अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करेंगे। वहीं जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से की जा रही है और तथ्यों के आधार पर ही निष्कर्ष निकाला जाएगा।



जानकारी देते शिवम के माता-पिता।

## जनता दरबार के प्रति फरियादियों का बढ़ रहा विश्वास

### पहली बार जनता दरबार में 50 से अधिक मामले की हुई सुनवाई, एक दर्जन से अधिक मामले का हुआ निष्पादन

**जमालपुर (मुंगेर)।** अंचल कार्यालय जमालपुर में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में फरियादियों का भरोसा साफ तौर पर देखने को मिला। पहली बार जनता दरबार में 50 से अधिक भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई, जबकि आपसी सहमति के आधार पर एक दर्जन से अधिक मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।जनता दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने की। सुनवाई के दौरान जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान भी मौजूद रहे। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कई मामलों का आपसी समझौते के आधार पर तत्काल निपटारा कराया गया। वहीं शेष मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को भूमि विवाद के मामलों में त्वरित और पारदर्शी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने अंचल के सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि जितनी तेजी और निष्पक्षता से मामलों का समाधान होगा, जनता का विश्वास जनता दरबार के प्रति उतना ही मजबूत होगा। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भी मौके पर अपनी समस्याएं रखीं और प्रशासन की पहल की सराहना की। इस दौरान अंचल कार्यालय के कर्मचारी एवं फरियादी दिलेश्वर साह, दिनेश कुमार,अमर कुमार,कांता देवी, महेश,आमोद दास,कुमेश्वर दास, रामानंद सिंह उपस्थित रहे।



जनता दरबार में मामले की सुनवाई करते सीओ।

## कारखाना बचाने को लेकर मेंस यूनियन का शंखनाद

**जमालपुर(मुंगेर)।** ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा जमालपुर की ओर से रेल कारखाना के गेट संख्या-1 पर केंद्रीय एवं स्थानीय मांगों को लेकर गेट मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में यूनियन नेताओं ने जमालपुर कारखाना के अस्तित्व पर चिंता जताते हुए रेलकर्मियों से एकजुट होकर आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ईस्टर्न रेलवे कोअपरेटिव बैंक के निदेशक सह ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के उपाध्यक्ष अभिमन्यु पासवान ने कहा कि जमालपुर कारखाना एशिया का सबसे पुराना रेल कारखाना है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इसके अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि कारखाना को बचाने के लिए सभी रेलकर्मियों को एक मंच पर आकर संघर्ष करना होगा।शाखा के संयुक्त सचिव गोपाल जी, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल रमन, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह तथा सीसीएस देव शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि जमालपुर की अर्थव्यवस्था पूरी तरह कारखाना पर निर्भर है। इसके बावजूद कारखाना के कई कार्य लगातार आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कारखाना प्रशासन के प्रयासों के बाद भी रेलवे बोर्ड ने असिस्टेंट वर्कशप के करीब एक हजार रिक्तपदों पर नियुक्ति के लिए अब तक कोई वैकेंसी जारी नहीं की है। यूनियन नेताओं ने कहा कि इन मांगों को लेकर पहले रेलकर्मियों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। गेट मीटिंग में शाखा अध्यक्ष कमोज कुमार, शाखा सचिव परमानंद कुमार, महिला अध्यक्ष मधु देवी, महिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी एवं रेलकर्मी मौजूद रहे।




गेट मीटिंग को संबोधित करते यूनियन नेता।

## नन्हे कांवड़ियों ने दिखाई आस्था की मिसाल

**जमालपुर (मुंगेर)।** श्रावण मास की आध्यात्मिक छटा के बीच शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर, सफियाबाद के नन्हे विद्यार्थियों ने कांवड़ यात्रा निकालकर भक्ति और अनुशासन का अनूठा संदेश दिया। विद्यालय परिसर से कांवड़ लेकर निकले बच्चे पैदल नौलखा स्थित भोले बाबा मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर देश, समाज और विश्व कल्याण की कामना की।यात्रा के दौरान बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। केसरिया परिधान और कंधों पर सजी कांवड़ लिए नन्हे श्रद्धालुओं का उत्साह राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। बच्चों ने पूरे मार्ग में अनुशासन और श्रद्धा का परिचय दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमन कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बच्चों के साथ यात्रा में भाग लेकर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांसतिक आयोजन बच्चों में भारतीय संस्ति, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक संस्कारों के प्रति आस्था विकसित करते हैं तथा उन्हें अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम में युवा समाजसेवी पप्पू कुमार उर्फ पप्पी यादव भी शामिल हुए। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्ति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का यह सराहनीय प्रयास है। श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन से ओत-प्रोत इस कांवड़ यात्रा ने श्रावण माह के धार्मिक माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।



कावड़ यात्रा में शामिल स्कूली बच्चे,स़ स्कूल।

# एक शाम रफी के नाम में गूंजे सदाबहार नगमे, कलाकारों ने दी सुरों से श्रद्धांजलि

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** लायंस क्लब लौहनगरी जमालपुर की ओर से दरियापुर में महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि पर श्एक शाम रफी के नामश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शहर के कलाकारों ने रफी साहब के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरों से सजी इस संगीतमय संध्या में श्रोताओं ने भी गीतों का भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम का शुभारंभ मोहम्मद रफी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद निर्मल सक्सेना, आलोक कुमार, सुमन कुमार, मोहम्मद कैश, अमित कुमार, मुन्ना समेत अन्य कलाकारों ने रफी साहब के अमर गीतों को अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुति ष्न फनकार तुझसा तेरे बाद आएगा, मोहम्मद रफी तू बहुत याद आएगाष् ने उपस्थित श्रोताओं को भावुक कर दिया।सुमन कुमार ने ष्आज मौसम बड़ा बेईमान हैष्, निर्मल सक्सेना ने ष्नफरत की दुनिया छोड़, खुश रहना मेरे यारष् तथा आलोक कुमार ने ष्तेरे नाम का दीवाना, तेरे घर को ढूंढ़ता हैष् जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान रफी साहब के स्वर्णिम संगीत सफर को याद करते हुए कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को महान गायकों की विरासत से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

कार्यक्रम में लायंस क्लब लौहनगरी जमालपुर के अध्यक्ष सुमन कुमार शर्मा, सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, लायन रजनी कुमार, मनीष कुमार, सरिता शर्मा, एमएस लाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।




श्रद्धांजलि देते कलाकार एवं लायंस क्लब।

संक्षिप्त खबरें

## क्रांति दिवस के पूर्व संध्या पर सपा करेगी समाहर्णालय का घेराव

**मुंगेर।** मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक भवन में समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं के एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में देश प्रदेश और जिले की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सपाईयों से सजग रहने की अपील के साथ ही समाहरणालय से लेकर प्रखंड कार्यालय में व्याप्त अनियमितता सदर अस्पताल की कुव्यवस्था बढ़ते अपराध वासगीत पर्चा किसानों की समस्या और संगठन सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करते हुए आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। वहीं सीपीआई नेता बच्चू राय चंद्रवंशी एवं समाजसेवी महिला नेता नीलम देवी अरुण महतो सहित आधे दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि हम आपातकाल के उस दौर से गुजर रहे हैं जहां आंदोलन करने पर गोलियां लाठियां चलवाई जा रही है और मुकदमे में फसाया जा रहा है श्री यादव ने मुंगेर में हुए छात्रों परघ हुए मुकदमा बिना शर्त वापस लेने की मांग करते हुए कहा की मुख्यमंत्री के गृह जिले में दलित बस्ती में सड़क नहीं है,किसान को कोई सुविधा नहीं है भूमिहीन वासगित पर्चा के लिए जुझ रहा हैघ और आम आदमी सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं से त्रस्त हैं और शासन प्रशासन आम आदमी को निरिह पशु से ज्यादा कुछ नहीं समझती हैं और यह कतई बर्दास्त नही किया जाएगा। वहीं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार धार्मिक व जातियां उन्माद में उलझा कर पूरे देश में अराजकता फैला रही है सदन में जिसका जबाव सदन मे हमारे प्रमुख अखिलेश यादव और सडको पर हम सपाई दे रहे हैं।वही पार्टी महासचिव अशोक भारत प्रवक्ता गणेश पोद्दार जिला सचिव नकुल यादव मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम जमालपुर के नगर उपाध्यक्ष ड सुधीर गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने विसंगतियों पर सरकार को जमकर कोसा।बैठक के अंत में सर्वसम्मति से क्रांति दिवस के पूर्व संध्या पर 8 अगस्त को जिला समाहरणालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया।मौके पर महासचिव मिथलेश यादव महिला सभा के अध्यक्ष रंजन अराफात मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति सचिव सुधीर यादव गोपाल वर्मा रामानंद यादव छडपन मंडल सत्यजीत पासवान दिनेश साहू राजेश झा कालेश्वर महतो डब्ल्यू यादव मथुरी यादव लक्ष्मण मंडल चन्दन साहू विरेन्द्र दास सिद्ध कुमार सहित कई सपाई मौजूद थे।



बैठक करते समाजवादी पार्टी।

## दानापुर और पूर्णिया कोर्ट के मध्य दो जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**हाजीपुर।** अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-मानसी-सहरसा के रास्ते दानापुर और पूर्णिया कोर्ट के मध्य 02 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है - 1. गाड़ी सं 03201ध03202 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं 03201 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर परीक्षा स्पेशल 020826 एवं 040826 को पूर्णिया कोर्ट से 1600 बजे प्रस्थान कर 1830 बजे सहरसा, 2028 बजे मानसी, 2040 बजे खगड़िया, 2118 बजे बेगुसराय, 2150 बजे बरौनी, 2305 बजे समस्तीपुर, अगले दिन 0015 बजे मुजफ्फरपुर, 0145 बजे हाजीपुर, 0200 बजे सोनपुर एवं 0250 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए 0330 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं 03202 दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल 030826 एवं 050826 को दानापुर से 1930 बजे खुलकर 1945 बजे पाटलिपुत्र, 2038 बजे सोनपुर, 2050 बजे हाजीपुर, 2220 बजे मुजफ्फरपुर, अगले दिन 0030 बजे समस्तीपुर, 0155 बजे बरौनी, 0223 बजे बेगुसराय, 0258 बजे खगड़िया, 0318 बजे मानसी एवं 0555 बजे सहरसा रुकते हुए 0830 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी । इस परीक्षा स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 14, साधारण श्रेणी के 04 एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे । 2. गाड़ी सं 03207ध03208 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं 03207 पूर्णिया कोर्ट-दानापुर परीक्षा स्पेशल 030826 एवं 050826 को पूर्णिया कोर्ट से 1600 बजे प्रस्थान कर 1830 बजे सहरसा, 2028 बजे मानसी, 2040 बजे खगड़िया, 2118 बजे बेगुसराय, 2150 बजे बरौनी, 2305 बजे समस्तीपुर, अगले दिन 0015 बजे मुजफ्फरपुर, 0145 बजे हाजीपुर, 0200 बजे सोनपुर एवं 0250 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए 0330 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं 03208 दानापुर-पूर्णिया कोर्ट परीक्षा स्पेशल 040826 एवं 060826 को दानापुर से 1930 बजे खुलकर 1945 बजे पाटलिपुत्र, 2038 बजे सोनपुर, 2050 बजे हाजीपुर, 2220 बजे मुजफ्फरपुर, अगले दिन 0030 बजे समस्तीपुर, 0155 बजे बरौनी, 0223 बजे बेगुसराय, 0258 बजे खगड़िया, 0318 बजे मानसी एवं 0555 बजे सहरसा रुकते हुए 0830 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी । इस परीक्षा स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 05, साधारण श्रेणी के 07 एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 14 कोच होंगे । अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि रेलवे की स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठाएं।

## हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं को मिली सौगात

### भाजपा नेत्री नेहा सिंह ने कांवड़ियों के लिए बाढ़ से सुल्तानगंज तक साप्ताहिक बस सेवा की शुरुआत



नेहा सिंह भाजपा नेत्री,बाढ़।

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सावन माह में बाबा भोलेनाथ के प्रति आस्था और सेवा का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला, जब भाजपा नेत्री नेहा सिंह ने बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बाढ़ से सुल्तानगंज तक सप्ताह में दो दिन विशेष बस सेवा की शुरुआत कराई। हाथों में भगवा पताका और जुबां पर ष्हर-हर महादेवष् के जयघोष के बीच बस को श्रद्धालुओं के लिए रवाना किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिवभक्त, स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा विधायक ड सियाराम सिंह ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सावन के पवित्र महीने में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया गया यह प्रयास सेवा और जनसहभागिता का प्रेरक उदाहरण है।बस सेवा के माध्यम से बाढ़ क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सुल्तानगंज पहुंचने में सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा के लिए बेहतर आवागमन उपलब्ध हो सकेगा। श्रद्धालुओं ने इस जनहितकारी पहल का स्वागत करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और ष्जय शिव शंभूष तथा ष्बोल बमष के जयघोष से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# एक करोड़ की शराब बरामद

दैनिक नवसंदेश

**आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब की ओर से ट्रक में लोड कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जायी जा रही है।

सूचना के बाद सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, रजनीश कुमार ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने संयुक्त रुप से छापेमारी की गई। इसी क्रम में जगदीशपुर-पीरो रोड में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दलीपपुर मोड़ के पास से 14 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गयी। वाहन पर महाराष्ट्र का निबंधन संख्या अंकित है। टीम ने वाहन के चालक महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के लोहा थाना क्षेत्र के पांगरी गांव निवासी गोविन्द केशवा सूर्यवंशी एवं उसी गांव के अनित्य मारुती बुदुक को गिरतार कर लिया। दोनों को अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त वाहन से कुल 14,748 पीस में 8071.920 लीटर विदेशी शराब जब्त की गयी। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपए आका गया है। जब्त शराब पंजाब से बिहार के मुजफ्फरपुर ले जायी जा रही थी। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक राणा विकाश कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

**14 चक्का वाले ट्रक पर लोड थी शराब**



बरामद शराब और पकड़े गए तस्कर के साथ मद्य निषेध विभाग के अधिकारी।

**8,072 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए गए**

**पंजाब से बिहार के मुजफरपुर ले जायी जा रहा थी शराब**

## उच्च विद्यालय गड़हनी का संचालन गड़हनी से करने की मांग

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** निवर्तमान पंचायत गड़हनी के नाम पर पड़रिया में चल रहे उच्च माध्यमिक विद्यालय को नगर पंचायत गड़हनी में शिफ्ट करने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश राव ने की। राव ने सहयोग पोर्टल पर इसकी मांग से जुड़ा आवेदन दिया था। नगर पंचायत गड़हनी के गठन के पूर्व पड़रिया ग्राम पंचायत गड़हनी के अधीन था, उस वक्त उच्च माध्यमिक विद्यालय का संचालन पड़रिया विद्यालय से होता था, नगर पंचायत के गठन के दौरान पड़रिया ग्राम पंचायत काउप में सम्मिलित हो गया। ऐसे में काउप में दो-दो उच्च माध्यमिक विद्यालय हो गए। बंगवा पंचायत का धमनिया गांव नगर पंचायत गड़हनी में सम्मिलित किया गया जिससे धमनिया का प्लस टू विद्यालय गड़हनी में तो शामिल हुआ लेकिन सरकार द्वारा उसे मॉडल विद्यालय का दर्जा दे दिया गया। ऐसे में अधिकतर बच्चों का नामांकन उस विद्यालय में नहीं हो पाएगा जिससे गड़हनी के छात्रों को नामांकन कराने के लिए गड़हनी के बाहर अन्य पंचायतों में जाना पड़ेगा।

# घर में मिला काला हिरण दो लोगों पर एफआईआर

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** संरक्षित वन्यजीव काला हिरण को घर में रखने के आरोप में वन विभाग ने शाहपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वन विभाग के वनपाल श्रीनिवास प्रसाद के आवेदन पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दो लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले की मॉनिटरिंग जगदीशपुर के एसडीपीओ पंकज मिश्रा कर रहे हैं।

छापेमारी के दौरान शाहपुर, करनामेपुर, जगदीशपुर क्यूआरटी व बहोरनपुर थाने की पुलिस मौजूद रही। प्राथमिकी के अनुसार बिलौटी गांव निवासी पंकज त्रिपाठी के घर वन विभाग एवं स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार की देर रात संयुक्त रूप से छापेमारी की। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान घर से काला हिरण बरामद किया गया। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हिरण को बांधकर नहीं रखा गया था। कार्रवाई के दौरान पंकज त्रिपाठी के पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया जिसे बाद में छोड़ दिया गया। पंकज त्रिपाठी का कहना है कि काला हिरण को कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया था। 22 अप्रैल को उसे इलाज के लिए शाहपुर पशु चिकित्सालय में सरोज त्रिपाठी ले गए थे जहां उसका उपचार कराया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. मुकेश नारायण ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल काले हिरण का इलाज किया गया था।

**वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत बिलौटी में वन विभाग ने की कार्रवाई**

## संक्षिप्त खबरें

### सोन नदी में डूबे युवक का शव पांचवें दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में सोन नदी में डूबे युवक का शव पांचवें दिन बरामद हुआ है। मृतक इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी स्व. पबई रजवार का 40 वर्षीय पुत्र कन्हैया रजवार है।

### खांटी एग्रो व देवी ओझा ट्रस्ट ने मनाई अजित सिंह की पुण्यतिथि

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व सांसद एवं नेफेड के अध्यक्ष रहे अजित सिंह की 19वीं पुण्यतिथि पर शाहपुर में कृषि उत्पादक संगठन खांटी एग्रो एवं देवी ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर देवी ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव अभिनव कुमार ओझा, शिवशंकर सिंह, बबली पांडेय, संजय चौधरी, शशिकांत त्रिपाठी, सुरेश राय, राजकिशोर सिंह, शिवबली चौधरी आदि मौजूद थे।

### नवादा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**आरा।** नवादा थाना परिसर में शनिवार को चेहल्लुम के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने की। मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने चेहल्लुम पर्व को लेकर अपने सुझाव दिए तथा पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। मौके पर अधिवक्ता डी. राजन, नवीन प्रकाश, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, उमाशंकर ओझा, महेंद्र प्रसाद, श्रीकांत सिंह, अमरदीप कुमार जय, अब्दुल खालिद, एजाज करीम, शमशाद खान एवं मसूद आलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नामांकन शुल्क को लेकर प्राचार्य संग छात्र प्रतिनिधियों की बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय में बीसीए (सत्र 2026-29) नामांकन शुल्क को लेकर शनिवार को छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा विश्वविद्यालय इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानाचार्य से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों से दो बार आवेदन शुल्क लिए जाने का मुद्दा उठाते हुए पहले जमा कराए गए 800 रुपये लौटाने की मांग की। जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने बताया कि पहले महाविद्यालय ने बीसीए नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित कर छात्रों से 800 रुपये शुल्क लिया था। बाद में विश्वविद्यालय के निर्देश पर ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से दोबारा आवेदन करना पड़ा, जिसके लिए 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क जमा करना पड़ा। प्रधानाचार्य ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिन छात्रों का विश्वविद्यालय की चयन सूची में नाम आएगा, उनके प्रथम सेमेस्टर के नामांकन शुल्क से पहले जमा किए गए 800 रुपये समायोजित कर दिए जाएंगे। वहीं, जिन छात्रों का चयन नहीं होगा, उन्हें महाविद्यालय द्वारा पूर्व में जमा की गई 800 रुपये की राशि वापस कर दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में छात्र नेता विकास पासवान, बद्रीनारायण पाठक और सोनू उपाध्याय भी उपस्थित थे।

### बिलौटी पुनर्वास स्थल पर सुविधाओं का अनुश्रवण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिलौटी पुनर्वास स्थल पर पुनर्वासित परिवारों केलिए जिला प्रशासन द्वारा पेयजल, विद्युत, सड़क, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण किया जा रहा है। हाल ही में पेयजल की गुणवत्ता के संबंध में प्रकाशित समाचार का जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान लिया गया है। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पुनर्वास स्थल पर स्थापित कुल 06 चापाकलों में से वर्तमान में 05 चापाकल पूरी तरह कार्यशील हैं तथा उनके माध्यम से नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है। जिस चापाकल में तकनीकी कारणों से जलापूर्ति प्रभावित हुई है, उसे भी शीघ्र चालू कराने की कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि जिस नल के जल का नमूना लेकर प्रश्न उठाया गया है, वह उस समय कार्यशील नहीं था तथा हाल के जलभराव के कारण उससे नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही थी। तथापि, विषय की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा इसके उपरांत कार्यशील चापाकलों के जल नमूनों का सक्षम प्रयोगशाला में परीक्षण कराया गया, जिसकी प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सभी कार्यशील चापाकलों का जल पेयजल मानकों के अनुरूप पाया गया है।

### ईज ऑफ लिविंग के तहत 52 आवेदकों की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया द्वारा ईज ऑफ लिविंग के अंतर्गत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 52 आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की जिनकी जिला पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई की। सुनवाई के बाद जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

### बाल विकास सेवाएं एवं महिला एवं बाल विकास निगम की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समेकित बाल विकास सेवाएं एवं महिला एवं बाल विकास निगम, भोजपुर की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने पोषण ट्रैकर के सभी इंडिकेटर्स, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं कन्या उत्थान योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। गहन समीक्षा के उपरांत जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कार्योंका निष्पादन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करने को कहा।

## अवैध हथियार के साथ नाबालिग को पकड़ा, बाइक जब्त

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाने की पुलिस ने चंदा गांव के पास से अवैध हथियार के साथ एक नाबालिग को दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। वही एक बाइक को भी जब्त कर गया। जानकारी के अनुसार उक्त नाबालिग थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी है इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने ने बताया कि कोईलवर थाना पुलिस द्वारा चंदा-बबुरा मार्ग पर चंदा गांव के समीप वाहन चेकिंग किया जा रहा था। तभी बाइक सवार एक नाबालिग पुलिस को देख बाइक घूमाकर र भगाने का प्रयास करने लगा। तभी पुलिस ने उसे खदेडकर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना स्वच्छ व हरित ऊर्जा को देगी बढ़ावा : सुल्तानिया

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में पीएम सूर्यघर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, जनजागरूकता एवं समन्वय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रूफटप सोलर पैनल स्थापना हेतु 41 घरेलू उपभोक्ताओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सोलर स्थापना के उपरांत शून्य बिजली बिल प्राप्त कर रहे 05 लाभुकों को विद्युत उपकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया। योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 04 विद्युत कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण एवं सब्सिडी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विशेष स्टॉल भी मौके पर लगाए गए थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपनी बिजली खपत की नियमित निगरानी कर ऊर्जा की बचत एवं वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों को योजना के लक्ष्यों की शीघ्र प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ताओं के यहां निःशुल्क 11 किलोवाट रूफटप सोलर स्थापना के लिए अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कराने हेतु जनप्रतिनिधियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ऋण स्वीति पत्र प्राप्त करने वाले लाभुकों में श्रीमती मीणा पांडेय, श्री रविरंजन उपाध्याय, अनिल कुमार,. तिका राज, उदय नारायण राय, सीमा सिंह, विजय कुमार,राकेश रौशन, सहित कुल 41 लाभुक शामिल थे। शून्य बिजली बिल प्राप्त कर रहे लाभुकों में वीणा प्रसाद, कुमार आनंद, बबन चौधरी, संजय सिंह एवं अरविन्द को विद्युत उपकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उत्ष्ट कार्य के लिए ज्योति मिश्रा, दीपेंद्र कुमार शमी, सुमन कुमारी एवं गीतांजलि चौधरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, एलडीएम, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, सोलर विक्रेता, स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना से जुड़े प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी आदि थे।




पीएम सूर्यघर योजना से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी।

**पीएम सूर्यघर योजना के तहत 41 लाभुकों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए**

**डीएम ने दिया लक्ष्य की शीघ्र प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश**

# एनएचएआई ने टोल पर लागू की नई दरें

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर स्थित कुल्हड़िया टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को अब अधिक टोल शुल्क देना होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टोल दरों में संशोधन करते हुए नई दरें 1 अगस्त 2026 से लागू कर दी हैं। परियोजना कार्यान्वयन इकाई, पटना ने 31 जुलाई 2026 को आदेश जारी किया है।

एनएचएआई के अनुसार टोल दरों में संशोधन थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में हुए बदलाव के आधार पर किया गया है। नई दरों के तहत कार, जीप, वैन एवं हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) के लिए एकल यात्रा का शुल्क 110 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा का शुल्क 165 रुपये तथा 50 यात्राओं के मासिक पास का शुल्क 3,625 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार हल्के वाणिज्यिक वाहन, मिनी बस एवं एलजीवी के लिए एकल यात्रा 175 रुपये, वापसी यात्रा 265 रुपये तथा मासिक पास 5,860 रुपये होगा। बस एवं दो एक्सल ट्रक के लिए एकल यात्रा 370 रुपये, वापसी यात्रा 550 रुपये तथा मासिक पास 12,275 रुपये तय किया गया है।तीन एक्सल वाले वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा 400 रुपये, वापसी यात्रा 605 रुपये और मासिक पास 13,390 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं चार से छह एक्सल वाले भारी वाहनों के लिए एकल यात्रा 580 रुपये, वापसी यात्रा 865 रुपये तथा मासिक पास 19,250 रुपये होगा। सात या उससे अधिक एक्सल वाले ओवरसाइज वाहनों के लिए एकल यात्रा 705 रुपये, वापसी यात्रा 1,055 रुपये और मासिक पास 23,435 रुपये निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले गैर-व्यावसायिक वाहन मालिकों के लिए 360 रुपये का मासिक स्थानीय पास उपलब्ध रहेगा। प्राधिकरण ने टोल संचालन एजेंसी को निर्देश दिया है कि 1 अगस्त 2026 से संशोधित दरों के अनुसार ही टोल शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाए।

**कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहन के लिए एकल यात्रा का शुल्क 110 रुपये और 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा का शुल्क 165 रुपये निर्धारित**

# अफवाहों पर सतत निगरानी के साथ करें त्वरित कार्रवाई : राज



समाहरणालय सभागार में आयोजित चेहल्लुम के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग में मौजूद पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता व अन्य।

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुकूल वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में पुलिस अधीक्षक, एवं अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण हेतु किए गए प्रशासनिक एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बताया गया कि पूरे जिले में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि प्रत्येक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थल पर सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पूरी सतर्कता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था का प्रभावी संधारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। असामाजिक, शरारती, सांप्रदायिक, कट्टरपंथी एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर सतत एवं पैनी निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका पर तत्काल कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर लगातार पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने, जुलूसों में डीज़े एवं लाउडस्पीकर से संबंधित सरकारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने, सभी जुलूसों की अनिवार्य वीडियोग्राफी कराने तथा जुलूसों के आगे एवं पीछे पर्याप्त पुलिस एस्कर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर सतत निगरानी रखते हुए भ्रामक एवं भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

**चेहल्लुम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए एसपी ने की ब्रीफिंग**

# टीबी मुक्त भारत अभियान व प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर, मुत बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीबी रोगियों की पहचान, उपचार, निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्रों के सहयोग तथा टीबी उन्मूलन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभियान के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने टीबी मरीजों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने, उपचाराधीन मरीजों की नियमित एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने तथा जन-जागरूकता गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्क्रीनिंग कार्य को निरंतर एवं व्यापक स्तर पर जारी रखने, छाती का एक्स-रे एवं एन ए एटी परीक्षणों की संख्या में वृद्धि करने तथा सभी पात्र मरीजों को टीपीटी (टीबी से बचाव की थेरेपी) की दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही निक्षय पोर्टल पर मरीजों एवं उपचार संबंधी विवरणों का समयबद्ध अद्यतन सुनिश्चित करने तथा अभियान की नियमित मनिटरिंग करने पर भी बल दिया। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघरः मुत बिजली योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने योजना के अंतर्गत जिले में 9,000 से अधिक रूफटप सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लाभुकों के आवेदनों के त्वरित निष्पादन, समयबद्ध सत्यापन, तकनीकी स्वीति एवं स्थापना कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# सहकारिता के साथ क्षेत्र के विकास के प्रति भी समर्पित रहे अजीत बाबू

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सहकारिता के क्षेत्र में अप्रितम हस्ताक्षर एवं पूर्व सांसद अजीत कुमार सिंह की 19वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय मधुवन होटल में श्रद्धांजलि सह भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कई जिलों के जनप्रतिनिधि, शुभचिंतक एवं सहकारिता से जुड़े लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्व अजीत कुमार सिंह के धर्म पत्नी आरा और बिक्रमगंज के पूर्व सांसद मीना सिंह एवं बिस्कोमान तथा एनसीसीएफ के अध्यक्ष विशाल सिंह ने पूजा अर्चना के साथ पुष्प अर्पित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सहकारिता के साथ क्षेत्र के विकास में कई उपलब्धि हासिल की। उनके निधन के बाद उनकी धर्मपत्नी मीना सिंह ने भी आरा लोकसभा में उनके अधूरे कार्यो को आगे बढ़ाया। उनके पुत्र विशाल सिंह लगातार राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धि हासिल कर रहे। पूर्व सांसद मीना सिंह ने कहा कि लोगों के हे एवं प्यार का मैं सदैव ऋणी हूँ। मैं और मेरे पुत्र विशाल सिंह भी स्व अजित सिंह के बताए मार्ग पर चलकर आज लोगो की सेवा कर रहे है।

बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि जनता की सेवा में मैं और मेरा परिवार हमेसा से रहता है। आरा हमारा घर है और यहां के लोगो का विश्वास मेरे परिवार पर हमेसा रहा है। भजन संध्या का आयोजन प्रसिद्ध उद्घोषक रवि रंजन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विधायक महेश पासवान, विधान पार्षद सोनू राय, पूर्व विधायक सुनील पांडेय, मुन्ना तिवारी, विजयेंद्र यादव, प्रभुनाथ प्रसाद, भाई दिनेश, मेयर इंदु देवी, डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सरोज सिंह, पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडेय, बिस्कोमान बिहार झारखंड उपाध्यक्ष महेश राय, मनोज सिंह, डुमरांव महाराज सुपौत्र शिवांग सिंह रितेश सिंह, मदन तिवारी, राणा प्रताप सिंह, रामधनी भारती, राजनाथ सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गाराज, भीम पटेल, सुरेंद्र सिंह, मिथलेष कुशवाहा, हरेंद्र पांडेय, अशोक शर्मा, प्रेम रंजन चतुर्वेदी, ममता सिंह, हरेंद्र सिंह, सुषुम्लता कुशवाहा, सूर्यकांत पांडेय, शालिनी सिंह, संतोष चंद्रवंशी, उदय सिंह, गंगाधर पांडेय, पूनम कुशवाहा, वंदना राजवंशी, गुड्डू सिंह बबुआन, मुकुल सिंह, पुतुल गुप्ता, शशि चौधरी, राम दिनेश यादव, आदित्य विजय जैन, छोटक उपाध्याय, उमेश चन्द्र पांडेय,, सुधीर कुमार, जिला पार्षद सोनू रजक समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।



पूर्व सांसद के चित्रपर माल्यार्पण करतीं मीना देवी व अन्य।

**पूर्व सांसद अजीत कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में बोलीं मीना सिंह**

**मैं और मेरे पुत्र विशाल अजित सिंह के मार्ग पर चलते रहेंगे**

## मो. रफी व स्वतंत्रता सेनानी रामचंद्र की पुण्यतिथि मनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रमना पकड़ी रोड स्थित, आनंद हॉस्पिटल में स्वर सम्राट मोहम्मद रफी एवं स्वतंत्रता सेनानी रामचंद्र लाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. केएन सिन्हा ने की। डॉ. सिन्हा ने बताया कि उनके पिता रामचंद्र लाल स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी एवं बिक्रमगंज मानस सत्संग समिति के आजीवन अध्यक्ष रहे। वे मेहनती, जिंदादिल, धार्मिक एवं प्रेरक व्यक्तित्व के धनी थे। वहीं स्वर सम्राट मोहम्मद रफी के बारे में कुछ भी कहना, सूरज को दीपक दिखाना है। रफी को श्रद्धांजलि के रूप में एक शाम रफी के नाम का आयोजन किया, जिसमें शहर के गायकों अधिवक्ता पप्पू पुरुषोत्तम, दीपक जैन, रतन, प्रकाश सुमन आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अगस्त को निकलेगी ह्यशिक्षा बचाओ, देश बचाओ पदयात्रा, शिक्षकों ने की अधिकाधिक भागीदारी की अपील

**कुर्था (एनएसबी)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) के आह्वान पर आगामी 4 अगस्त 2026 को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में ह्यशिक्षा बचाओ, देश बचाओह्व के नारे के साथ कम से कम पांच किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इसे लेकर संघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिक्षकों, अभिभावकों एवं सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। गोप गुट के कुर्था प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, विद्यालयों के विलय एवं बंदी के खिलाफ जनजागरण फैलाना तथा शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है, जिसे बचाने के लिए व्यापक जनआंदोलन की आवश्यकता है। संघ की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पदयात्रा के माध्यम से लद्दाख के पर्यावरणविद सोनम वांगचुक सोनम वांचूक के आमरण अनशन के समर्थन में भी एकजुटता व्यक्त की जाएगी। इसके अलावा प्रधान शिक्षकों की समस्याओं का समाधान, विशिष्ट शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापक पद का समायोजन, विधान परिषद चुनाव में शिक्षकों को मतदान का अधिकार, शनिवार को हाफ डे की बहाली तथा सेवाकालीन शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त करने जैसी प्रमुख मांगें भी उठाई जाएंगी। संघ के महासचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि यदि समय रहते शिक्षा व्यवस्था को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में सरकारी शिक्षा व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज के लोगों से 4 अगस्त को आयोजित पदयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की।

### कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्याप्त कुव्यवस्था में आउटसोर्सिंग कर्मियों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में इन दिनों अव्यवस्था का माहौल होने का आरोप लग रहा है। सूत्रों के माने तो स्वास्थ्य केन्द्र कुर्था में मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिससे इलाज की व्यवस्था केवल खानापूर्ति बनकर रह गई है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में कार्यरत कुछ आउटसोर्सिंग कर्मी समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करते हैं। उनके कार्य के प्रति गैर जिम्मदाराणा हरकत के कारण साफ सफाई का कार्य काफी प्रभावित होते है। जानकारी के अनुसार सफाईकर्मी अस्पताल पहुंचने के बाद काम करने के बजाय आराम करते नजर आते हैं। हद तो तब हो जाती हैं जब सफाई कर्मियों के आराम फरमाने के जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार के पास पहुँचती हैं तो वो भी कई बार आउट सोर्सिंग के कर्मी होने के बात कह कर पल्ला झाड़ देते हैं। हालांकि कई बार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार निर्देश के बाद ही सफाईकर्मी सक्रिय होकर कार्य में जुटते हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब इस संबंध में आउटसोर्सिंग एजेंसी के अधिकारी रविभूषण कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि जिन कर्मियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं, उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आउटसोर्सिंग कार्य से हटा दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि इस बात के जानकारी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार से दूरभाष पर सम्पर्क करने का प्रयाश किया गया परन्तु संपर्क नही हो सका।

### होनहार छात्र को किया जा रहा सम्मानित

**अरवल (एनएसबी)।** अपने जिले और माता-पिता के नाम को रोशन करने वाली होनहार छात्रा अनामिका कुमारी को लगातार सम्मानित करने का सिलसिला जारी है इसी क्रम में जदयू के प्रदेश नेता संतोष कुशवाहा और विनोद सिंह ने उनके पैतृक गांव कोरियम जाकर पुष्प गुच्छ के साथ अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अनामिका की सफलता जिले क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है आने वाले समय में अनामिका की कठिन परिश्रम के परिणाम स्वरूप लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुशवाहा रोहित सिंह अपनी समर्थकों के साथ मौजूद रहकर छात्र के आत्मविश्वास को भरपूर समर्थन किया।

### शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता, समसामयिक विषयों पर छात्रों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

**जहानाबाद (एनएसबी)।** कोर्ट एरिया, घोषी रोड स्थित शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में शनिवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में







कक्षा 7 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने ग्लोबल वार्मिंग, भ्रष्टाचार तथा भारत में एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के भविष्य जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और लेखन कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 10 के अतुल कुमार ने प्रथम, कक्षा 9 की वारिशा परवीन ने द्वितीय तथा कक्षा 7 की वैष्णवी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कार एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा सिन्हा ने कहा कि निबंध लेखन से छात्रों की भाषा, संचार क्षमता एवं तार्किक सोच का विकास होता है। लेखन के माध्यम से विद्यार्थी अपने विचारों को व्यवस्थित, स्पष्ट और प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करना सीखते हैं। वरीय शिक्षक रोहित किशन ने कहा कि निबंध लेखन एक ऐसी कला है, जिससे व्यक्ति की आंतरिक प्रतिभा का प्रकटीकरण होता है तथा समाज और राष्ट्र के प्रति नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटे निबंध लेखन का अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक राजन कुमार ने किया, जबकि प्रतियोगिता की ज्यूरी टीम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक पी.एन. शर्मा ने की।

### 40वें जिला स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान और प्रभात फेरी से दिया जनजागरूकता का संदेश

**जहानाबाद।** 40वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलेभर में "सम्मान" थीम के तहत स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता, महिला सम्मान, महिला सुरक्षा तथा सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत अस्पताल मोड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान से हुई। जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर सार्वजनिक स्थलों की सफाई की और लोगों से स्वच्छ एवं सुंदर जहानाबाद के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने विद्यालयी बच्चों की प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी प्रभात फेरी में शामिल हुए। अस्पताल मोड़ से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी बत्तीसभबरिया, अंबेडकर चौक होते हुए कारगिल चौक तक पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, महिला सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# नवजात कन्या शिशुओं की माताओं को किया गया सम्मानित

**अरवल (एनएसबी)।** नवजात कन्या शिशुओं की माताओं को किया गया सम्मानित जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, लिंग समानता को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से लगातार विभिन्न जागरूकता एवं जनसहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सदर परियोजना, अरवल के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नवजात कन्या शिशुओं की माताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माताओं को सम्मान स्वरूप उपहार एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए



सम्मानित करते महिला प्रवेक्षिका।

बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं उनके परिजनों को बताया गया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य केवल बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक बेटी को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं तथा समान अवसर उपलब्ध कराना भी है। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। इस अवसर पर उपस्थित माताओं को नवजात शिशुओं के पोषण, नियमित टीकाकरण, स्तनपान, स्वच्छता तथा बालिकाओं की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी अभिभावकों से अपील की गई कि वे बेटियों को समान अवसर प्रदान करें तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बेटियों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा यह संदेश दिया गया कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा को सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा, ताकि समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और समानता की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## गर्मी और लगातार बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त, आम लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

**मेहंदिया (एनएसबी) ।** जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और कड़ाके की धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है और आवश्यक कार्य से निकलने वाले लोग भी गर्मी से बेहाल नजर आते हैं। मौसम की मार के बीच बिजली की अनियमित आपूर्ति लोगों की परेशानियों को और बढ़ा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पूरे दिन बिजली बार-बार काटी जा रही है। औसतन केवल 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि शेष समय लोग अंधेरे और उमस में रहने को मजबूर हैं। कई बार घंटों तक बिजली गुल रहने के बाद कुछ देर के लिए आपूर्ति बहाल होती है और फिर दोबारा काट दी जाती है। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।बिजली की इस लचर व्यवस्था का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। गर्मी और उमस के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में कठिनाई हो रही है। शाम के समय जब वे पढ़ाई के लिए बैठते हैं, तभी बिजली कट जाने से उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती है। वहीं छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात में बिजली नहीं रहने के कारण लोग ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है।दुकानदारों का कहना है कि बिजली की आंख-मिचौली के कारण उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से जुड़े प्रतिष्ठानों, साइबर कैफे, मोबाइल दुकानों तथा अन्य व्यवसायों में कामकाज बाधित हो रहा है। कई दुकानदारों को जनरेटर या इन्वर्टर का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनका खर्च भी बढ़ गया है। गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ी है, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर बताई जा रही है, जहां कई-कई घंटे लगातार बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट भी उत्पन्न हो रहा है। बिजली नहीं रहने से मोटर नहीं चल पा रहे हैं, जिससे लोगों को पानी भरने में भी परेशानी हो रही है।स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आम जनता का आक्रोश और बढ़ सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप कर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत किया गया सखी वार्ता का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** प्राथमिक विद्यालय में सखी वार्ता का आयोजन जिला पदाधिकारी अमृषा बैस के निदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यालय एवं वन स्टॉप सेंटर अरवल के द्वारा कन्या प्राथमिक विद्यालय मोथा अरवल में कक्षा 3 से 5 तक की बच्चियों के साथ सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रसाशक शिम्पू कुमारी, मनो सामाजिक परामर्शी प्रिया कुमारी एवं जिला हब के वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ कविता सिंह द्वारा बच्चियों को गुड टच और बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन उत्पीड़न आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अपने शरीर की सुरक्षा कैसे करें और किसी भी गलत हरकत की जानकारी तुरंत शिक्षक या अभिभावक को दें। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं नुकसान पर चर्चा की गई। बताया गया कि 18 वर्ष से पहले विवाह करने से पढ़ाई



सखी वार्ता में भाग लेती महिलाएं।

छूटती है. स्वास्थ्य खराब होता है और कुपोषण व प्रसव के समय खतरा बढ़ जाता है। इस संबंध में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम माला कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है।

## उत्कृष्ट राज्यकृत मध्य विद्यालय कुर्था में शिक्षक को भावभीनी विदाई

**कुर्था (एसएनबी) ।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के उत्कृष्ट राज्यकृत मध्य विद्यालय कुर्था में शनिवार को विद्यालय परिवार द्वारा सहायक शिक्षक युगेश कुमार युगल के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय परिसर भावुक माहौल में डूबा रहा। विद्यालय परिवार ने अंगवस्त्र, फूल-माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। युगेश कुमार युगल ने 9 फरवरी 2012 से विद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई, जबकि छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभव साझा करते हुए उन्हें समर्पित, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक बताया। प्रधानाध्यापक रामजी ठाकुर ने कहा कि युगेश कुमार युगल का विद्यालय के प्रति योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों की सफलता से होती है और इस कसौटी पर वे पूरी तरह खरे उतरे हैं। अपने संबोधन में युगेश कुमार युगल ने विद्यालय परिवार, सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुर्था विद्यालय में बिताया गया समय उनके जीवन की सबसे यादगार स्मृतियों में हमेशा शामिल रहेगा। इस समारोह में मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार भास्कर, मध्य विद्यालय मानिकपुर के शिक्षक राकेश कुमार, शिक्षक राकेश कुमार,आशुतोष कुमार सहित क्षेत्र के कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर महिलाओं को किया गया जागरूक

**अरवल (एनएसबी)।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी माला कुमारी के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह-2026 का आयोजन 01 अगस्त, 2026 से 07 अगस्त, 2026 तक जिलेभर में किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान माताओं एवं गर्भवती महिलाओं के बीच स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला पर्यवेक्षिकाओं (सुपरवाइजर) एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा अन्य महिलाओं के साथ जागरूकता बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों के माध्यम से स्तनपान के महत्व, उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों तथा नवजात शिशु के समुचित शारीरिक एवं


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं।

मानसिक विकास में उसकी भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बताया गया कि जन्म के पहले घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है तथा जीवन के प्रथम छह माह तक केवल माँ का दूध (एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग) ही शिशु के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है। छह माह के बाद ऊपरी आहार शुरू करने के साथ-साथ दो वर्ष अथवा उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने की भी सलाह दी गई। महिलाओं को यह भी जानकारी दी गई कि माँ का दूध शिशु को आवश्यक पोषक तत्व एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है, जिससे दस्त, निमोनिया एवं अन्य संक्रमणों का खतरा कम होता है। साथ ही यह माँ के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है तथा मातृ एवं शिशु के बीच भावनात्मक संबंध को और अधिक मजबूत बनाता है। इस अवसर पर सतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छत्ता, नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण तथा पोषण संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## जंगल बचाओ, जीवन बचाओ' थीम पर शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता

**जहानाबाद (एनएसबी)।** कोर्ट एरिया, घोषी रोड स्थित शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में शनिवार को "जंगल बचाओ, जीवन बचाओ" विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने जंगलों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा प्रकृति के महत्व को रंगों और कल्पनाशक्ति के माध्यम से आकर्षक चित्रों में उकेरा। प्रतिभागियों की कलाकृतियों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बचाने का प्रभावशाली संदेश दिया। प्रतियोगिता में ऋषभ कुमार (कक्षा-5) ने प्रथम, श्रुति कुमारी (कक्षा-7) ने द्वितीय तथा मो. फरहान (कक्षा-4) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा देवी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता, कल्पनाशक्ति एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक पेड़ लगाने और प्रकृति

**विद्यार्थियों ने रंगों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पी.एन. शर्मा, राजन कुमार, प्रमोद कुमार, रोहित किशन एवं मणिकांत कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों एवं विजेता छात्रों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## मनरेगा भुगतान में रिश्वतखोरी पर निगरानी का शिकंजा, 12 हजार रुपये लेते पंडौल पंचायत के मुखिया रंगेहाथ गिरफ्तार

**जहानाबाद (एनएसबी) ।** जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रतनी-फरीदपुर प्रखंड की पंडौल पंचायत के नंद किशोर राम मुखिया को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि पोखमा गांव निवासी प्रमोद कुमार ने मनरेगा योजना के तहत कार्य कराया था। कार्य पूरा होने के बाद भुगतान कराने के एवज में मुखिया द्वारा कथित रूप से 12 हजार रुपये कमीशन की मांग की जा रही थी। बार-बार रिश्वत की मांग से परेशान प्रमोद कुमार ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने पूरे मामले का सत्यापन



कराया। आरोप सही पाए जाने पर टीम ने योजनाबद्ध ढंग से जाल बिछाया। शिकायतकर्ता को निर्धारित राशि के साथ मुखिया के पास भेजा गया। जैसे ही मुखिया ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से तैनात निगरानी टीम ने नेहालपुर मोड़ के समीप उन्हें रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी मुखिया को अपने साथ ले गई। उनसे पूछताछ की जा रही है तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई जारी है। इस घटना के बाद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और मनरेगा से जुड़े लोगों के बीच हलचल तेज हो गई है। आम लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाइयाँ भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण साबित होंगी।

## पेपर लीक छात्र आंदोलन मामले की जांच को जहानाबाद पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

**जहानाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम शनिवार को पेपर लीक मामले को लेकर हुए छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज और फायरिंग की जांच के लिए जहानाबाद पहुंचे। कनौदी बाईपास पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।



प्रदेश अध्यक्ष ने सबसे पहले उस स्थल का निरीक्षण किया, जहां छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और फायरिंग किए जाने का आरोप है। इसके बाद उन्होंने ऊंटा मदारपुर और एरकी मोहल्लों में पहुंचकर उन छात्रों के परिजनों से मुलाकात की, जो इस मामले में गिरफ्तार किए गए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने निर्दोष छात्रों को घरों से उठाकर मारपीट की और फर्जी मुकदमों में जेल भेज दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कई ऐसे छात्रों के नाम भी मुकदमों में शामिल कर दिए गए, जो घटना के समय मौके पर मौजूद ही नहीं थे।